Page 11



खेल

जन-जन की वाणी...

हिन्दी दैनिक

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, पटना, आरा एवं दुमका से प्रकाशित

Page 09



देश

कृष्ण पक्ष, हस्त, विक्रम संवत् 2082 • औरंगाबाद • गुरूवार • 05 फरवरी 2026 • वर्ष 27 • अंक 66 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00



देविका सिहाग ने थाईलैंड मास्टर्स में जीत का श्रेय पीवी सिंधू को दिया, सुपर 300 खिताब...

कांग्रेस सरकार ने मनरेगा को वापस लाने की मांग की, कर्नाटक विस में पेश वीबी जी राम जी...


## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
|  |  |
| ₹ 1,47,150 | ₹ 3,20,000 |

## आज का इतिहास

**2010 :** भारतीय निशानेबाज अभिनव बिंद्रा ने नीदरलैंड इंटरनेशनल शूटिंग चैपियनशिप में 600 में से 596 अंक हासिल कर स्वर्ण जीता।

**2007 :** भारतीय मूल की सुनीता विलियम्स अन्तरिक्ष में सबसे अधिक समय बिताने वाली महिला बनीं।

## न्यूज बाइट्स

### ऋण स्वीकृति एवं वितरण के लिए राज्यभर में ऋण कैंप का आयोजन

**पटना (नि.सं.)।** बिहार सरकार के उद्योग मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल के निर्देशानुसार राज्य के सभी जिलों में ऋण स्वीकृति एवं वितरण को गति देने के उद्देश्य से विशेष ऋण कैंप का आयोजन किया जाएगा। उद्योग विभाग, बिहार सरकार से संबंधित केंद्र प्रायोजित योजनाओं—प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम तथा प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजनाके अंतर्गत ये ऋण कैंप 6 फरवरी 2026 एवं 12 मार्च 2026 को आयोजित होंगे। इन ऋण कैंपों में संबंधित जिलों के जिला पदाधिकारी, उद्योग विभाग के पदाधिकारी, जीविका के पदाधिकारी एवं बैंकों के वरीय अधिकारी सहभागिता करेंगे, ताकि पात्र लाभुकों को योजनाओं का लाभ सरल, सुलभ और त्वरित रूप से उपलब्ध कराया जा सके। विभाग का मानना है कि इस पहल से न केवल स्वरोजगार और उद्यमिता को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियों में भी तेजी आएगी, जिससे राज्य में रोजगार सृजन को नई मजबूती मिलेगी।

### भारत-किर्गिस्तान संयुक्त सैन्य अभ्यास 'खंजर' शुरू

**नई दिल्ली (ए.)।** भारत-किर्गिस्तान संयुक्त विशेष बल अभ्यास 'खंजर' का 13वां संस्करण बुधवार से असम के मिसामारी में शुरू हो गया। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि 17 फरवरी तक चलने वाला अभ्यास खंजर एक वार्षिक प्रशिक्षण कार्यक्रम है, जिसे भारत और किर्गिस्तान द्वारा बारी-बारी से आयोजित किया जाता है। इस अभ्यास का पिछला संस्करण पिछले वर्ष किर्गिस्तान में हुआ था।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का बड़ा फैसला, 55 पुराने शिक्षण संस्थान बनेंगे सेंटर ऑफ एक्सीलेंस

# 213 नए डिग्री कॉलेजों में जुलाई से पढ़ाई

निज संवाददाता | पटना

बिहार में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में एक बड़ा और ऐतिहासिक कदम उठाया गया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने घोषणा की है कि राज्य के 213 प्रखंडों में नए डिग्री कॉलेज इसी वर्ष खोले जाएंगे और आगामी शैक्षणिक सत्र जुलाई 2026 से इनमें पढ़ाई भी शुरू हो जाएगी। इसके साथ ही राज्य के 55 पुराने और प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित किया जाएगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को सोशल मीडिया के माध्यम से बताया कि यह निर्णय सात निश्चय-3 के चौथे निश्चय 'उन्नत शिक्षा–उज्ज्वल भविष्य' के तहत लिया गया है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि राज्य के प्रत्येक प्रखंड में कम से कम एक डिग्री कॉलेज उपलब्ध हो, जिससे छात्रों को, विशेषकर छात्राओं को, उच्च शिक्षा के लिए दूर-दराज के इलाकों में नहीं जाना पड़े।

सीएम ने कहा कि वर्तमान में बिहार के कुल 534 प्रखंडों में से 213 ऐसे प्रखंड हैं, जहां कोई भी अंगीभूत या संबद्ध डिग्री कॉलेज संचालित नहीं है। इसे ध्यान में रखते हुए सरकार ने पहले चरण में इन सभी 213 प्रखंडों में डिग्री कॉलेज खोलने और इसी वर्ष से शैक्षणिक गतिविधियां शुरू करने का निर्देश दिया है। इससे ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्रों के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा से जोड़ने में बड़ी मदद मिलेगी।

मुख्यमंत्री ने यह भी जानकारी दी कि राज्य के पुराने और प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों को आधुनिक स्वरूप देने के लिए उन्हें सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित किया जा रहा है। इसके तहत कुल 55 शिक्षण संस्थानों का चयन किया गया है। इन संस्थानों के उन्नयन के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जा रहा है। साथ ही, इन कॉलेजों और विश्वविद्यालयों के अनुभवी शिक्षकों, पूर्व छात्रों और वर्तमान छात्र-छात्राओं से विमर्श कर उनके सुझावों के आधार पर आगे की कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

### 50 वर्ष से अधिक उम्र के कलाकारों को पेंशन

राज्य सरकार ने पहली बार कलाकारों के लिए मुख्यमंत्री कलाकार पेंशन योजना की शुरुआत की है। इस योजना के तहत 50 वर्ष या उससे अधिक उम्र के पात्र कलाकारों को प्रति माह 3000 रुपये की पेंशन सीधे उनके बैंक खाते में दी जाएगी। जिले से अब तक स्थानीय कलाकार नवल भारती सहित दो कलाकारों ने इस पेंशन योजना के लिए आवेदन किया है।

### आधुनिक कला भवन और प्रशिक्षण की व्यवस्था

विभाग की ओर से कलाकारों की प्रतिभा को निखारने और उन्हें मंच उपलब्ध कराने के लिए व्यापक प्रयास किए जा रहे हैं। जिले में जल्द ही आधुनिक सुविधाओं से लैस कला भवन उपलब्ध कराया जाएगा, जहां विभिन्न विधाओं के कलाकारों को प्रशिक्षण भी दिया जाएगा।

### किसी भी उम्र के कलाकार कर सकते हैं पंजीकरण

जिले के कवि, कहानीकार, चित्रकार, गायक, वादक, नर्तक, उद्घोषक, शिल्पकार समेत कला के किसी भी क्षेत्र में सक्रिय कलाकार घर बैठे कभी भी ऑनलाइन पंजीकरण करा सकते हैं। पंजीकरण के लिए उम्र की कोई सीमा निर्धारित नहीं की गई है, जिससे युवा और वरिष्ठ दोनों कलाकार योजनाओं का लाभ ले सकेंगे।

### पंजीकरण न कराने पर नहीं मिलेगा मंच

कला संस्कृति विभाग ने स्पष्ट किया है कि केवल ऑनलाइन पोर्टल पर पंजीकृत कलाकारों को ही प्रखंड, जिला और राज्य स्तरीय कार्यक्रमों में शामिल किया जाएगा। ऐसे में सभी कलाकारों से अपील की गई है कि वे समय रहते पंजीकरण कराकर सरकारी योजनाओं का लाभ उठाएं। इस संबंध में कला संस्कृति पदाधिकारी, लखीसराय मृणाल रंजन ने बताया कि विभाग कलाकारों के सर्वांगीण विकास के लिए लगातार प्रयासरत है और डिजिटल पंजीकरण से कलाकारों को सीधे लाभ मिलेगा।

समय-सीमा में पूरा करने के दिए सख्त निर्देश

## मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पीएमसीएच पुनर्विकास कार्य का किया निरीक्षण



निज संवाददाता | पटना

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को पटना मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के पुनर्विकास एवं निर्माणाधीन कार्यों का निरीक्षण किया और अधिकारियों को कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में तेजी से पूर्ण करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने नवनिर्मित आपातकालीन भवन (फेज-1) के प्रथम तल पर रेडियोलॉजी विभाग में उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। अधिकारियों ने बताया कि रेडियोलॉजी विभाग में विश्वस्तरीय सीटी स्कैन और एमआरआई मशीनों सहित सभी आवश्यक आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

मुख्यमंत्री इसके बाद नवनिर्मित आपातकालीन भवन के पांचवें तल पर पहुंचे, जहां उन्होंने शिशु विभाग में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने एनआईसीयू (नियोनेटल इंटेंसिव केयर यूनिट) वार्ड, नर्स स्टेशन, स्वच्छ एवं मलिन वस्त्र भंडार सहित अन्य व्यवस्थाओं की बारीकी से समीक्षा की। उन्होंने अस्पताल परिसर में चल रहे पुनर्विकास और अन्य निर्माणाधीन कार्यों का भी जायजा लिया तथा अधिकारियों से परियोजना की प्रगति और वर्तमान स्थिति की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि पुनर्विकास परियोजना के तहत पीएमसीएच को 5462 बेड की क्षमता वाले अत्याधुनिक अस्पताल के रूप में विकसित किया जा रहा है। इस कार्य को तेज गति से आगे बढ़ाया जा रहा है ताकि मरीजों को विश्वस्तरीय चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

## डिफेंस कॉरिडोर और नए औद्योगिक क्षेत्र से बिहार में बढ़ेंगे रोजगार के अवसर : सम्राट चौधरी

- रक्षा क्षेत्र से जुड़ी औद्योगिक इकाइयों की स्थापना से बिहार की औद्योगिक क्षमता मजबूत होगी।
- निवेश बढ़ने के साथ-साथ तकनीकी दक्षता और कौशल विकास को भी प्रोत्साहन मिलेगा।



निज संवाददाता | पटना

उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बुधवार को कहा कि राज्य में डिफेंस कॉरिडोर का निर्माण कराया जाएगा। इससे न केवल बिहार की औद्योगिक क्षमता मजबूत होगी, बल्कि युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की बुधवार को पटना स्थित उनके आवासीय कार्यालय में रक्षा मंत्रालय की ओर से अध्ययन दौरे पर आए एनडीए (राष्ट्रीय सुरक्षा अकादमी) के वरिष्ठ अधिकारियों और विशेषज्ञों के साथ मुलाकात हुई। इस दौरान बिहार में प्रस्तावित डिफेंस कॉरिडोर की योजनाओं, संभावनाओं और विकास से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत और सार्थक चर्चा की गई।

सम्राट चौधरी ने कहा कि यह बैठक बिहार के औद्योगिक और सामरिक विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए सरकार युवाओं को रोजगार देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि पिछले पांच वर्षों में राज्य में 50 लाख से अधिक लोगों को सरकारी नौकरी और रोजगार उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने बताया कि इसी उद्देश्य से राज्य में उद्योगों को लगातार बढ़ावा दिया जा रहा है। गया जिले के डोभी क्षेत्र में एक विशाल इंडस्ट्रियल कॉरिडोर विकसित किया जा रहा है, जो आने वाले समय में बिहार के विकास का प्रमुख केंद्र बनेगा। सम्राट चौधरी ने कहा कि इसके साथ-साथ बिहार में सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग पार्क की स्थापना की जा रही है। भागलपुर सहित अन्य स्थानों पर नए औद्योगिक क्षेत्रों का भी विकास किया जा रहा है।

### अगले पांच वर्षों में एक करोड़ रोजगार का लक्ष्य

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने अगले पांच वर्षों में एक करोड़ नौकरी और रोजगार देने का लक्ष्य तय किया है। सरकार की प्राथमिकता है कि बिहार के लोगों को रोजगार के लिए बाहर न जाना पड़े और उन्हें अपने ही राज्य में बेहतर अवसर मिलें।

### रक्षा उत्पादन में भी बनेगा बिहार की पहचान

उन्होंने कहा कि डिफेंस कॉरिडोर के निर्माण से बिहार रक्षा उत्पादन और तकनीकी क्षेत्र में भी अपनी मजबूत पहचान बनाएगा। डबल इंजन की सरकार बिहार को उद्योग और रोजगार का हब बनाने के लिए निरंतर काम कर रही है। राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय की अध्ययन टीम के साथ हुई यह बैठक उसी दिशा में एक ठोस पहल है।

## भाजपा के राष्ट्रीय अध्यकक्ष नितिन नवीन नहीं जाएंगे राज्यसभा

- बिहार में रहकर सियासी संतुलन साधने की मोदी–शाह की रणनीति

निज संवाददाता | पटना

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद से ही नितिन नवीन को लेकर सियासी गलियारों में अटकलों का दौर तेज हो गया है। सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या वह राज्यसभा जाएंगे या फिर बिहार की राजनीति में विधायक के तौर पर सक्रिय बने रहेंगे। अब सूत्रों से जो संकेत मिल रहे हैं, उससे साफ होता है कि नितिन नवीन का राज्यसभा जाना फिलहाल तय नहीं है और वे विधायक के रूप में ही बिहार की जमीनी राजनीति को साधते रहेंगे। राजनीतिक जानकार इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की सोची-समझी रणनीति का हिस्सा मान रहे हैं।n दरअसल, नितिन नवीन के राज्यसभा न जाने की चर्चा को बल दिल्ली में उन्हें मिले सरकारी आवास से मिला है। उन्हें राजधानी के वीवीआईपी इलाके 1, मोतीलाल नेहरू मार्ग पर टाइप-8 सरकारी बंगला आवंटित किया गया है। डायरेक्टरेट ऑफ एस्टेट के नियमों के अनुसार किसी राष्ट्रीय पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष को, यदि वह केंद्रीय मंत्री या लोकसभा अथवा राज्यसभा सांसद नहीं है, तो टाइप-8 श्रेणी का आवास दिया जाता है। नितिन नवीन इस समय बिहार में विधायक हैं और पूरी तरह इस मानक पर खरे उतरते हैं। बताया जा रहा है कि वे अप्रैल में इस बंगले में शिफ्ट करेंगे, जबकि इसी अवधि में बिहार समेत देशभर में राज्यसभा की कई सीटों पर चुनाव होने हैं। ऐसे में उनके राज्यसभा



न जाने की अटकलें और मजबूत हो गई हैं। यह बंगला पहले झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन के आवास के रूप में जाना जाता था। उनके निधन के बाद यह आवास खाली हुआ और अब इसे बीजेपी अध्यक्ष को आवंटित किया गया है। इससे पहले नितिन नवीन को 9, सुनहरी बाग लेन में आवास मिला था, जो कांग्रेस नेता राहुल गांधी के आवास के नजदीक है।

लेकिन बताया जाता है कि वह उन्हें रास नहीं आया, जिसके बाद बदलाव का अनुरोध किया गया और सरकार ने उसे स्वीकार कर लिया। चर्चा यह भी है कि नितिन नवीन के गृह प्रवेश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह स्वयं शामिल हो सकते हैं। सियासी नजरिए से देखा जाए तो नितिन नवीन को बिहार में ही बनाए रखना भाजपा के लिए एक बड़ा दांव माना जा रहा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार में भाजपा बिहार की राजनीति को नए सिरे से संतुलित करना चाहती है। वहीं विपक्ष में तेजस्वी यादव के उभार और सीमांचल में असदुद्दीन ओवैसी की भूमिका को देखते हुए भाजपा को एक मजबूत, युवा और आक्रामक चेहरे की जरूरत है, जो पटना में रहकर संगठन और सरकार दोनों को साध सके।

बिहार में गर्ल्स हॉस्टल-लॉज के लिए सख्त नियम लागू

## पंजीकरण अनिवार्य और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत

निज संवाददाता | पटना

बिहार सरकार ने महिलाओं और छात्राओं की सुरक्षा को लेकर सख्त रुख अपनाते हुए राज्यभर के गर्ल्स हॉस्टल और लॉज के लिए नए और कड़े दिशा-निर्देश जारी किए हैं। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि महिलाओं को समान अवसर, सम्मान और सुरक्षित वातावरण देना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि अब राज्य के सभी गर्ल्स हॉस्टल और लॉज का पंजीकरण अनिवार्य होगा। प्रत्येक थाना क्षेत्र में संचालित हॉस्टलों की पूरी जानकारी संबंधित थाने में उपलब्ध कराई जाएगी, ताकि आवश्यकता पड़ने पर त्वरित कार्रवाई की जा सके। इस पूरी व्यवस्था की निगरानी महिला हेल्प डेस्क के माध्यम से की जाएगी।

हॉस्टल के कमरों वाले हिस्सों में पुरुषों के प्रवेश पर पूरी तरह से प्रतिबंध रहेगा। हॉस्टल में आने वाले प्रत्येक आगंतुक का नाम, मोबाइल नंबर और आधार विवरण विजिटर रजिस्टर में दर्ज करना अनिवार्य होगा। इसके अलावा परिसर में पर्याप्त रोशनी, बेहतर साफ-सफाई, मजबूत दरवाजे-ताले और खिड़कियों में लोहे की जाली सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। छात्राओं और स्टाफ की उपस्थिति पर नजर रखने के लिए बायोमेट्रिक सिस्टम लगाने पर भी जोर दिया गया है। आपात स्थिति से निपटने के लिए हॉस्टलों में 112 नंबर, स्थानीय थाना, महिला हेल्प डेस्क और अभया ब्रिगेड से संबंधित जानकारी वाले पोस्टर लगाए जाएंगे। छात्राओं को 112 इंडिया ऐप और उसके सुरक्षा फीचर्स के उपयोग के बारे में भी जागरूक किया जाएगा। उपमुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि पुलिस, महिला हेल्प डेस्क और अभया ब्रिगेड द्वारा हॉस्टलों की नियमित जांच की जाएगी। किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि या नियमों के उल्लंघन की स्थिति में तत्काल सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### 24 घंटे महिला वार्डन की तैनाती अनिवार्य

नए नियमों के तहत सभी गर्ल्स हॉस्टल और लॉज में 24 घंटे महिला वार्डन की तैनाती अनिवार्य कर दी गई है। इसके साथ ही वार्डन, सुरक्षा गार्ड, रसोइया और सफाईकर्मी समेत सभी कर्मचारियों का पुलिस सत्यापन कराया जाएगा। सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए हॉस्टल के मुख्य गेट, गलियारों, डायनिंग एरिया और परिसर के अन्य हिस्सों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे, जिनकी रिकॉर्डिंग कम से कम 30 दिनों तक सुरक्षित रखी जाएगी।

## एनपीजी की 108वीं बैठक संपन्न, पीएम गतिशक्ति के तहत सात सड़क परियोजनाओं पर मुहर

एजेंसी | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान (पीएमजीएस एनएमपी) के अंतर्गत बहुआयामी कनेक्टिविटी को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से अवसंरचना परियोजनाओं के नेटवर्क योजना समूह (एनपीजी) की 108वीं बैठक आयोजित की गई। यह बैठक उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) में संपन्न हुई, जिसमें सड़क अवसंरचना परियोजनाओं की समीक्षा पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय (एमओआरटीएच) की कुल सात परियोजनाओं का मूल्यांकन किया गया। इन परियोजनाओं का विश्लेषण प्रधानमंत्री गतिशक्ति के सिद्धांतों के अनुरूप एकीकृत बहुआयामी अवसंरचना, अंतिम मील कनेक्टिविटी और 'संपूर्ण सरकारी' दृष्टिकोण के तहत किया गया। इन पहलों से लॉजिस्टिक्स दक्षता बढ़ने, यात्रा समय घटने और सामाजिक-आर्थिक लाभ मिलने की उम्मीद जताई गई। तमिलनाडु में सलेम-कुमारपालयम खंड पर एनएच-544 के 102.035 किलोमीटर लंबे छह लेन कॉरिडोर के निर्माण का प्रस्ताव रखा गया है। यह परियोजना कोच्चि-कोयंबटूर-बेंगलुरु के व्यस्त आर्थिक कॉरिडोर का हिस्सा है। इसके तहत सर्विस रोड, जंक्शन, इंटरचेंज, फ्लाईओवर, आरओबी और पुलों का निर्माण एवं उन्नयन किया जाएगा। इससे औद्योगिक क्लस्टर, लॉजिस्टिक्स हब, एसईजेड, रेलवे टर्मिनल और आईसीडी तक पहुंच बेहतर होगी और कपड़ा, कृषि-प्रसंस्करण व विनिर्माण क्षेत्रों को लाभ मिलेगा। आंध्र प्रदेश में 189.93 किलोमीटर लंबी अमरावती आउटर रिंग रोड (ओआरआर) एक ग्रीनफील्ड परियोजना के रूप में प्रस्तावित है। इसका उद्देश्य विजयवाड़ा, गुंटूर और तेनाली जैसे शहरी क्षेत्रों में यातायात दबाव कम करना है। यह ओआरआर राष्ट्रीय जलमार्ग-4 से जुड़ेगी और मछलीपटनम व कृष्णापटनम बंदरगाहों तक कनेक्टिविटी बढ़ाएगी। परियोजना से यात्रा समय में 30-40% तक कमी आने की संभावना है। जम्मू-कश्मीर में रफीबाद-कुपवाड़ा-चौकीबल-तंगधार तक 62.10 किलोमीटर लंबी दो लेन सड़क को पक्के शोल्डर के साथ चौड़ा और मजबूत करने का प्रस्ताव रखा गया है। यह परियोजना सीमावर्ती गांवों, एलओसी के पास स्थित क्षेत्रों और सुरक्षा बलों की आवाजाही के लिए महत्वपूर्ण मानी जा रही है। इससे स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यटन और स्थानीय आजीविका को भी बढ़ावा मिलेगा। लद्दाख में फ्यांग से 48.108 किलोमीटर लंबे लेह बाईपास-1 के निर्माण का प्रस्ताव है, जो एनएच-01 और एनएच-03 को जोड़ेगा। यह ग्रीनफील्ड कॉरिडोर लेह शहर के भीड़भाड़ वाले इलाकों से यातायात को बाहर मोड़ेगा और हवाई अड्डे, औद्योगिक क्षेत्रों व दूरस्थ गांवों तक कनेक्टिविटी को मजबूत करेगा। इससे पर्यटन, व्यापार और निवेश को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

### पटना रिंग रोड से ट्रैफिक जाम में राहत

बिहार में पटना रिंग रोड परियोजना के तहत कन्हौली से शेरपुर तक 9.98 किलोमीटर लंबे छह लेन ग्रीनफील्ड राजमार्ग (एनएच-131जी) के निर्माण का प्रस्ताव है। यह एनएच-30 और एनएच-922 को जोड़ेगा और पटना व आसपास के क्षेत्रों में यातायात जाम कम करने में सहायक होगा। इससे बिहटा हवाई अड्डा, औद्योगिक और लॉजिस्टिक्स हब तक पहुंच भी बेहतर होगी।

### ओडिशा-झारखंड में ग्रीनफील्ड एक्सेस कंट्रोल्ड राजमार्ग

ओडिशा और झारखंड के बीच राउरकेला से सिथियो तक 156.10 किलोमीटर लंबे चार लेन एक्सेस-कंट्रोल्ड ग्रीनफील्ड राजमार्ग का प्रस्ताव रखा गया है। यह मार्ग एनएच-53, एनएच-19, एशियाई राजमार्ग नेटवर्क और गोल्डन क्वाड्रिलैटरल से जुड़ेगा, जिससे क्षेत्रीय और अंतरराज्यीय लॉजिस्टिक्स को मजबूती मिलेगी।

राज्यसभा में उठा पटना का नाम पाटलिपुत्र करने का मुद्दा, उपेंद्र कुशवाहा ने कहा

## पाटलिपुत्र केवल नाम नहीं, भारत के स्वर्णिम अतीत का गौरव

- कलकत्ताकोलकाता, उड़ीसाओडिशा, बंबईमुंबई जैसे नाम बदले गए, तो पटनापाटलिपुत्र क्यों नहीं?
- ऐतिहासिक पहचान की बहाली, सांस्कृतिक सम्मान और विरासत का संरक्षण।

निज संवाददाता | पटना



राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के दौरान राज्यसभा सदस्य एवं राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा ने राजधानी पटना का नाम बदलकर पाटलिपुत्र करने की जोरदार मांग उठाई। उन्होंने कहा कि पाटलिपुत्र नाम भारत के गौरवशाली इतिहास और मौर्य साम्राज्य की महान विरासत का प्रतीक है, जिसे पुनर्जीवित करना आज की पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत होगा। उपेंद्र कुशवाहा ने राष्ट्रपति के अभिभाषण का हवाला देते हुए कहा कि जब देश अपने अतीत के महान पड़ावों और पूर्वजों के योगदान को याद करता है, तो नई पीढ़ी को दिशा और प्रेरणा मिलती है। यही प्रेरणा "विकसित भारत" की यात्रा को गति देती है। उन्होंने कहा कि इन पंक्तियों से वह कालखंड स्मरण होता है, जब भारत को 'सोने की चिड़िया' कहा जाता था। राज्यसभा में अपनी बात रखते हुए कुशवाहा ने कहा कि मौर्य काल के दौरान भारत की सीमाएं आज के बांग्लादेश, भूटान, नेपाल और अफगानिस्तान तक विस्तृत थीं। उस समय बिहार—विशेषकर पाटलिपुत्र—विश्व का एक प्रमुख राजनीतिक, प्रशासनिक और सांस्कृतिक केंद्र था। आज भी उस युग के अनेक प्रतीक और अवशेष हमारे सामने मौजूद हैं।

उन्होंने कहा, "हमारी जिम्मेदारी बनती है कि इतिहास पर जमी धूल को साफ करें और उस गौरवशाली कालखंड को फिर से जीवंत करें।" उपेंद्र कुशवाहा ने तर्क देते हुए कहा कि देश में पहले भी कई शहरों के नाम बदले जा चुके हैं—कलकत्ता से कोलकाता, उड़ीसा से ओडिशा और बंबई से मुंबई। जब ऐसा संभव हुआ, तो पटना का नाम उसके ऐतिहासिक नाम पाटलिपुत्र में बदलने में क्या आपत्ति हो सकती है? उन्होंने जोर देकर कहा कि यह बदलाव किसी राजनीतिक एजेंडे से अधिक सांस्कृतिक और ऐतिहासिक सम्मान का विषय है।

356 दिन बाद हटा राष्ट्रपति शासन

## मणिपुर में एनडीए सरकार की वापसी युमनाम खेमचंद सिंह बने 13वें सीएम

एजेंसी | नई दिल्ली/इम्फाल



मणिपुर में 356 दिनों के लंबे अंतराल के बाद राष्ट्रपति शासन हटने के साथ ही एक बार फिर एनडीए की सरकार का गठन हो गया है। भाजपा नेता युमनाम खेमचंद सिंह ने मणिपुर के 13वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण की। बुधवार शाम इम्फाल स्थित लोकभवन में आयोजित समारोह में राज्यपाल अजय कुमार भल्ला ने उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। युमनाम खेमचंद सिंह मैतेई समुदाय से आते हैं। नवगठित सरकार में सामाजिक संतुलन को ध्यान में रखते हुए दो उपमुख्यमंत्रियों को भी शपथ दिलाई गई। नगा समुदाय से आने वाले नगा पीपुल्स फ्रंट के विधायक लोसी दिखो ने डिप्टी सीएम पद की शपथ ली। वहीं कुकी समुदाय से ताल्लुक रखने वाली भाजपा विधायक नेमचा किपगेन राज्य की पहली महिला उपमुख्यमंत्री बनीं। नेमचा किपगेन ने दिल्ली स्थित मणिपुर भवन से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शपथ ली।

इसी दिन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मणिपुर में लागू राष्ट्रपति शासन को हटाने की अधिसूचना जारी की।




## संक्षिप्त समाचार

### सोखोदेवरा के पूर्व मुखिया का निधन

**कौआकोल।** प्रखण्ड के सोखोदेवरा पंचायत के पूर्व मुखिया व सोखोदेवरा गांव निवासी वीरेन्द्र कुमार सिंह उर्फ बीरू सिंह का निधन हो गया। वे लगभग 60 वर्ष के थें एवं पिछले कुछ समय से बीमार चल रहे थें। उनके आकस्मिक निधन पर प्रखण्ड के लोगों में शोक की लहर दौड़ गई। प्रखण्ड उप प्रमुख नवीन यादव,सोखोदेवरा पंचायत के मुखिया रेखा देवी,पूर्व मुखिया लीला देवी,योगी त्यागनाथ,बिरेन्द्र वर्मा आदि ने पूर्व मुखिया के निधन पर गहरा शोक जताया है।

### कौआकोल में धूमधाम से मनाया गया शब-ए-बरात

**कौआकोल।** कौआकोल प्रखण्ड क्षेत्र में मंगलवार की रात शबे-ए-बरात का त्योहार अकीदत और एहतराम के साथ मनाया गया। प्रखण्ड मुख्यालय सहित कई गांवों में इस अवसर पर विशेष रौनक देखी गई। प्रखण्ड के विभिन्न गांवों की मस्जिदों में देर रात तक नमाज अदा की गई। युवाओं,बुजुर्गों और बच्चों ने अल्लाह से अपने गुनाहों की माफी मांगी। लोगों ने अपने परिवार, गांव, क्षेत्र और देश-दुनिया में अमन,शांति और भाईचारे के लिए दुआ की। इस रात का एक महत्वपूर्ण पहलू कब्रिस्तान जाना भी होता है। बड़ी संख्या में लोग अपने बुजुर्गों और परिजनों की कब्रों पर पहुंचे, फातिहा पढ़ी और उनके लिए मगफिरत की दुआ की। समाजसेवी व टिकोडीह गांव निवासी दानिश इकबाल सहित एजाज,नौशेरावान,इम्तेयाज,राजा,वकील,अक़ीब,इसरायल आदि ने बताया कि इस्लाम धर्म में शबे-ए-बरात को 'बड़ी रात' और 'मगफिरत की रात' कहा जाता है। मान्यता है कि इस रात अल्लाह अपने बंदों के गुनाह माफ करता है और आने वाले साल की तकदीर लिखी जाती है। इसी कारण लोग पूरी रात जागकर नमाज, कुरान की तिलावत, तौबा-इस्तेगफार और दुआ में मशगूल रहते हैं। इधर त्योहार को लेकर घरों में महिलाओं ने हलवा और मीठे पकवान बनाए,जिन्हें रिश्तेदारों और पड़ोसियों में बांटा गया। इससे गांवों में आपसी भाईचारे और सौहार्द का माहौल बना रहा। लोगों ने एक-दूसरे को शबे-ए-बरात की मुबारकबाद भी दी।

### शराब पीकर झगड़ा करने के मामले में दो एवं चार वारंटी गिरफ्तार भेजे गए जेल

**रजौली।** थाना क्षेत्र में पुलिस बलों ने बीते मंगलवार की रात्रि को शराब पीकर मारपीट करने वाले दो लोगों एवं चार फरार वारंटियों को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रणजीत कुमार ने बताया कि शराब पीकर मारपीट करने के मामले में हरदिया सेक्टर-ए निवासी स्व. नरेश सिंह के पुत्र राजेश कुमार एवं करिगांव निवासी संजय कुमार सिंह के पुत्र शुभम कुमार को गिरफ्तार किया गया है। वहीं दूसरी ओर थाना क्षेत्र के हरदिया एवं चितरकोली पंचायत क्षेत्र से चार वारंटियों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार वारंटियों में हरदिया सेक्टर-ए निवासी स्व. सरजू सिंह के पुत्र रणजीत सिंह व स्व. नरेश सिंह के पुत्र गुड्डू कुमार एवं गढ़ दिबौर गांव निवासी स्व. जवाहर चौधरी के पुत्र पप्पू चौधरी व संजय चौधरी शामिल है। थानाध्यक्ष ने कहा कि शराब पीकर मारपीट मामले में दोनों युवकों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। साथ ही कहा कि सभी गिरफ्तार लोगों को बुधवार को मेडिकल जांच के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

### बिहार राज्य भारत स्काउट एंड गाइड का छः दिवसीय कार्यक्रम प्रारम्भ

**वारिसलीगंज।** जिला सचिव राम अकवाल शाम के निर्देशन में बिहार राज्य भारत स्काउट एंड गाइड नवादा इकाई वारिसलीगंज में प्रथम सोपान 6 दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न आदर्श मध्य विद्यालय जमुआवां में की गई।

स्काउट गाइड में राष्ट्रपति पुरस्कृत सह एच डब्लू बी स्काउट प्रशिक्षक राजीव कुमार के द्वारा 6 टोली बनाकर नायक का नाम गुड़िया,अस्मिता,रागनी,मनीषा शिवानी,करिश्मा, प्रीति पुष्पांजलि,मनीष, दिवाकर को शिविर में नियम, प्रतिज्ञा,पिरामिड,समाज सेवा ,प्लास्टिक बहिष्कार ,साफ सफाई, अनुशासन,मानसिक,बौद्धिक, चारित्रिक, सिखलाया जा रहा है। सहायक शिक्षक अरविन्द तिवारी ने कहा कि यह प्रशिक्षण देश हित के लिए लाभकारी है यह प्रथम द्वितीय तृतीय सोपान प्रशिक्षण के बाद टेस्ट में पास होने पर राज पुरस्कार एवं राष्ट्रपति अवॉर्ड दी जाती है इनके संस्थापक बेडेन पॉवेल का लक्ष्य था कि 10 वर्ष से 17 वर्ष के बीच के बच्चों को स्काउट गाइड के माध्यम से राष्ट्रपति अवॉर्ड प्रमाण पत्र दिला देना। विद्यालय प्रधान परमानंद सिंह ने संबोधन करते हुए कहा कि स्काउट गाइड समाज सेवा , अनुशासन,ओर प्रशासन को दुर्गा पूजा,सड़क सुरक्षा सप्ताह,आदि कार्यों के छोटा पुलिस बल बनकर सेवा ,मदद करता है इसलिए इस प्रशिक्षण को प्राप्त कर अभी से ही आगे का लक्ष्य निर्धारित करे और देश के लिए काम करे। सभी प्रशिचथ स्काउट गाइड क़ो प्रमाण पत्र वाटा गया मौके उपस्थित नेहा कुमारी,आफताब आलम, श्यामली सिन्हा,उमेश प्रसाद आदि मौजूद थे।

### लाइसेंसी पिस्टल से हवाई फायरिंग करने वाला युवक हथियार के साथ थाना पर किया सरेंडर



**तुरकौलिया।** आखिरकार पुलिसिया दबिश के कारण लाइसेंसी पिस्टल से फायरिंग करने वाला युवक को पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण करना पड़ा। मामला वेलवाराय वरवाटोला का है। जहां गत शनिवार रात्रि को मनीष कुमार गिरी ने कुत्ते के भौंकने के विवाद में बकझक होने पर अपनी लाइसेंसी पिस्टल से अपने पटीदार के दरवाजे पर चार राउंड हवाई फायरिंग करके दहशत का माहौल बना दिया था। गांव के सभी लोग सहम हुए थे। घटना की सूचना पर पहुंचे सदर डीएसपी दिलीप कुमार ने आरोपी को तुरंत गिरफ्तारी कर कार्रवाई का आश्वासन दिया था। घटना के बाद से ही पुलिस आरोपी के संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी कर रही थी। जहां पुलिस दबाव को देखते हुए लाइसेंसी हथियार के साथ मनीष ने थाना पर सरेंडर कर दिया है। विदित हो कि गत शनिवार की रात्रि में अपने पालतू कुत्ते के साथ मनीष टहल रहा था। इसी दौरान उसके पड़ोसी नरेश गिरी परिवार के साथ घर जा रहा था। नरेश को देखते ही कुत्ते ने भौंकना शुरू कर दिया। नरेश ने कुत्ते को चुप कराने की बात कही। इसी बात पर विवाद इतना बढ़ गया कि मनीष अपनी लाइसेंसी हथियार से पड़ोसी के दरवाजे पर हवाई फायरिंग करने लगा। घटना के बाद से ही पुलिस मनीष को गिरफ्तार करने के लिए छापेमारी कर रही थी।

### मुख्यमंत्री दर्शन योजना के तहत अहमदपुर विद्यालय के बच्चों का शैक्षणिक भ्रमण

**बेगूसराय।** जिला शिक्षा पदाधिकारी, बेगूसराय के निर्देश पर उत्क्रमित मध्य विद्यालय अहमदपुर, बखरी के वर्ग 06 से 08 तक के छात्र-छात्राओं का मुख्यमंत्री दर्शन योजना के अंतर्गत शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। प्रभारी प्रधानाध्यापक दिलीप कुमार के नेतृत्व में कुल 50 छात्र-छात्राओं को बस द्वारा राजगीर एवं नालंदा ले जाया गया। शैक्षणिक भ्रमण का उद्देश्य बच्चों को बिहार के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं दार्शनिक स्थलों से प्रत्यक्ष रूप से परिचित कराना था। भ्रमण के दौरान बच्चों ने राजगीर एवं नालंदा के प्रमुख ऐतिहासिक स्थलों का अवलोकन किया और उनके ऐतिहासिक महत्व की जानकारी प्राप्त की, जिससे बच्चों में ज्ञानवर्धन के साथ सांस्कृतिक चेतना का भी विकास हुआ। भ्रमण के दौरान छात्र-छात्राओं की सुरक्षा एवं व्यवस्था को लेकर विशेष सतर्कता बरती गई। इस अवसर पर शिक्षक मनोज प्रसाद, सुमित कुमार, समिधा भारती, प्रभात कुमार, नौशाद आलम एवं कृष्ण कुमार के साथ विद्यालय शिक्षा समिति की सचिव बबीता देवी एवं अन्य समिति सदस्य भी मौजूद रहे। सभी के सहयोग से बच्चों का भ्रमण सुरक्षित एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। विद्यालय शिक्षा समिति एवं शिक्षकों ने इस शैक्षणिक भ्रमण को बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत लाभकारी बताया।

# रजौली में काराखुट मोड़ के समीप दो ट्रकों में भयंकर टक्कर, पुलिस के देरी से पहुंचने पर रोष

## एक ट्रक चालक की हुई मौत, दूसरे ट्रक का चालक और उपचालक फरार

निज संवाददाता। नवादा



सड़क दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर मौजूद लोग

रजौली थाना क्षेत्र के चितरकोली स्थित समेकित जांच चौकी से लगभग 2 किलोमीटर दूर काराखुट मोड़ के समीप बुधवार की दोपहर लगभग 1:30 बजे दो ट्रकों की आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। इस भयंकर सड़क दुर्घटना में एक ट्रक के चालक की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। मृतक ट्रक चालक की पहचान गया जिले के कोंच थाना क्षेत्र के मझियावां गांव के भेड़िया बिगहा गांव निवासी सीताराम यादव के 31 वर्षीय पुत्र रंजीत कुमार यादव के रूप में हुई है।

मिली जानकारी के अनुसार झारखंड की ओर से एल्यूमिनियम तार लोड करके आ रही ट्रक संख्या एनल01के5808 और नवादा की ओर से आ रही ट्रक संख्या बीआर01जीक्यू4393 में तीखे मोड़ के समीप टक्कर हो गई। इसमें ट्रक संख्या एनल01के5808 के चालक की मौत हुई है। वहीं दूसरे ट्रक में सवार रहे चालक और उपचालक गाड़ी को छोड़कर फरार हो गए।सड़क दुर्घटना के बाद यातायात बाधित हो गई। जाम फंसे राहगीरों द्वारा डायल 112 की टीम एवं रजौली थाना को दूरभाष कर सूचित किया गया। सूचना के बाद महज 10 मिनट में पहुंची डायल 112 की टीम और राहगीरों ने ट्रक में फंसे मृत चालक को जेसीबी की मदद से बाहर निकाला। वहीं रजौली थाने की पुलिस के घटनास्थल पर लगभग डेढ़ घंटे बाद पहुंचने पर राहगीरों में रोष व्याप्त था।

राहगीरों का कहना था कि यदि पुलिस सही समय पर आती,तो चालक की जान बचाई जा सकती थी। घटनास्थल पर मौजूद राहगीर आशु कुमार ने बताया कि उनके द्वारा 10 बार से अधिक थाना के नम्बर पर कॉल किया गया,किंतु एक बार भी फोन नहीं उठ सका।

इधर पुलिस बल घटनास्थल पर पहुंच ट्रक चालक को रजौली स्थित अनुमंडलीय अस्पताल पहुंची। अस्पताल में ड्यूटी में रही चिकित्सक डॉ. सारिका कुमारी ने बताई कि पुलिस एक व्यक्ति को अस्पताल लाई थी,जिसकी मौत अस्पताल पहुंचने से पहले हो चुकी थी।

इस संबंध में थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रंजीत कुमार ने बताया कि सड़क दुर्घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस बल घटनास्थल पर पहुंची है एवं ट्रक चालक को अस्पताल लाया गया। अस्पताल में चिकित्सक ने ट्रक चालक रंजीत कुमार यादव की मौत की पुष्टि की है। मृतक चालक के पैकेट से आधार कार्ड एवं ड्राइविंग लाइसेंस बरामद हुआ है। मृतक के परिजनों को सूचित किया गया है एवं शव को पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल नवादा भेजा गया है। दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को रास्ते से हटाकर यातायात शुरू करने को लेकर पुलिस जुटी हुई है।

# सड़क हादसे में मौत की जानकारी के बाद गांव में मचा कोहराम

निज संवाददाता। नरहट (नवादा)



मृतक का फाइल फोटो

जमुआरा पंचायत अंतर्गत काजीपुरा निवासी शिवानन्द प्रसाद यादव के 30 वर्षीय पुत्र जगत कुमार का मंगलवार को गयाजी मानपुर मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सीताकुंड के पास फल्गु पुल पर सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। मौत की जानकारी के बाद गांव में मातम पसर गया। स्वजनों का रो रो कर बुरा हाल है। बताया जाता है कि युवक साइकिल से ट्यूशन पढ़ाने जा रहा था इस दौरान एक तेज रफ्तार बाइक चालक ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे घटना स्थल पर ही उनकी मौत हो गयी। हादसे के बाद बाइक चालक फरार हो गया।

बताया जाता है कि युवक गेरे रोड में जगत कोचिंग सेंटर की शुरुआत की थी। परिजनों के अनुसार वे अपने कोचिंग सेंटर में पढ़ाने जा रहा था। लगभग तीन चार साल से गया में रह कर कम्पटीशन की तैयारी कर अपना खर्च ट्यूशन पढा कर निकाल रहा था। युवक शादीशुदा था और पत्नी मधु कुमारी और लगभग 5 माह का एक पुत्र के साथ गयाजी में रहता था। घटना मंगलवार करीब दो बजे दिन का बताया जाता है लेकिन घर वालों को सूचना 6 बजे शाम को मिला है। घटना के बाद गांव में मातम पसर गया। गांव से स्वजन गए पुलिस कार्रवाई और पोस्मार्टम के बाद शव को काजीपुरा गांव लाया गया। बुधवार को सुबह गांव के श्मशान घाट पर अंतिम संस्कार किया गया। मृतक दो भाई दो बहन में सबसे बड़ा था। घटना के बाद से स्वजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

# गैलेक्सी पब्लिक स्कूल ने मनाया वार्षिक उत्सव सह सम्मान समारोह

निज संवाददाता। कोटवा



प्रखंड के अहिरौलिया पंचायत अंतर्गत अहिरौलिया बाजार पर संचालित गैलेक्सी पब्लिक स्कूल अपना 8 वाँ वार्षिक उत्सव सह अभिभावक सम्मान समारोह बड़े ही धूमधाम एवं हर्षोल्लास के मनाया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन समाजसेवी मैनेजर यादव, श्री नारायण सिंह,पूर्व मुखिया सजावल राम, अजीत सिंह,राम एकवाल यादव, भुआली यादव,कमलेश यादव,बच्चा बिहारी यादव,पूर्व पैक्स अध्यक्ष विश्वनाथ सिंह,विकास यादव द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया।

इस मौके स्कूल के डायरेक्टर जितेंद्र प्रसाद यादव और अशोक कुमार कुशवाहा द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों एवं अभिभावक को फूल का माला पहनाकर एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस वार्षिक उत्सव में स्कूली बच्चों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित लोगो को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का सफल संचालन मुन्ना साहनी ने किया।पूर्व मुखिया सजावल राम,समाजसेवी मैनेजर यादव आदि द्वारा कार्यक्रम को संबोधित कर स्कूली बच्चों का हौसला बढ़ाया गया । मैनेजर यादव और कमलेश यादव द्वारा स्कूली बच्चों के बीच कौपी कलम, स्टूमन बॉक्स आदि पठन पाठन सामग्री का वितरण कर उनका हौसला अफजाई किया गया।

डायरेक्टर जितेंद्र प्रसाद यादव और अशोक कुमार कुशवाहा ने बताया कि हमारे यहां क्लास तीन से आठ के छात्रों को सैनिक स्कूल,नेतरहाट मिशन,जवाहर नवोदय विद्यालय,सिमुलतला, सीएचएस बनारस,मिलिट्री स्कूल आदि की तैयारी कराई जाती हैं। कार्यक्रम उपरांत स्कूल प्रबंधन द्वारा बच्चो के बीच सील्ड और ट्रॉफी का वितरण किया गया। मौके पर शिक्षक नितिन कुकर ,रविरंजन कुमार,शिक्षिका निशा कुमारी,अंजली कुमारी,मुस्कान कुमारी,रेखा कुमारी,निधि कुमारी सहित बड़ी संख्या में अभिभावक और ग्रामीण मौजूद थे।

# ससुराल गए युवक की संदिग्ध मौत

निज संवाददाता। नारदीगंज (नवादा)



थाना क्षेत्र के यदुपुर भदौर गांव में ससुराल गये युवक की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। घटना बुधवार की सुबह में हुई । मृतक नारदीगंज थाना क्षेत्र के फलडु निवासी स्व. सुनील चौधरी का 24 वर्षीय पुत्र राहुल कुमार बताया गया है। निधन की खबर पाते ही फलडु गांव में घर परिवार में मातम छा गया। लोगों को रो रोकर बुरा हाल हो रहा था। काफी संख्या में लोग पहुंचे, और शोक संतप्त परिवार को सांत्वना देने में लगे रहे। इधर, घटना की सूचना पर थानाध्यक्ष आदित्य कुमार पुलिस बल के साथ पहुंचे, और शव को जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल नवादा भेज दिया। थानाध्यक्ष के अनुसार मृतक के ससुराल वालों का कहना है कि वह दो दिन पहले अपने ससुराल यदुपुर भदौर आये थे। वे बीमार थे। अचानक बुधवार को अहले सुबह में तबयत खराब हो गई तो, इलाज के लिए पत्नी और सास नवादा लेकर जा रहे थे,तभी रास्ते में राहुल की मौत हो गई। उसके ससुराल में उसकी पत्नी के अलावा सास ,सरहज और बीमार श्वसुर गिरानी चौधरी रहते हैं। उसके साले परदेस में काम करता है। मृतक ई रिक्शा चालक है। कुछ माह पहले वह ई रिक्शा पर यात्री को लेकर अपने ससुराल गया था। तब उसके ई रिक्शा से सड़क हादसे होने पर लोगों ने राहुल के साथ मारपीट भी किया था। बेहतर इलाज नहीं होने से आये दिन अस्वस्थ रह रहा था। पुलिस के मुताबिक, मृतक के शरीर पर कोई जख्म का निशान नहीं पाया गया है। इधर,मृतक के घर वालों का आरोप है कि राहुल को उसके ससुराल वालों ने हत्या कर दिया है। राहुल का दो वर्ष पहले शादी हुई है। थानाध्यक्ष आदित्य कुमार ने कहा अभी तक पीड़ित पक्ष की ओर आवेदन अप्राप्त है,आवेदन के आलोक में कार्रवाई की जायेगी। वैसे पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा होगा।

# बगहा में सी मार्ट शुरू, बजट की योजनाओं की दी गई जानकारी



निज संवाददाता। बगहा

भाजपा महिला मोर्चा की ओर से बुधवार को बजट प्रस्तुतीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व उप सभापति सह जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा भाजपा बगहा रश्मि रंजन ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष अचिंत्य लल्ला मौजूद रहे। कार्यक्रम में शहर के विभिन्न वार्डों से पहुंची महिलाओं को केंद्र और राज्य सरकार द्वारा पेश किए गए बजट की प्रमुख योजनाओं की जानकारी दी गई।कार्यक्रम के दौरान ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक और कदम उठाते हुए C मार्ट का शुभारंभ किया गया। जिला महिला छात्रावास परिसर में स्थापित इस C मार्ट में जीविका दीदियों द्वारा तैयार किए गए उत्पादों की बिक्री की जाएगी। इससे स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को अपने उत्पाद सीधे बाजार तक पहुंचाने का अवसर मिलेगा।इस मौके पर बताया गया कि स्वराज रोजगार योजना के तहत 10 लाभार्थियों का चयन किया गया है। जांच प्रक्रिया पूरी होने के बाद उन्हें दो लाख रुपये तक की आर्थिक सहायता दी जाएगी, ताकि वे वक्ताओं ने कहा कि इस तरह की योजनाएं महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत करने के साथ-साथ उन्हें सम्मान और पहचान भी दिलाएंगी। कार्यक्रम में महिला मोर्चा की पदाधिकारी, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में स्थानीय महिलाएं मौजूद रहीं।

# पुलिस मित्र भर्ती के नाम पर बड़ा फर्जीवाड़ा ठगी नेटवर्क का भंडाफोड़, एसआईटी गठित

निज संवाददाता। मोतिहारी



बिहार के पूर्वी चंपारण जिले में एक फर्जी एनजीओ द्वारा 'पुलिस मित्र' बहाली के नाम पर करोड़ों रुपये की ठगी का मामला उजागर हुआ है। जालसाजों ने बेरोजगार युवकों को सरकारी नौकरी और 20 हजार रुपये प्रति माह वेतन का लालच देकर अपना शिकार बनाया। मामला संज्ञान में आते ही मोतिहारी के एसपी स्वर्ण प्रभात ने कड़ी कार्रवाई करते हुए कोटवा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी का आदेश दिया है।

**प्रशिक्षु IPS के नेतृत्व में SIT गठितः** ठगी की गहराई और इसमें शामिल बड़े नेटवर्क को देखते हुए एसपी ने एक विशेष जांच दल (SIT) का गठन किया है। इस टीम का नेतृत्व एक प्रशिक्षु आईपीएस (Probationer IPS) को सौंपा गया है। जांच के दायरे में केवल एनजीओ संचालक ही नहीं, बल्कि जिले के कई थानों के थानेदार भी आ गए हैं। आरोप है कि थानों में स्टेशन डायरी (सनहा) दर्ज कर पुलिस मित्रों की ज्वाइनिंग कराई गई, जिससे बेरोजगारों को इस फर्जीवाड़े पर भरोसा हो गया।

**मुजफ्फरपुर में ट्रेनिंग और थाने में आईडी कार्डः** ठगी का तरीका बेहद शातिराना था। एनजीओ ने युवकों को पहले मुजफ्फरपुर ले जाकर ट्रेनिंग दिलाई, ताकि उन्हें सब कुछ असली लगे। इसके बाद फर्जी तरीके से थाना परिसरों में ही उन्हें आईडी कार्ड वितरित किए गए। सूत्रों के मुताबिक, जिले के अरेराज, फेनहारा, ढाका, चिरैया और घोड़ासहन सहित कई थानों में इन युवकों की तैनाती की चर्चा है। जालसाजों ने थाना के चौकीदार और दफादार के बेटों को भी नहीं बख्शा और उनसे भी मोटी रकम वसूल ली।

**41 बेरोजगारों से वसूले 50 हजार से 1 लाख रुपयेः** प्रारंभिक सूचना के अनुसार, अब तक 41 बेरोजगार युवकों के साथ ठगी की बात सामने आई है। प्रत्येक युवक से 50 हजार से लेकर 1 लाख रुपये तक वसूले गए हैं। पैसे लेने के लिए 'पे-फोन' (डिजिटल पेमेंट) का भी इस्तेमाल किया गया, जिसका रिकॉर्ड अब पुलिस खंगाल रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि थानों की मिलीभगत के बिना इतना बड़ा खेल होना नामुमकिन था, क्योंकि पुलिस परिसरों का उपयोग विश्वास जीतने के लिए किया गया।

**दोषी पुलिसकर्मियों पर भी गिरेगी गाजः एसपीः** एसपी स्वर्ण प्रभात ने न्यूज़ टुडे से दो टूक शब्दों में कहा है कि इस मामले में किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने बताया, "पीड़ित युवकों के आवेदन पर केस दर्ज कर लिया गया है। एनजीओ संचालकों की तलाश में पुलिस दबिश दे रही है। यदि किसी थानेदार या पुलिसकर्मी की भूमिका संदिग्ध पाई गई, तो उनके विरुद्ध भी कठोर विभागीय और कानूनी कार्रवाई की जाएगी।" इस कार्रवाई से पूरे जिला पुलिस महकमे में हड़कंप मचा हुआ है।

**SIT की कारवाई, पुलिस मित्र बिहार प्रदेश अध्यक्ष का बोर्ड लगाए व्यक्ति गिरफ्तारः** SIT की कारवाई शुरू कर दी है। चिरैया थाना अंतर्गत छापामारी में पुलिस मित्र बिहार प्रदेश अध्यक्ष का बोर्ड लगाए व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। उससे पूछताछ जारी है। पुलिस मित्र ठगी का खेल कई जिले सहित राजधानी तक है जारी है। मुजफ्फरपुर, छपरा सहित पटना गांधी मैदान में पुलिस मित्रों को दी जाती है रोज ट्रेनिंग।

## गांधी की कर्मभूमि को जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय फलक पर किया गौरवान्वित : ऋतिक

# राष्ट्रपति के करकमलों से सम्मान के पश्चात बी. एन. पी. प्रोडक्शन प्राइवेट लिमिटेड ने जिलाधिकारी को किया सम्मानित

निज संवाददाता। मोतिहारी



विगत लोकसभा चुनाव एवं पिछले बिहार विधानसभा चुनाव में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर नये कीर्तिमान स्थापित करने वाले पूर्वी चंपारण के जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल को लगातार दूसरी बार भारत की महामहिम राष्ट्रपति के करकमलों से सम्मानित किए जाने को लेकर चंपारण एवं बिहार गौरवान्वित है।विगत विधानसभा चुनाव में निर्वाचन प्रक्रिया मे उत्कृष्ट तकनीक अनुप्रयोग के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान पर चयन किए जाने के पश्चात राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा राष्ट्रीय मतदाता दिवस ( 25 जनवरी 2026) के अवसर पर जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल के सम्मानित होने के उपलक्ष्य में बी.एन.पी. प्रोडक्शन प्राइवेट लिमिटेड ने जिलाधिकारी के कार्यालय कक्ष मे उन्हें सम्मानित किया।बी. एन.पी. प्रोडक्शन प्राइवेट लिमिटेड के निर्देशक ऋतिक विराज पाण्डेय के नेतृत्व मे प्रोडक्शन की टीम ने जिलाधिकारी श्री जोरवाल को अंगवस्त्रम्, मेमेंटो एवं पुष्पगुच्छ प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया तथा उन्हें इस ऐतिहासिक कीर्ति के लिए अपनी शुभकामनाएँ व बधाईयाँ दीं।इस अवसर बी. एन. पी. प्रोडक्शन प्राइवेट लिमिटेड के निर्देशक ऋतिक विराज पाण्डेय ने कहा कि अपने श्रेष्ठतम कार्यो की बदौलत जन-जन के बीच अत्यंत लोकप्रिय जिलाधिकारी श्री जोरवाल ने बापू की प्रयोगभूमि के विकास मे अप्रतिम योगदान दिया है, जिससे बापू का यह कर्मक्षेत्र प्रगतिपथ पर अग्रसर है और इसे सदियो तक याद किया जाएगा। पाण्डेय ने कहा कि विधानसभा चुनाव में निर्वाचन प्रक्रिया में उत्कृष्ट तकनीक अनुप्रयोग के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान पर चयनित किए जाने के पश्चात राष्ट्रपति के हाथों पुरस्कार प्राप्त कर जिलाधिकारी श्री जोरवाल ने कीर्तिमान स्थापित कर पूरे चंपारण एवं बिहार को गौरवान्वित किया है।वही, मौके पर मौजूद बी.एन.पी. प्रोडक्शन प्राइवेट लिमिटेड के हेड ऑफ प्रोडक्शन प्रतीक राजवीर ने कहा कि जिलाधिकारी सौरव जोरवाल अत्यंत प्रतिभाशाली एवं कुशल प्रशासक हैं। मोतिहारी, बिहार ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर लगातार दूसरी बार महामहिम राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित जिलाधिकारी हैं। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ियाँ सदियों तक जिलाधिकारी की ऐतिहासिक कृतियों, उपलब्धियों एवं उनके कार्यों को शायद ही भूला पाएंगी। जिलाधिकारी श्री जोरवाल ने इस सम्मान के लिए बी. एन.पी. प्रोडक्शन प्राइवेट लिमिटेड के प्रति आभार प्रकट किया।मौके पर प्रोडक्शन की ओर से प्रतीक राजवीर, आदित्य सिंह, अनिल कुमार मौजूद रहे।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### बेलागंज थाना पुलिस ने इश्तेहार वारंटी को किया गिरफ्तार, लंबे समय से था फरार

**गयाजी**। गया जिले के बेलागंज थाना क्षेत्र में पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर कार्रवाई करते हुए एक इश्तेहार वारंटी को गिरफ्तार किया है। लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी सत्येंद्र चौधरी को पुलिस ने ओर गांव से दबोचा, जिससे क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को लेकर पुलिस की सक्रियता एक बार फिर सामने आई है। बेलागंज थाना प्रभारी मनोज कुमार पांडे ने बुधवार को बताया कि सत्येंद्र चौधरी के खिलाफ न्यायालय से इश्तेहार जारी किया गया था। इसके बावजूद वह लगातार फरार चल रहा था। न्यायालय के निर्देशों के आलोक में थाना स्तर पर फरार वारंटियों की गिरफ्तारी को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि सत्येंद्र चौधरी ओर गांव में छिपा हुआ है। सूचना का सत्यापन करने के बाद पुलिस टीम ने गांव में छापेमारी की और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद उसे थाने लाकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की गई। प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। थाना प्रभारी ने कहा कि फरार अपराधियों और वारंटियों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

### फार्मर रजिस्ट्री कार्य में तेजी लाने के निर्देश, सिर्फ 41 प्रतिशत किसानों का हो सका है रजिस्ट्रेशन

#### टीम की संख्या बढ़ाने का निर्णय



**नालंदा**। नालंदा में जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार ने फार्मर रजिस्ट्री कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने के सख्त निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान यह जानकारी सामने आई कि जिले में अब तक मात्र 41 प्रतिशत किसानों का ही रजिस्ट्रेशन हो सका है, जो लक्ष्य से काफी पीछे है। जिला कृषि पदाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि जिन किसानों का फार्मर रजिस्ट्री का कार्य अभी तक पूरा नहीं हो सका है, उनकी एक विस्तृत सूची तैयार की जाए। एक-एक किसान की समीक्षा करने और रजिस्ट्रेशन के लिए आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराने में किसानों की मदद करने पर जोर दिया।

**हर हाल में काम पूरा करने के निर्देश:** जिलाधिकारी ने CSC केंद्रों और कैंपों का नियमित निरीक्षण करने और फार्मर रजिस्ट्री की प्रगति की सघन समीक्षा करने का भी आदेश दिया। कार्य में गति लाने के लिए टीमों की संख्या बढ़ाने का निर्णय लिया गया। अपर समाहर्ता को फार्मर रजिस्ट्री से जुड़े राजस्व संबंधी कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने के कहा गया है। जिला पदाधिकारी ने कहा कि महाअभियान के तहत किसानों द्वारा परिमार्जन के लिए दिए गए आवेदनों को भी ट्रैक किया जाए और उनका निस्तारण करते हुए रजिस्ट्रेशन का कार्य पूरा कराया जाए। कुंदन कुमार ने स्पष्ट किया कि हर हाल में निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति सुनिश्चित की जानी चाहिए। उन्होंने योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने और किसानों को अधिकतम सुविधा उपलब्ध कराने पर बल दिया।

# वजीरगंज के युवक की चंडीगढ़ में सड़क हादसे में मौत

## होली पर घर लौटने का वादा, अगले ही दिन बुझ गया चिराग

निज संवाददाता। वजीरगंज

वजीरगंज प्रखंड के पतेड़ मंगरावां पंचायत अंतर्गत कधरिया गांव में बुधवार की सुबह उस समय मातम पसर गया, जब गांव के एक युवक की चंडीगढ़ में सड़क दुर्घटना में मौत की खबर पहुंची। मृतक की पहचान पवन कुमार दास (28) के रूप में हुई है, जो रोजी-रोटी की तलाश में चंडीगढ़ में मजदूरी करता था। परिजनों के अनुसार, पवन ने मंगलवार की रात करीब 9:30 बजे घरवालों से फोन पर बात की थी। उसने भरोसा दिलाया था कि होली तक वह गांव लौट आएगा, लेकिन किसे पता था कि यह बातचीत आखिरी साबित होगी। बताया जा रहा है कि मंगलवार की देर रात काम खत्म



पवन का फाईल फोटो

कर पवन अपने कमरे की ओर लौट रहा था। इसी दौरान एक तेज रफ्तार ट्रक ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि पवन की मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पवन की मौत से उसके परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

वह तीन छोटे बच्चों का पिता था, जिनकी उम्र अभी 10 वर्ष से कम बताई जा रही है। दो वर्ष पहले ही उसकी मां का देहांत हो चुका है। अब परिवार पर एक के बाद एक विपत्तियां टूट पड़ी हैं। पतेड़ पंचायत के सरपंच महेश कुमार सुमन ने बताया कि पवन करीब डेढ़ वर्ष पहले कर्ज चुकाने की मजबूरी में चंडीगढ़ मजदूरी करने गया था। वह मेहनती और शांत स्वभाव का युवक था। उसकी असमय मौत से पूरा गांव शोक में डूब गया है। खबर मिलते ही कधरिया गांव में मातमी सन्नाटा पसर गया। पवन के घर के बाहर ग्रामीणों की भीड़ जमा है। हर कोई परिवार को ढांढस बंधाने पहुंच रहा है, लेकिन तीन मासूम बच्चों और परिजनों का दर्द हर किसी की आंखें नम कर रहा है।

पवन का भाई भी चंडीगढ़ में ही मजदूरी करता है। वही पुलिस प्रक्रिया पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के बाद गांव लाने की तैयारी में जुटा हुआ है। परिजनों के अनुसार, एक-दो दिनों के भीतर शव कधरिया गांव पहुंच सकता है, जहां अंतिम संस्कार किया जाएगा।

### गुरुआ विधायक ने शंकर बिगहा व रुकनपुर गांवों का किया दौरा, सूर्य मंदिर प्राण प्रतिष्ठा में हुए शामिल



निज संवाददाता। गयाजी

गया जिले के गुरुआ विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक ने बुधवार को क्षेत्र भ्रमण के दौरान शंकर बिगहा और रुकनपुर गांवों का दौरा किया। इस दौरान वे शंकर बिगहा गांव में आयोजित सूर्य मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल हुए और धार्मिक अनुष्ठान में भाग लेकर पूजा-अर्चना की। विधायक ने मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और आयोजन समिति द्वारा की गई तैयारियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा और आपसी सद्भाव को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम के दौरान विधायक ने स्थानीय ग्रामीणों से भी मुलाकात की और उनकी समस्याओं व सुझावों को सुना। क्षेत्र भ्रमण के दौरान भाजपा के कई स्थानीय नेता और कार्यकर्ता विधायक के साथ मौजूद रहे। मौके पर भाजपा नेता राजू राजदेव, उपेंद्र पासवान, रूबी देवी, दुर्गा पासवान, सतेंद्र प्रसाद, अरबिंद प्रसाद और आकाश दयाल सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भागीदारी देखी गई। ग्रामीणों ने विधायक के आगमन का स्वागत किया और क्षेत्र में विकास कार्यों को लेकर अपनी अपेक्षाएं साझा कीं। विधायक ने आश्वासन दिया कि जनहित से जुड़े मुद्दों पर प्राथमिकता के आधार पर कार्य किया जाएगा।

## घर से झगड़े के बाद भटकते हुए पहुंची थी स्टेशन, चाइल्ड हेल्प लाइन को सौंपा गया

निज संवाददाता। गयाजी

गयाजी में पूर्व मध्य रेलवे के डीडीयू मंडल अंतर्गत रेलवे सुरक्षा बल ने बच्चों की सुरक्षा को लेकर चलाए जा रहे 'ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते' के तहत एक और महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। रेलवे सुरक्षा बल ने गया रेलवे स्टेशन परिसर से एक भटकी हुई नाबालिग लड़की को सुरक्षित बरामद कर उसे चाइल्ड हेल्प लाइन के सुपुर्द कर दिया। रेलबे सुरक्षा बल पोस्ट गया के अधिकारियों के अनुसार, स्टेशन परिसर में नियमित गश्ती की जा रही थी। इसी दौरान प्लेटफॉर्म संख्या एक के हावड़ा छोर की ओर एक किशोरी एकांत में बैठी नजर आई। उसकी उम्र करीब 15 वर्ष प्रतीत हो रही थी और उसका व्यवहार संदिग्ध लग रहा था। स्थिति को देखते हुए आशंका जताई गई कि किशोरी घर से भटककर या भागकर यहां पहुंची हो सकती है। तत्परता दिखाते हुए मौके पर महिला आरक्षी को बुलाया गया, जिसके बाद नाबालिग से शांतिपूर्ण माहौल में बातचीत की गई। पूछताछ के




दौरान किशोरी ने अपना पता अशोक राजपथ, महेंद्रू, थाना सुल्तानगंज, जिला पटना बताया। उसने बताया कि घर में आपसी विवाद के बाद वह बिना किसी को बताए निकल गई थी और इधर-उधर भटकते हुए गया रेलवे स्टेशन पहुंच गई। तलाशी के दौरान उसके पास से 510 रुपये नकद बरामद किए गए। किशोरी डरी-सहमी अवस्था में थी, लेकिन किसी प्रकार की चोट के निशान नहीं पाए गए। रेलबे सुरक्षा बल ने नाबालिग को भयमुक्त वातावरण में रेसुब पोस्ट गया लाकर सुरक्षित रखा। संभावित अनहोनी, शोषण या मानव तस्करी की आशंका को देखते हुए तत्काल रेलवे चाइल्ड हेल्प डेस्क और जिला बाल संरक्षण इकाई को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही चाइल्ड हेल्प डेस्क की सुपरवाइजर पुनीता कुमारी रेसुब पोस्ट पहुंचीं। सभी आवश्यक कानूनी और औपचारिक प्रक्रिया पूरी करने के बाद नाबालिग लड़की को सुरक्षित और सकुशल चाइल्ड हेल्प लाइन गया के सुपुर्द कर दिया गया।

**बच्चों की सुरक्षा को लेकर सतर्क है रेलवे सुरक्षा बल:** रेलबे सुरक्षा बल ने बताया कि 'ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते' के तहत रेलवे स्टेशन और ट्रेनों में बच्चों की सुरक्षा को लेकर लगातार निगरानी की जा रही है। भटके, बेसहारा या जोखिम में पड़े बच्चों को सुरक्षित कर संबंधित एजेंसियों को सौंपा जा रहा है, ताकि उन्हें सही संरक्षण और परिजनों तक पहुंचाया जा सके।

# मगध विश्वविद्यालय यूजी फोर्थ सेमेस्टर परीक्षा की तिथियां घोषित

निज संवाददाता। गयाजी




♦ 5 से 9 मई 2026 तक होंगे एग्जाम, दो पालियों में होगी परीक्षा

मगध विश्वविद्यालय ने सत्र 2024–28 के अंतर्गत स्नातक (यूजी) फोर्थ सेमेस्टर की परीक्षा को लेकर लंबे समय से चल रही असमंजस की स्थिति को समाप्त कर दिया है। विश्वविद्यालय की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार फोर्थ सेमेस्टर की परीक्षाएं 5 मई से 9 मई 2026 के बीच आयोजित की जाएंगी। परीक्षा दो पालियों में संपन्न कराई जाएगी। तय कार्यक्रम के अनुसार कला संकाय के छात्रों की परीक्षा प्रथम पाली में सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक होगी। वहीं विज्ञान और वाणिज्य संकाय के छात्रों के लिए दूसरी पाली निर्धारित की गई है, जो दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगी। जारी परीक्षा कार्यक्रम के मुताबिक 5 मई को मेजर कोर्स एमजेसी-5 की परीक्षा होगी। इसके बाद 6 मई को एमजेसी-6 और 7 मई को एमजेसी-7 की परीक्षा आयोजित की जाएगी। 8 मई को माइनर कोर्स एमआईसी-4 का पेपर होगा, जबकि 9 मई को एबिलिटी एन्हांसमेंट कोर्स एईसी-4 की परीक्षा के साथ फोर्थ सेमेस्टर का एग्जाम समाप्त हो जाएगा। विश्वविद्यालय प्रशासन का कहना है कि परीक्षा कार्यक्रम इस तरह से तैयार किया गया है, ताकि छात्रों को विषयों के बीच पर्याप्त अंतर मिल सके और वे बेहतर तरीके से तैयारी कर सकें। थ्योरी परीक्षा से पहले प्रायोगिक परीक्षाएं 27 अप्रैल से 4 मई 2026 के बीच आयोजित की जाएंगी। प्रायोगिक परीक्षा की जिम्मेदारी संबंधित महाविद्यालयों को सौंपी गई है। कॉलेज स्तर पर ही आंतरिक व्यवस्था के तहत प्रयोगात्मक परीक्षाएं संपन्न कराई जाएंगी। विश्वविद्यालय ने परीक्षा फॉर्म और शुल्क जमा करने की तिथि भी घोषित कर दी है। स्नातक फोर्थ सेमेस्टर के छात्र 9 मार्च से 31 मार्च 2026 तक ऑनलाइन माध्यम से परीक्षा फॉर्म भर सकेंगे। निर्धारित तिथि के बाद फॉर्म भरने की अनुमति नहीं दी जाएगी। परीक्षा नियंत्रक पार्थ प्रीतम सिंह ने सभी संबद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्यों को निर्देश जारी करते हुए कहा है कि वे परीक्षा से जुड़ी सभी आवश्यक प्रक्रियाएं समय पर पूरी करें। परीक्षा संचालन में विश्वविद्यालय को पूरा सहयोग दिया जाए, ताकि परीक्षा शांतिपूर्ण, पारदर्शी और सुचारु रूप से संपन्न कराई जा सके।

#### बिहारशरीफ में लड़कियों की शिक्षा को मिलेगी नई उड़ान

## आधुनिक सुविधाओं से लैस छात्रावास का होगा निर्माण



निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा जिले की छात्राओं के लिए नए अवसरों के द्वार खुलने जा रहे हैं। केंद्रीय बजट में प्रत्येक जिले में एक बालिका छात्रावास खोलने के निर्णय के साथ ही बिहार सरकार ने भी वंचित वर्ग की छात्राओं के लिए विशेष हॉस्टल निर्माण की योजना को मंजूरी दे दी है।

**सावित्रीबाई फुले छात्रावास:** जिला मुख्यालय बिहारशरीफ में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ग की छात्राओं के लिए पांच करोड़ रुपए की लागत से 100 छात्राओं की क्षमता वाले सावित्रीबाई फुले बालिका छात्रावास का निर्माण कराया जाएगा। इस महत्वाकांक्षी परियोजना के लिए शहर के करगिल चौक के निकट एक एकड़ भूमि की पहचान कर ली गई है। जिला कल्याण पदाधिकारी योगेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि कैबिनेट से छात्रावास निर्माण की स्वीकृति मिल चुकी है। बिहारशरीफ सर्कल ऑफिसर की ओर से भूमि का अनापत्ति प्रमाण पत्र विभाग को उपलब्ध करा दिया गया है। अब टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद तीन मंजिला भवन का निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा।

**आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा छात्रावास:** छात्रावास में छात्राओं को सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। खेलकूद के लिए खेल मैदान, सुसज्जित पुस्तकालय और आधुनिक अध्ययन कक्षों की व्यवस्था की जाएगी। निशुल्क आवास सुविधा के साथ-साथ अनाज और अनुदान राशि भी प्रदान की जाएगी। सुरक्षा के मद्देनजर छात्रावास में पुख्ता व्यवस्था रहेगी। गेट पर ही आगंतुकों का पूरा ब्योरा दर्ज किया जाएगा।

**जिले का पहला बालिका छात्रावास:** नालंदा जिले में अभी तक छात्राओं के लिए एक भी छात्रावास नहीं था। यह जिले का पहला बालिका छात्रावास होगा, जो वंचित वर्ग की बेटियों के लिए उच्च शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी का मार्ग प्रशस्त करेगा। हालांकि, राजगीर में डॉ. भीमराव आंबेडकर आवासीय विद्यालय में अनुसूचित जाति और जनजाति की 600 छात्राएं पहली से बारहवीं कक्षा तक की पढ़ाई कर रही हैं, लेकिन उच्च शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए अब तक कोई छात्रावास सुविधा नहीं थी।

**केंद्रीय बजट से मिलेगी और मजबूती:** केंद्रीय बजट में बिहार के प्रत्येक जिले में एक बालिका छात्रावास खोलने के निर्णय से इस दिशा में और गति आएगी। इस छात्रावास की खास बात यह होगी कि इसमें सभी समाज और वर्ग की बालिकाएं एक साथ रहकर नीट, इंजीनियरिंग और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर सकेंगी। इसके लिए भूमि चिह्नित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

**शिक्षा में समानता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम:** जिला कल्याण पदाधिकारी योगेंद्र कुमार सिंह ने इसे बेहद सराहनीय कदम बताते हुए कहा कि दोनों छात्रावासों के निर्माण से न केवल वंचित वर्ग की छात्राओं को लाभ मिलेगा, बल्कि जिले की सभी वर्गों की बालिकाएं उच्च शिक्षा और बेहतर भविष्य की ओर अग्रसर हो सकेंगी।

## नालंदा डीएम ने राजस्व कर्मचारी को किया संस्पेंड

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा के राजगीर अंचल कार्यालय में तैनात एक राजस्व कर्मचारी को भूमि परिमार्जन के एवज में 45 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए निगरानी अन्वेषण ब्यूरो, पटना की टीम ने अरेस्ट किया। मंगलवार को रंगे हाथों गिरफ्तार इन्हें गिरफ्तार कर लिया। आरोपी कर्मचारी अखिलेश साह को छबीलापुर रोड स्थित लेदुवा पुल के पास धर दबोचा गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए जिला पदाधिकारी नालंदा कुंदन कुमार ने संज्ञान लेते हुए अखिलेश साह को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। साथ ही अपर समाहर्ता नालंदा को आरोपी के खिलाफ विभागीय कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। मामले की शुरुआत छबीलापुर थाना क्षेत्र के रटना निवासी राजीव कुमार की शिकायत से हुई। परिवादी ने निगरानी ब्यूरो



को बताया कि वे अपनी जमीन का परिमार्जन कराना चाहते थे, लेकिन राजस्व कर्मचारी अखिलेश साह इस काम के लिए मोटी रकम की मांग कर रहे थे। शिकायत मिलते ही निगरानी ब्यूरो ने मामले की पड़ताल शुरू की। प्राथमिक जांच में जब आरोप सही पाए गए, तो डीएसपी अखिलेश कुमार के नेतृत्व में एक विशेष धावादल का गठन किया गया। टीम ने सुनियोजित तरीके से जाल बिछाया और मंगलवार को जब आरोपी कर्मचारी रिश्वत की रकम ले रहा था, उसी समय उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

# मांसडीह गांव में रात के अंधेरे में चोरी, घर से एक लाख नकद और मोबाइल ले उड़े चोर

## गहरी नींद में सोता रहा परिवार, सुबह बाहर मिला मोबाइल का कवर और सिम

निज संवाददाता। बाराचट्टी, गया

गया जिले के धनगाई थाना क्षेत्र अंतर्गत मांसडीह गांव में मंगलवार की रात चोरी की बड़ी वारदात सामने आई है। अज्ञात चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए एक लाख रुपये नकद और एक मोबाइल फोन चोरी कर लिया।

घटना के वक्त घर के सभी सदस्य गहरी नींद में सो रहे थे, जिससे चोरों ने बेखौफ होकर वारदात को अंजाम दिया। पीड़ित परिवार के अनुसार, चोर घर की बाहरी दीवार फांदकर अंदर दाखिल हुए। इसके बाद उन्होंने कमरे में रखे लैपटॉप बैग को खंगाला और उसमें रखे नकद रुपये व मोबाइल फोन लेकर फरार हो गए। चोरी के दौरान किसी को भनक तक नहीं



लगी। बुधवार सुबह जब घर के लोग जागे तो घर के बाहर मोबाइल का कवर और सिम कार्ड फेंका हुआ मिला। इससे अनहोनी की आशंका हुई। इसके बाद जब लैपटॉप बैग की जांच की गई तो उसमें रखे एक लाख रुपये गायब पाए गए। इसके बाद परिजनों ने तत्काल धनगाई थाना को सूचना दी।

पीड़ित सुनील यादव ने बुधवार को धनगाई थाना में लिखित आवेदन देकर बताया कि अज्ञात चोर उनके घर से एक लाख रुपये नकद और एक मोबाइल फोन चोरी कर ले गए हैं। उन्होंने पुलिस से मामले में त्वरित कार्रवाई की मांग की है। धनगाई थाना प्रभारी श्रवण राम ने बताया कि मांसडीह गांव में चोरी की सूचना मिली है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। आसपास के इलाकों में पूछताछ की जा रही है और संभावित चोरों की पहचान के लिए सुराग जुटाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जल्द ही मामले का खुलासा करने का प्रयास किया जा रहा है। घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि रात में गश्ती नहीं होने के कारण चोरों के हौसले बढ़ रहे हैं। लोगों ने पुलिस से रात्री गश्ती बढ़ाने और चोरी की घटनाओं पर सख्ती से अंकुश लगाने की मांग की है।

# मगध विश्वविद्यालय यूजी फोर्थ सेमेस्टर परीक्षा की तिथियां घोषित

## 5 से 9 मई 2026 तक होंगे एग्जाम, दो पालियों में होगी परीक्षा

निज संवाददाता। गयाजी

मगध विश्वविद्यालय ने सत्र 2024–28 के अंतर्गत स्नातक (यूजी) फोर्थ सेमेस्टर की परीक्षा को लेकर लंबे समय से चल रही असमंजस की स्थिति को समाप्त कर दिया है। विश्वविद्यालय की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार फोर्थ सेमेस्टर की परीक्षाएं 5 मई से 9 मई 2026 के बीच आयोजित की जाएंगी। परीक्षा दो पालियों में संपन्न कराई जाएगी। तय कार्यक्रम के अनुसार कला संकाय के छात्रों की परीक्षा प्रथम पाली में सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक होगी। वहीं विज्ञान और वाणिज्य संकाय के छात्रों के लिए दूसरी पाली निर्धारित की गई है, जो दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगी। जारी परीक्षा कार्यक्रम के मुताबिक 5 मई को मेजर कोर्स एमजेसी-5 की परीक्षा होगी। इसके बाद 6 मई को एमजेसी-6 और 7 मई को एमजेसी-7 की परीक्षा आयोजित की जाएगी। 8 मई को माइनर कोर्स एमआईसी-4 का पेपर होगा, जबकि 9 मई को एबिलिटी एन्हांसमेंट कोर्स एईसी-4 की परीक्षा के साथ फोर्थ सेमेस्टर का एग्जाम समाप्त हो जाएगा।

विश्वविद्यालय प्रशासन का कहना है कि परीक्षा कार्यक्रम इस तरह से तैयार किया गया है, ताकि छात्रों को विषयों के बीच पर्याप्त अंतर मिल सके और वे बेहतर तरीके से तैयारी कर सकें। थ्योरी परीक्षा से पहले प्रायोगिक परीक्षाएं 27 अप्रैल से 4 मई 2026 के बीच आयोजित की जाएंगी। प्रायोगिक परीक्षा की जिम्मेदारी संबंधित महाविद्यालयों को सौंपी गई है। कॉलेज स्तर पर ही आंतरिक व्यवस्था के तहत प्रयोगात्मक परीक्षाएं संपन्न कराई जाएंगी। विश्वविद्यालय ने परीक्षा फॉर्म और शुल्क जमा करने की तिथि भी घोषित कर दी है। स्नातक फोर्थ सेमेस्टर के छात्र 9 मार्च से 31 मार्च 2026 तक ऑनलाइन माध्यम से परीक्षा फॉर्म भर सकेंगे। निर्धारित तिथि के बाद फॉर्म भरने की अनुमति नहीं दी जाएगी। परीक्षा नियंत्रक पार्थ प्रीतम सिंह ने सभी संबद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्यों को निर्देश जारी करते हुए कहा है कि वे परीक्षा से जुड़ी सभी आवश्यक प्रक्रियाएं समय पर पूरी करें। परीक्षा संचालन में विश्वविद्यालय को पूरा सहयोग दिया जाए, ताकि परीक्षा शांतिपूर्ण, पारदर्शी और सुचारु रूप से संपन्न कराई जा सके।

## ओर गांव में शतचंडी महायज्ञ व देवी प्राण प्रतिष्ठा का शुभारंभ, कलश यात्रा से गूंजा क्षेत्र

निज संवाददाता। गयाजी

गया जिले के बेलागंज प्रखंड अंतर्गत ओर गांव में बुधवार को शतचंडी महायज्ञ और मां देवी की प्राण प्रतिष्ठा का शुभारंभ श्रद्धा और भक्ति के माहौल में हुआ। आयोजन के पहले दिन गाजे-बाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों की सहभागिता देखने को मिली। कलश यात्रा में महिला और पुरुष श्रद्धालु सिर पर कलश लेकर पूरे गांव का भ्रमण करते हुए यज्ञ स्थल तक पहुंचे। जयघोष और धार्मिक मंत्रोच्चार से गांव का वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया। गांव की गलियों से गुजरती कलश यात्रा को देखने के लिए लोग घरों से बाहर निकल आए और श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा भी की गई। यज्ञ समिति के संयोजक विवेकानंद ने बताया कि शतचंडी महायज्ञ का आयोजन 4 फरवरी से 12 फरवरी तक



किया जाएगा। इस दौरान प्रतिदिन वैदिक अनुष्ठान, हवन और धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। साथ ही कथा प्रवचन का भी आयोजन किया गया है, जिसमें प्रसिद्ध कथावाचक अंशिका देवी श्रद्धालुओं को धर्म और भक्ति से जुड़ी कथाएं सुनाएंगी। महायज्ञ के शुभारंभ अवसर पर जिला परिषद सदस्य करिश्मा कुमारी सहित सुनील कुमार, नवीन कुमार, राजकुमार, हीरो कुशवाहा, दुर्गा कुमार और वृद्धानंद कुमार मौजूद रहे। बड़ी संख्या में ग्रामीण और आसपास के क्षेत्रों से आए श्रद्धालुओं ने भी कार्यक्रम में भाग लिया। आयोजन को लेकर गांव में उत्सव जैसा माहौल है। विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए बेलागंज थाना की पुलिस बल भी यज्ञ स्थल और आसपास के इलाकों में तैनात रही। समिति के सदस्यों ने श्रद्धालुओं से शांतिपूर्ण ढंग से कार्यक्रम में शामिल होने और आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

## संक्षिप्त समाचार

### सोशल मीडिया पर पुनः अभद्र एवं मानहानिकारक शब्द लिखे जाने पर एसडीएम ने अधिवक्ता के विरुद्ध दर्ज कराई प्राथमिकी

**बिक्रमगंज।** अनुमण्डल पदाधिकारी, बिक्रमगंज प्रभात कुमार ने अपने न्यायालय के अधिवक्ता उदय प्रताप यादव पर सोशल मीडिया पर अभद्र, अपमानजनक टिप्पणी किये जाने के विरुद्ध में बुधवार को बिक्रमगंज थाना में एक प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज प्राथमिकी में कहा है कि अधिवक्ता उदय प्रताप यादव के द्वारा पूर्व में भी सोशल मीडिया पर उनके विरुद्ध अभद्र, अपमानजनक एवं मानहानिकारक शब्दों का प्रयोग किया गया था, जिसके संबंध में बिक्रमगंज थाना काण्ड संख्या 62/26 दर्ज हुआ था, जिसमें अभियुक्त को माननीय न्यायालय, बिक्रमगंज से जमानत प्राप्त हुई थी। जमानत प्राप्त करने के उपरांत अधिवक्ता द्वारा पुनः दिनांक 02 फरवरी को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म (व्हाट्सऐप) पर उन्हें "लफुआ" जैसे शब्दों से संबोधित करते हुए सार्वजनिक रूप से पोस्ट किया गया है, जो स्पष्ट रूप से एक सरकारी पदाधिकारी की प्रतिष्ठा को ठेस पहुँचाने, सरकारी कार्य से विरत करने, समाज में अपमानित करने तथा कानून और न्यायालय की अवहेलना की गंभीर मामला हैं। आगे कहा है कि अधिवक्ता द्वारा यह कृत्य जान बुझकर, दुर्भावना से ग्रसित होकर बार बार किया जा रहा है। थानाध्यक्ष ललन कुमार ने बताया कि इस मामले में छानबीन की जा रही है।

### 5 लीटर देसी शराब साथ एक कारोबारी गिरफ्तार

**काराकाट /रोहतास।** पुलिस ने देसी शराब के साथ एक कारोबारी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया । कछवां थानाध्यक्ष मनीष कुमार ने बताया कि कछवां निवासी अजय साह को 5 लीटर देसी शराब के साथ पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया । उन्होंने बताया कि गिरफ्तार कारोबारी के विरुद्ध संबंधित मामला दर्ज करते हुए जांच के उपरांत जेल भेज दिया गया ।

### 11 फरवरी को चलाया जाएगा फाइलेरिया उन्मूलन महा-अभियान

**केसरिया।** प्रखंड क्षेत्र में फाइलेरिया (हाथीपांव) उन्मूलन को लेकर 11 फरवरी 2026 को महा-अभियान चलाया जाएगा। भारत सरकार के लक्ष्य के अनुसार सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम 10 से 27 फरवरी 2026 तक संचालित होगा। बीडीओ कुमुद कुमार ने जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं आम लोगों से अपील की है कि वे लोगों को जागरूक करें और दवा का सेवन खाली पेट न करने तथा स्वास्थ्य कर्मी की उपस्थिति में ही दवा सेवन करने के लिए प्रेरित करें। जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. शरत चंद्र शर्मा के अनुसार पात्र व्यक्तियों को उम्र के अनुसार एलबेंडाजोल व डीईसी दवा दी जाएगी। सिविल सर्जन रवि भूषण श्रीवास्तव ने बताया कि 2 वर्ष से छोटे बच्चे, गर्भवती महिलाएं व गंभीर रोगी दवा न लें। उन्होंने कहा कि फाइलेरिया से बचाव ही सबसे प्रभावी इलाज है, इसलिए स्वस्थ दिखने पर भी सभी पात्र लोग 11 फरवरी को दवा का सेवन अवश्य करें।

### महाकवि जयशंकर प्रसाद जयंती पर नवनिर्वाचित विधायकों का किया गया नागरिक अभिनंदन

**मोतिहारी।** बाबू सभागार परिसर में बुधवार को कानू-हलवाई विकास संघ के तत्वावधान में महाकवि जयशंकर प्रसाद की जयंती सह नवनिर्वाचित विधायकों का नागरिक अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व मंत्री सह नगर विधायक प्रमोद कुमार, पूर्व मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता, जदयू विधायक राधाचरण सेठ, विधान पार्षद सह जदयू उप नेता राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, पूर्व विधायक वीरेंद्र कुमार गुप्ता एवं जदयू जिलाध्यक्ष मंजू देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। समारोह को संबोधित करते हुए विधान पार्षद राजेंद्र प्रसाद गुप्ता ने घोषणा की कि महाकवि जयशंकर प्रसाद की प्रतिमा पटना में स्थापित की जाएगी। विधायक राधाचरण सेठ ने उनके जीवन और साहित्यिक योगदान पर विस्तार से चर्चा की। वहीं पूर्व मंत्री सह नगर विधायक प्रमोद कुमार ने कहा कि महाकवि जयशंकर प्रसाद कानू-हलवाई समाज के पुरोधा थे और उनका साहित्य आज भी समाज को दिशा देता है। पूर्व मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने कहा कि जल्द ही मोतिहारी और मुजफ्फरपुर में महाकवि जयशंकर प्रसाद की प्रतिमा का निर्माण कराया जाएगा। कार्यक्रम को छपरा की विधायक छोटी कुमारी, पूर्व विधायक वीरेंद्र कुमार गुप्ता, जदयू जिलाध्यक्ष मंजू देवी सहित कई अन्य नेताओं ने भी संबोधित किया। समारोह के दौरान अतिथियों को अंगवस्त्र एवं मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन आयोजन समिति के अध्यक्ष मुख्तार प्रसाद गुप्ता ने किया। आगत अतिथियों का स्वागत वार्ड पार्षद प्रभात कुमार गुप्ता, प्रेमनाथ प्रसाद गुप्ता, कुंदन कुमार सहित अन्य लोगों ने किया। मौके पर पूर्व जिला पार्षद पूनम देवी, मुखिया अशोक कुमार गुप्ता, डॉ. पप्पू गुप्ता समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### गोपाल कुमार को शिकारगंज थानाध्यक्ष बनने पर केसरिया में किया गया सम्मानित



**केसरिया।** थाना में अपर थानाध्यक्ष रहे गोपाल कुमार को शिकारगंज थाना का थानाध्यक्ष बनाए जाने पर बुधवार को केसरिया थाना परिसर में बुद्धिजीवियों द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उन्हें फूल-माला पहनाकर एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मान प्रदान किया गया। केसरिया चैम्बर ऑफ कॉमर्स के सह सचिव अवनीश कुमार पाठक उर्फ चूमन पाठक ने कहा कि गोपाल कुमार का कार्यकाल केसरिया थाना में सराहनीय और बेहतर रहा। उनके नेतृत्व में कानून-व्यवस्था सुदृढ़ रही और आम जनता को सहयोग मिला। सम्मान समारोह में थानाध्यक्ष अनुज कुमार पांडेय, मुखिया चन्द्रशेखर सिंह, एएसआई धनंजय कुमार, पीएसआई मनीष कुमार मंडल सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। सभी ने गोपाल कुमार के नए दायित्व के लिए शुभकामनाएं दी।

### तेतरिया के नरहा पानापुर में स्वतंत्रता सेनानी सह पूर्व विधायक कामरेड महेंद्र भारती का मनाया पूणयतिथि

**तेतरिया।** स्वतंत्रता सेनानी सह मघुबन विधानसभा क्षेत्र से सीपीआई से विधायक रहे स्वर्गीय कामरेड महेंद्र भारती का तेतरिया प्रखंड के पानापुर में बुधवार को सीपीएम और साक्षी विरासत संघर्ष मोर्चा के संयुक्त तत्वावधान में स्वतंत्रता सेनानी सह पूर्व विधायक कामरेड स्वर्गीय महेंद्र भारती के समाधी स्थल पर पुष्प अर्पित कर, पूणयतिथी मनाया और स्मृति सभा आयोजित किया । पूणयतिथी कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व मुखिया रामबाबू राय, स्वर्गीय महेंद्र भारती के पुत्र राम नरेश भारती ने संयुक्त रूप किया। संचालन पूर्व जिप शिवजी पासवान ,जय किशोर भारती ने किया।सभा को सीपीएम के जिला सचिव सत्येन्द्र कुमार मिश्रा ने सम्बोधित करते हुए कहा कि महेंद्र भारती देश को आजादी कराने के लिए आंदोलन में भाग लिए,जेल भी गये।वे पूर्वी चम्पारण जिला में गरीबों, किसानों, वंचित समाज को उत्थान करने के लिए सदन से सड़क तक आंदोलन किए। सीपीआई के जगदीश प्रसाद गुप्ता ने कहा कि महेंद्र भारती मघुबन से सीपीआई से दो बार विधायक भी बने फिर भी आज तक अपने लिए घर तक नहीं बनाया।भंते बुद्ध जयलाल जैन ने कहा कि महेंद्र भारती के प्रतिमा स्थापित करने के लिए दस हजार रुपए देने कि धोषणा किया।सभा को सीपीएम के किसान सभा के जिला सचिव अशोक पाठक, मुकेश यादव, अजय यादव, धर्म नाथ यादव, पूर्व प्रमुख श्याम किशोर भारती, मुखिया पति बालेंद्र यादव, पारस नाथ अम्बेडकर, वीआईपी पार्टी के तेतरिया प्रखंड अध्यक्ष उमेश यादव, जय किशोर भारती,अकिंदर राम, पैक्स अध्यक्ष दिलीप कुशवाहा, डीवाईएफआई के जिला अध्यक्ष विक्की कुमार, बिरेंदर यादव सहित कई नेताओं व ग्रामीणों ने सम्बोधित करते हुए स्वर्गीय महेंद्र भारती के पद चिन्हों पर चलकर उनके अरमानों को पुरा करने का संकल्प लिया।

---

ट्रॉली बैग में बरामद महिला के शव मामले में एसडीपीओ ने की प्रेस वार्ता

# पत्नी के दूसरे से अवैध संबंध को लेकर पति ने की थी हत्या

निज संवाददाता। डेहरी ऑन सोन। रोहतास



ट्रॉली बैग में बरामद महिला की शव के मामले में एसडीपीओ अतुलेश झा, नगर थाना अध्यक्ष शिवेंद्र कुमार के उपस्थिति में बुधवार को प्रेस वार्ता करते हुए बताया कि तीन दिन पूर्व महिला की हत्या के मामले का उद्भेदन कर लिया गया है इस मामले में पुलिस ने मृतिका के पति कयामुद्दीन शेख को कैमूर जिला के सोनहन थाना से मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया गया. तथा इसके पास से मृतिका का कपड़ा, ट्रॉली बैग सीने में प्रयुक्त किए गए सुई धागा, मृतिका एवं हत्यारा पति का मोबाइल फोन सहित अन्य साक्ष्य बरामद किया गया है. प्रेसवार्ता में बताया कि डिहरी नगर थानांतर्गत स्टेशन सब्जी मण्डी के पीछे रविवार को एक अज्ञात लाल रंग का ट्रॉली बैग होने एवं उससे दुर्गन्ध आने की सूचना प्राप्त हुई जिसके उपरांत थानाध्यक्ष डिहरी नगर थाना के द्वारा घटनास्थल पर पहुँचकर ट्रॉली बैग को खोला गया तो उसमें से एक अज्ञात महिला का शव बरामद किया गया।घटना की गंभीरता को देखते हुए घटना के उद्भेदन एंव संलिप्त अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी के लिए सहायक पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया जिसमें थानाध्यक्ष, डिहरी नगर थाना, एफ.एस.एल. टीम डिहरी एवं तकनिकी सहायता के लिए जिला आसूचना इकाई की टीम को भी शामिल किया गया।गठित विशेष पुलिस टीम के द्वारा बरामद अज्ञात महिला शव का फोटो सोशल मिडिया पर प्रसारित की गयी जिसके उपरांत शव की पहचान मैरून खातून उर्फ मैरून निशा पति. क्यामुधीन शेख सा.-जक्की बिगहा, थाना-डिहरी नगर जिला-रोहतास के रूप में की गयी। मृतिका महिला का भाई मो. सरवर शेख, सा.सकलडिहा रेलवे स्टेशन बढ़ठी, थाना-सकलडीहा जिला-चंदौली (उ०प्र०) के द्वारा इस संबंध में डिहरी नगर थाना में महिला के पति एवं अन्य के विरूद्ध काण्ड दर्ज कराया गया।

विशेष पुलिस टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए प्राथमिकि नामजद अभियुक्त इरफान आलम व राजु शेख मंसूरी को पूर्व में ही न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा चुका है।सुसंधान के क्रम में काण्ड के मुख्य अभियुक्त क्यामुधीन अंसारी को कैमूर जिला से गिरफ्तार कर लाया गया।गिरफ्तार मृतिका के पति क्यामुधीन ने पूछताछ के क्रम में इस घटना के संबंध में बताया कि उसको शक था कि मृतिका का किसी अन्य पुरुष के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा है जिस कारण उसने अपनी पत्नी की हत्या करने की योजना बनायी तथा 30 जनवरी के रात्रि को अपने घर में ही मौका देखकर अपनी पत्नी मैरून खातून की गला घोटकर हत्या कर दी तथा शव को अपने घर में ही रखने के उपरांत 1 फरवरी को मृतिका के शव को एक लाल रंग का ट्रॉली बैग में भरकर डिहरी रेलवे स्टेशन सब्जी मण्डी के पीछे पड़े कचरे में फेंक कर भाग गया ।इस काण्ड में अब तक तीन अभियुक्तों की गिरफ्तारी कर ली गई है तथा मृतिका के शव एवं घटनास्थल से एफ.एस.एल. की टीम के द्वारा आवश्यक साक्ष्य संग्रहित कर उसे जॉच हेतू विधि विज्ञान प्रयोगशाला पटना के लिए भेजा गया है।सभी गिरफ्तार अभियुक्तों के अपराधीक इतिहास के संबंध में जॉच की जा रही है।

---

### काराकाट ईओ निशाने पर: मैनपावर आउटसोर्सिंग में बड़ा खेल 9 कंपनियों में से चहेती को कम दर, फिर भी ओवरपेमेंट

**काराकाट ईओ पर कार्रवाई की लटकी तलवार: वित्तीय अनियमितता, एसडीएम ने डीएम को भेजी जांच रिपोर्ट**

निज संवाददाता। काराकाट/रोहतास

नगर पंचायत काराकाट के कार्यपालक पदाधिकारी (ईओ) पर भ्रष्टाचार और वित्तीय अनियमितताओं के गंभीर आरोपों की जांच पूरी हो गई है। एसडीएम ने जिला मजिस्ट्रेट (डीएम) को रिपोर्ट सौंप दी है, जिसमें ईओ पर कार्रवाई की सिफारिश की गई है। रिपोर्ट में मैन पावर आउटसोर्सिंग में विभागीय नियमों का उल्लंघन और अतिरिक्त भुगतान का मामला सामने आया है।जांच 29 जनवरी 2026 को दोपहर 4 बजे शुरू हुई। यह जिला पदाधिकारी रोहतास के पत्र संख्या 4190/गो, दिनांक 6 दिसंबर 2025 के आधार पर की गई।

परिवादी श्री दिनेश कुमार सिंह ने दिल्ली में रहने के कारण जांच में शामिल नहीं हो सके, लेकिन व्हाट्सएप के जरिए जानकारी दी। उन्होंने ईओ पर पांच मुख्य आरोप लगाए थे। पहला, रिश्वत न देने पर विपत्र से राशि काटना। दूसरा, मैन पावर के लिए ऑफलाइन निविदा निकालकर चहेती कंपनी को लाभ पहुंचाना। तीसरा, सशक्त स्थायी समिति के फैसले 15 दिनों में लागू न करना। चौथा, निर्गत पंजी में क्रमांक छोड़कर भ्रष्टाचार। पांचवां, एक कंपनी से रिश्वत लेने-लौटाने का ऑडियो।जांच में पहला और पांचवां आरोप साबित नहीं हुए। पहले के लिए कोई विशिष्ट विपत्र की जानकारी नहीं मिली। ऑडियो का सत्यापन एसडीएम स्तर पर संभव नहीं। लेकिन दूसरे आरोप पर गंभीर खुलासा हुआ। विभाग के पत्रांक 1380 (8 मई 2024) और 3463 (29 जून 2018) के मुताबिक, आउटसोर्सिंग जीईएम पोर्टल या ई-प्रोक्योरमेंट से होनी चाहिए। ईओ ने ऑफलाइन निविदा निकाली, जिसमें 9 कंपनियों में से श्रेया सर्विसेज को सबसे कम दर (1,05,840 रुपये प्रति माह) पर चुना। लेकिन जून से दिसंबर 2025 तक कंपनी ने 8 स्टाफ के बजाय कभी 6 तो कभी 7 ही दिए। फिर भी पूर्ण राशि का भुगतान किया गया। कुल अतिरिक्त 1,49,105 रुपये का भुगतान हो चुका है, जो राजस्व की हानि है।रिपोर्ट में अनुशंसा है- निविदा रद्द कर ई-प्रोक्योरमेंट से नई निकालें। अतिरिक्त राशि वसूलें। ईओ पर प्रक्रियात्मक त्रुटि के लिए कार्रवाई हो। स्थायी समिति के फैसले समय पर न लागू करने पर साक्ष्य हैं, लेकिन भ्रष्टाचार साबित नहीं। डीएम अब अंतिम फैसला लेंगे। इससे नगर पंचायत में पारदर्शिता पर सवाल उठे हैं। स्थानीय लोग ईओ पर सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

---

### बालाजी मैरेज हॉल से 7.4 लीटर शराब बरामद




निज संवाददाता। बिक्रमगंज (रोहतास)

नगर परिषद क्षेत्र के आरा रोड स्थित बालाजी मैरेज हॉल में मंगलवार की रात स्थानीय पुलिस ने गुप्त सूचना पर छापेमारी की। इस दौरान होटल परिसर से 7.4 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की गई। छापेमारी के दौरान होटल संचालक में भागने में सफल रहा।थानाध्यक्ष ललन कुमार ने बताया कि बीते कुछ दिनों से उक्त होटल में अवैध गतिविधियों की शिकायत मिल रही थी। इसी आधार पर पुलिस टीम ने मंगलवार की देर रात होटल में छापेमारी की।तलाशी के दौरान होटल के एक कमरे से अंग्रेजी शराब के 12 बोतल बरामद किया गया। इसके अलावा पुलिस को कुछ हाथ नहीं लगा।पुलिस के पहुंचते ही होटल संचालक मौके से फरार हो गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि संचालक की पहचान कर ली गई है और उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।उन्होंने कहा कि शराबबंदी कानून के तहत होटल संचालक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की जा रही है। क्षेत्र में अवैध शराब कारोबार एवं संदिग्ध गतिविधियों पर पुलिस की नजर बनी हुई है और ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

---

# ए पी एस पब्लिक स्कूल का 12 वां वार्षिकोत्सव समारोह का हुआ आयोजन

निज संवाददाता। काराकाट/रोहतास



प्रखंड मुख्यालय गोड़ारी (बुढ़वल) स्थित महावीर मंदिर परिसर समीप बुधवार को उस समय उत्सव,उल्लास और गर्व के रंगों में डूब गया,जब ए पी एस पब्लिक स्कूल का 12 वां वार्षिकोत्सव समारोह अत्यंत भव्य, अनुशासित और सांस्कृतिक गरिमा के साथ आयोजित किया गया । पूरा विद्यालय परिसर बच्चों की मुस्कान, तालियों की गूंज और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की छटा से जीवंत नजर आया । समारोह में पधारे सभी अतिथियों का विद्यालय की छात्राओं द्वारा माथे पर तिलक,आरती एवं पुष्पवर्षा कर पारंपरिक भारतीय संस्कृति के अनुरूप आत्मीय स्वागत किया गया । इस दृश्य ने कार्यक्रम को शुरुआत से ही एक खास पहचान दे दी । कार्यक्रम का उद्घाटन बिक्रमगंज एसडीएम प्रभात कुमार ने फीता काटकर किया । इसके उपरांत विद्यालय प्रबंधन की ओर से अतिथियों को सम्मानित किया गया । वार्षिकोत्सव समारोह को संबोधित करते हुए एसडीएम प्रभात कुमार ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में ए पी एस पब्लिक स्कूल जैसे शिक्षण संस्थान समाज की दिशा बदलने का कार्य कर रहा हैं । यहां शिक्षा के साथ-साथ बच्चों में संस्कार,अनुशासन और नैतिक मूल्यों का बीजारोपण किया जा रहा है,जो भविष्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है । इस तरह के आयोजनों से बच्चों में आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का विकास होता है । मंच पर अपनी प्रतिभा प्रस्तुत करना बच्चों के व्यक्तित्व को निखारने का सशक्त माध्यम है । ए पी एस पब्लिक स्कूल द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किया जा रहा प्रयास सराहनीय ही नहीं,बल्कि प्रेरणादायक भी है । यह विद्यालय बच्चों के उज्वल भविष्य की मजबूत नींव रख रहा है । इसके पश्चात विद्यालय की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत स्वागत गान ने पूरे वातावरण को भावनाओं से भर दिया । कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना व सरस्वती वंदना से हुई,जिसके बाद छात्र- छात्राओं ने नृत्य,नाटक,समूह गीत एवं विविध रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से समां बांध दिया । बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया और तालियों की गड़गड़ाहट से विद्यालय परिसर गूंज उठा ।

समारोह की अध्यक्षता विद्यालय के निदेशक अविनाश कुमार ने की । उन्होंने अपने संबोधन में विद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों,अनुशासन और भविष्य की योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए अभिभावकों एवं अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया । कार्यक्रम का सशक्त,सधा हुआ और प्रभावशाली संचालन नागेश्वर तिवारी द्वारा किया गया । इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारी,जनप्रतिनिधि,अभिभावक,स्थानीय ग्रामीण,शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे । समारोह का समापन शिक्षा के माध्यम से सशक्त समाज और उज्ज्वल राष्ट्र निर्माण के प्रेरक संदेश के साथ किया गया ।

---

# रोड एक्सीडेंट में छात्रा की मौत, अज्ञात बाइक सवार ने मारी टक्कर

निज संवाददाता। हाजीपुर



♦ **घटना के बाद स्थानीय लोगों ने हाजीपुर-मुजफ्फरपुर मुख्य मार्ग को जाम कर दिया और न्याय की मांग की**

वैशाली के गोरौल थाना क्षेत्र के रसूलपुर गांव में एक सड़क दुर्घटना में एक छात्रा की मौत हो गई। इस घटना के बाद स्थानीय लोगों ने हाजीपुर-मुजफ्फरपुर मुख्य मार्ग को जाम कर दिया और न्याय की मांग की। मृतक की पहचान रसूलपुर गांव निवासी शेखर राम की बेटी कल्पना कुमारी के रूप में हुई है। यह घटना तब हुई जब कल्पना अपनी 2 सहेलियों के साथ कोचिंग से घर लौट रही थी। रास्ते में एक अज्ञात बाइक सवार ने उसे टक्कर मार दी, जिससे कल्पना कुमारी की मौके पर ही मौत हो गई। उसकी दोनों सहेलियां गंभीर रूप से घायल हो गईं, जिनका इलाज नजदीकी अस्पताल में जारी है।

**मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों ने बाइक को पकड़ लिया:** स्थानीय लोगों ने बताया कि घटना के तुरंत बाद उन्होंने मौके पर पहुंचकर बाइक को पकड़ लिया, लेकिन उसका चालक फरार होने में सफल रहा। इससे नाराज लोगों ने हाजीपुर-मुजफ्फरपुर मुख्य मार्ग को जाम कर दिया और आगजनी कर विरोध प्रदर्शन किया। स्थानीय लोग बाइक छोड़ने से इनकार कर रहे हैं। पहले गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। मांग को लेकर पुलिस समझाने में जुटी हुई है। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस से दोषी चालक को शीघ्र गिरफ्तार करने और मृतक के परिवार को न्याय दिलाने की मांग की।

**लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की:** घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की। पुलिस ने मामले की गहन जांच शुरू कर दी है और फरार ड्राइवर की पहचान व गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर दिए हैं। इस घटना ने इलाके में सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के पालन को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय निवासी सड़क सुरक्षा के प्रति लापरवाही और ऐसे मामलों में न्याय में देरी को लेकर चिंता व्यक्त कर रहे हैं।

**आवेदन के आधार पर कार्रवाई की जाएगी:** गोरौल थाना प्रभारी सुनील कुमार ने बताया कि सड़क दुर्घटना में एक बच्ची की मौत हो गई है। जिसको लेकर आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर दिया था। सभी को समझा बूझाकर शांत कराया गया और शव को पोस्टमार्टम के लिए हाजीपुर सदर अस्पताल भेज दिया गया। परिजन के आवेदन देने पर आवेदन के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। बाइक अभी तक स्थानीय लोगों ने पुलिस को नहीं सौंपा है। जिसको लेकर पुलिस लगातार लोगो को समझाने की प्रयास में जुटे हुए हैं। घटना स्थल पर DSP संजीव कुमार पहुंचे और उन्होंने घटना स्थल पर पहुंचकर लोगों को समझा बूझाकर शांत कराया और बाइक अपने कब्जे में लेकर इस संबंध में जांच कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

**"नियंत्रित बाइक सवार ने ठोकर मार दी":** मृतक के पिता चंद्रशेखर राम ने बताया कि मेरी बेटी कोचिंग पढ़ने के बाद घर की ओर आ रहे थे। इसी बीच रास्ते में एक का नियंत्रित बाइक सवार ने ठोकर मार दी इलाज के लिए अस्पताल लाया तो चिकित्सकों ने मृत्यु घोषित कर दिया, वह हुसैन घाट पर कोचिंग पढ़ने जाती थी, वह तीसरी क्लास में पढ़ती थी, बताया की यह घटना रसुलपुर हाईस्कूल के पास हुई जहां सड़क हादसे में मेरी बेटी की मौत हो गई।

---

# पिपरी में शिव प्रतिमा प्राण-प्रतिष्ठा महायज्ञ का भव्य शुभारंभ, जलयात्रा में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

निज संवाददाता। करगहर (रोहतास)



प्रखंड क्षेत्र के पिपरी गांव स्थित शिव मंदिर में भगवान शिव की प्रतिमा प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर पंचदिवसीय महायज्ञ का भव्य शुभारंभ बुधवार को जलयात्रा के साथ किया गया। इस अवसर पर हजारों की संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालुओं ने भाग लेकर पूरे क्षेत्र को भक्तिमय बना दिया।

जलयात्रा की शुरुआत पिपरी गांव स्थित शिव मंदिर प्रांगण से हुई। गाजे-बाजे और हर-हर महादेव के जयघोष के साथ निकली जलयात्रा गांव की परिक्रमा करते हुए लगभग आठ किलोमीटर की पदयात्रा के बाद ऐतिहासिक करगहर शिव मंदिर पहुंची। यहां बक्सर से जल लेकर पहुंचे कांवरियों से पवित्र जल ग्रहण किया गया। इसके पश्चात कांवरियों के साथ भव्य जुलूस पुनः पिपरी गांव लौटा। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर जलयात्रा का स्वागत किया। भक्ति गीत, शंखनाद और डमरू की गूंज से वातावरण पूरी तरह शिवमय हो उठा।

**चार से आठ फरवरी तक चलेगा महायज्ञ:** आयोजन समिति के अनुसार शिव प्रतिमा प्राण-प्रतिष्ठा महायज्ञ का आयोजन चार फरवरी से आठ फरवरी तक किया जा रहा है। छह फरवरी को नगर भ्रमण एवं विधिवत प्राण-प्रतिष्ठा होगी, सात फरवरी को श्रृंगार एवं रुद्राभिषेक तथा आठ फरवरी को पूर्णाहुति, हवन एवं भव्य भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

**आयोजक का बयान:** आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि यह महायज्ञ क्षेत्र में सुख-शांति, समृद्धि और सामाजिक सौहार्द के उद्देश्य से आयोजित किया गया है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर धार्मिक आयोजन को सफल बनाने की अपील की है। महायज्ञ को लेकर पिपरी गांव, करगहर बाजार समेत आसपास के इलाकों में श्रद्धा और उत्साह का माहौल बना हुआ है।

---

### सूर्यपुरा पुलिस ने एक हजार लीटर महुआ पास शराब किया नष्ट, दो भट्ठियां ध्वस्त

निज संवाददाता। सूर्यपुरा /रोहतास



सूर्यपुरा थाना क्षेत्र अंतर्गत कोसंदा गांव के काव नदी के समीप पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक हजार लीटर महुआ पास शराब बरामद कर उसे पुलिस पदाधिकारी की उपस्थिति में विनष्ट कर दिया । इस दौरान अवैध शराब निर्माण में प्रयुक्त दो भट्ठियों को भी ध्वस्त किया गया ।

इस संबंध में थानाध्यक्ष चंदन कुमार भगत ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने छापेमारी की,जहां भारी मात्रा में महुआ पास शराब बरामद की गई । मौके पर ही नियमानुसार शराब को नष्ट किया गया तथा अवैध शराब निर्माण के अड्डों को खत्म किया गया ।थानाध्यक्ष ने कहा कि क्षेत्र में अवैध शराब के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और इस तरह की गतिविधियों में संलिप्त लोगों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।

# पंचायती राज विभाग की योजनाओं की हुई समीक्षा

**निज संवाददाता। भागलपुर**



भागलपुर में पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश ने जिले में चल रही योजनाओं की समीक्षा की। अधिकारियों को कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। साफ शब्दों में कहा कि सरकार पंचायत स्तर पर विकास को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसमें किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सर्किट हाउस में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए दीपक प्रकाश ने कहा कि बिहार सरकार प्रदेशभर के सभी जिला परिषदों की रिक्त भूमि के समुचित और प्रभावी उपयोग की योजना पर गंभीरता से कार्य कर रही है। इसका उद्देश्य पंचायत स्तर पर विकास कार्यों को नई गति देना है। हालांकि, प्रेस वार्ता के दौरान प्रस्तुत की गई पीपीटी में भूमि से जुड़ी जानकारी नहीं होने पर मंत्री ने नाराजगी जताई। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि भविष्य में किसी भी प्रकार की प्रस्तुति पूरी, तथ्यात्मक और पारदर्शी होनी चाहिए।

**जमीन चिन्हित करने के निर्देशः** मंत्री दीपक प्रकाश ने आगे कहा कि जिले की कुल 238 पंचायतों में से अब तक 70 पंचायत भवनों का निर्माण पूरा हो चुका है। इनमें से 56 पंचायत भवन वर्तमान में क्रियाशील हैं। शेष पंचायत भवनों को शीघ्र शुरू करने के लिए आवश्यक प्रक्रिया तेज करने का निर्देश दिया गया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के ड्रीम प्रोजेक्ट मुख्यमंत्री कन्या विवाह मंडप योजना के तहत भी जिले में काम तेजी से आगे बढ़ रहा है। भागलपुर में 21 पंचायतों में विवाह मंडप निर्माण के लिए विभागीय स्वीकृति मिल चुकी है, जबकि 45 पंचायतों में भूमि चिन्हित कर ली गई है। शेष पंचायतों में भी जल्द से जल्द भूमि चिन्हित करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया गया है।

**विपक्ष में बैठे लोग अपने कार्यकाल में कुछ नहीं कियाः** विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि आज जो लोग विकास को लेकर सवाल उठा रहे हैं, उन्होंने अपने कार्यकाल में पंचायत और ग्रामीण विकास की पूरी तरह अनदेखी की थी। मौजूदा सरकार केवल घोषणाओं में नहीं, बल्कि धरातल पर काम कर रही है। विकास के आंकड़े खुद इसकी गवाही देते हैं। सरकार की प्राथमिकता है कि पंचायती राज से जुड़ी सभी योजनाएं समयबद्ध तरीके से पूरी हों, ताकि ग्रामीण जनता को विकास का सीधा और वास्तविक लाभ मिल सके।

## संक्षिप्त समाचार

### एनएसएस राष्ट्रीय एकता शिविर शुरू

**भागलपुर।** भागलपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की देखरेख में राष्ट्रीय एकता शिविर–2026 का भव्य शुभारंभ मारवाड़ी कॉलेज, परिसर में हुआ। जिसमें देश के विभिन्न राज्यों से आए एनएसएस स्वयंसेवक उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं। शिविर का मुख्य उद्देश्य युवाओं के बीच राष्ट्रीय एकता, सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और सेवा भावना को मजबूत करना है। आयोजन भारत सरकार के युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के मार्गदर्शन में, एनएसएस क्षेत्रीय निदेशालय बिहार-झारखंड और तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय की मदद से किया जा रहा है।

**सक्रिय भागीदारी निभाने का संदेश दियाः** उद्घाटन सत्र की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जिसके बाद अतिथियों ने स्वयंसेवकों को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने का संदेश दिया। वक्ताओं ने कहा कि एनएसएस युवाओं को अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक जिम्मेदारी का पाठ पढ़ाने वाला एक सशक्त मंच है, जो उनके व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। शिविर के दौरान स्वयंसेवकों के लिए विविध शैक्षणिक, सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों की श्रृंखला आयोजित की जाएगी। इनमें स्वच्छता जागरूकता अभियान, स्वास्थ्य शिविर, पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम, समूह चर्चा, योग और फिटनेस सत्र, व्यक्तित्व विकास कार्यशाला व देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक संध्याएं शामिल हैं।

**अपनी जिम्मेदारियों को समझने का मौका मिलेगाः** गतिविधियों के माध्यम से प्रतिभागियों को समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझने और राष्ट्रीय मूल्यों को अपने अधिकार करने का अवसर मिलेगा। आयोजकों के अनुसार, राष्ट्रीय एकता शिविर युवाओं को "विविधता में एकता" के वास्तविक अर्थ से परिचित कराता है। अलग-अलग राज्यों से आए स्वयंसेवक अपनी भाषा, वेशभूषा, लोक संस्कृति और परंपराओं का प्रदर्शन करेंगे, जिससे परस्पर समझ, सम्मान और भाईचारे की भावना को बढ़ावा मिलेगा। यह सांस्कृतिक संवाद देश की एकता को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय एवं कॉलेज प्रशासन के प्रतिनिधियों सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे, जिन्होंने स्वयंसेवकों के उत्साह, अनुशासन और सेवा भावना की सराहना की। अतिथियों ने युवाओं से आह्वान किया कि वे समाज सेवा, पर्यावरण संरक्षण और जनजागरूकता जैसे काम में निरंतर सक्रिय रहकर देश के विकास में योगदान दें। शिविर के समापन समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्वयंसेवकों को सम्मानित किया जाएगा। आयोजकों को विश्वास है कि यह सात दिवसीय राष्ट्रीय एकता शिविर युवाओं के भीतर देशभक्ति, सामाजिक संवेदनशीलता और नेतृत्व क्षमता को और अधिक सुदृढ़ करेगा, जिससे वे भविष्य में राष्ट्र निर्माण के सशक्त भागीदार बन सकें।

### सड़क हादसे में दो चचेरे भाई घायल

**भागलपुर।** भागलपुर में एक सड़क हादसे में दो चचेरे भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें पहले स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से गंभीर हालत को देखते हुए जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल (मायागंज) रेफर कर दिया गया। दोनों का इलाज जारी है और वे डॉक्टरों की निगरानी में हैं। घायलों की पहचान स्नोहला थाना क्षेत्र के गदिया चक गांव निवासी मो. यूसुफ के बेटे मो. खालिद और मो. अजहर के बेटे मो. श्मशाद के रूप में हुई है। ये दोनों रिश्ते में चचेरे भाई हैं और किसी पारिवारिक काम से अपने ननिहाल गए हुए थे। मंगलवार देर शाम वे बाइक से अपने नानी घर से स्नोहला लौट रहे थे।

**जानवर को बचाने में बाइक बेकाबू हुईः** हादसा स्नोहला थाना क्षेत्र के अखफड़ा गांव के पास हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जैसे ही दोनों युवक बाइक से गांव के पास पहुंचे, अचानक सड़क पर एक जानवर आ गया। जानवर को बचाने के प्रयास में बाइक सवार का संतुलन बिगड़ गया और बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई। तेज रफ्तार होने के कारण दोनों युवक सड़क पर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय ग्रामीण तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और एंबुलेंस की मदद से दोनों घायलों को स्नोहला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने दोनों की हालत गंभीर बताते हुए बेहतर इलाज के लिए मायागंज अस्पताल रेफर कर दिया। मायागंज अस्पताल में दोनों युवकों का इलाज जारी है। डॉक्टरों के अनुसार, उन्हें सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं। उनकी स्थिति नाजुक बनी हुई है, लेकिन लगातार इलाज और निगरानी की जा रही है।

### दुर्गा मंदिर के पास संदिग्ध पॉलिथीन मिला

**मुंगेर।** मुंगेर के हवेली खड़गपुर थाना क्षेत्र स्थित नंदलाल बोस चौक के समीप हटिया दुर्गा मंदिर के पास बुधवार को मुर्गे के पंख से भरा एक पॉलिथीन मिलने से कुछ समय के लिए क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। मंदिर परिसर के पास पॉलिथीन देखे जाने के बाद आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए और तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गईं। सूचना मिलते ही हवेली खड़गपुर डीएसपी अनिल कुमार, प्रशिक्षु डीएसपी मिथिलेश कुमार तिवारी, इंस्पेक्टर अरविंद कुमार और थानाध्यक्ष राजेश कुमार सहित QRT और पुलिस बल तत्काल मौके पर पहुंचे। पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित किया, भीड़ को समझा-बुझाकर हटाया और मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने मंदिर और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज की बारीकी से जांच की।

**पक्षियों के एक झुंड ने मंदिर के गेट के पास गिरा दिया था पॉलिथीनः** जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज में यह स्पष्ट हुआ कि पक्षियों के एक झुंड ने मुर्गे के पंख से भरा पॉलिथीन उड़ाकर मंदिर के गेट के पास गिरा दिया था। किसी भी प्रकार की शरारती या असामाजिक गतिविधि के कोई साक्ष्य नहीं मिले। इसके बाद स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली।

**मंदिर में साफ-सफाई के बाद पुजारी द्वारा विधिवत पूजा-पाठ करवायाः** सीसीटीवी फुटेज मंदिर से जुड़े लोगों, जनप्रतिनिधियों और आसपास के निवासियों को भी दिखाया गया। मंदिर में साफ-सफाई के बाद पुजारी द्वारा विधिवत पूजा-पाठ करवाया गया। हवेली खड़गपुर के एसडीपीओ अनिल कुमार ने स्पष्ट किया कि यह घटना पूरी तरह से प्राकृतिक कारणों से जुड़ी है और इसका किसी भी धार्मिक या सामाजिक समूह से कोई संबंध नहीं है।

**अफवाहों पर ध्यान न देने की अपीलः** एसपी सैयद इमरान मसूद ने आम लोगों से अपील की है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और बिना पुष्टि के किसी भी तरह की खबर या संदेश साझा न करें। प्रशासन ने यह भी कहा कि समाज में शांति, सौहार्द और आपसी विश्वास बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। किसी भी प्रकार की भ्रामक सूचना से बचना आवश्यक है और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत प्रशासन को दी जानी चाहिए।

## पत्रकार भागवत राम अग्रवाल की पुण्यस्मृति में फ्री मेडिकल कैंप का आयोजन



**निज संवाददाता। अररिया**

कोशी क्षेत्र में पत्रकारिता के क्षेत्र में अमिट छाप छोड़ने वाले स्व. भागवत राम अग्रवाल की पुण्यस्मृति पर बुधवार को फारबिसगंज के एसके रोड स्थित आवासीय परिसर में फ्री मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया,जिसमें उनके ही परिवार के एक दर्जन के करीब चिकित्सकों के द्वारा पांच सौ से अधिक स्कूली बच्चों और लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर मुफ्त चिकित्सीय परामर्श के साथ उपचार किया गया और जरूरतमंदों के बीच मुफ्त दवाइयां का वितरण किया गया। कार्यक्रम का आयोजन स्व. भागवत राम अग्रवाल की पुण्यस्मृति में आयोजित तीन दिवसीय परिवार मिलन समारोह के तहत किया गया। स्थानीय लोगों के साथ पाई वर्ल्ड स्कूल और लिटिल चैंप स्कूल के बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। फ्री मेडिकल कैंप में कोलकाता के वेल व्यू अस्पताल के जाने माने शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ संतोष अग्रवाल, गैस्ट्रो इंट्रोलॉजिस्ट डॉ मनोज अग्रवाल,देश के जाने माने सर्जन एवं कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ राजेश गोयल,मुंबई के डॉ नूपुर झुनझुनवाला,भोपाल के डॉ अंशु अग्रवाल,दंत चिकित्सक एवं मुख रोग विशेषज्ञ डॉ पायल अग्रवाल, डॉ निखिल अग्रवाल,डॉ गुंजन अग्रवाल, डॉ रिया अग्रवाल,डॉ रिषिका अग्रवाल एवं गोल्ड मेडलिस्ट नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ विरोनिका अग्रवाल आदि ने स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की।मौके पर पाई किड्स स्कूल के निदेशक कार्तिक सिंह ने जाने माने शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ संतोष अग्रवाल समेत अन्य को मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया।

## खाटू श्याम की निशान शोभायात्रा में हजारों भक्त हुए शामिल, श्याम बाबा की होगी प्राण प्रतिष्ठा

**निज संवाददाता। अररिया**



जोगबनी में बने श्याम मंदिर में श्याम बाबा के प्राण प्रतिष्ठा के एक दिन पूर्व बुधवार को श्याम बाबा को लेकर निशान शोभायात्रा निकाली गई।श्याम बाबा को शहर का भ्रमण कराया गया। निशान यात्रा सूरजगढ़ राजस्थान से आए हजारी लाल जी इंदौरिया के मार्गदर्शन में निकाली गई।दोपहर बाद निकली निशान शोभायात्रा में पांच हजार से अधिक श्याम भक्त शामिल हुए। निशान शोभायात्रा श्याम मंदिर से निकलकर पूरे शहर का भ्रमण करते हुए जोगबनी रेलवे परिसर में स्थित दुर्गा मंदिर से होते हुए पुनः श्याम मंदिर परिसर में जाकर समाप्त हुई। वही निशान यात्रा में विभिन्न प्रकार की झांकियां भी निकाली गई जिसमें भारत माता की झांकी, राम दरबार व श्याम बाबा की झांकी आकर्षण का प्रमुख केंद्र रही। शोभायात्रा के दौरान श्याम भक्त भक्ति भाव में झूमते नाचते नजर आए।जोगबनी शहर श्याम बाबा की जय जयकार से गुंजायमान हो उठा।भक्तों के लिए कई प्रकार के स्टॉल भी लगाए गए। स्वर्णकार संघ व हाई स्कूल 1985 बैच के द्वारा शीतल पेय प्रदार्थ का स्टॉल लगाया गया। वही मारवाड़ी युवा मंच द्वारा शीतल जल व गुलाल का स्टॉल लगाया गया।वही कई स्थानों पर लोग निशान लेकर चल रहे भक्तों को लड्डू व चॉकलेट बांटते भी नजर आए। वही निशान यात्रा के दौरान पूरा शहर का माहौल भक्तिमय बना रहा। निशान शोभायात्रा के दौरान शहर की सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद नजर आई।एसएसबी कमांडेंट आईपीएस शाश्वत कुमार के निर्देश पर निशान यात्रा के मार्ग में विभिन्न स्थानों पर एक सौ से अधिक एसएसबी जवानों को लगाया गया था। वही जोगबनी थानाध्यक्ष राजीव कुमार आजाद के नेतृत्व में जगह जगह बिहार पुलिस के जवानों की तैनाती की गई थी। वही पुलिस द्वारा नेपाल से आने वाली गाड़ियों का मार्ग भी बदल दिया गया था,जिससे निशान लेकर आ रहे भक्तों को परेशानी न हो। वही स्टेशन रोड में जीआरपी के महिला व पुरुष जवान मुस्तैदी से तैनात थे।

## श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ के चौथे दिन धूमधाम से मनाया गया कृष्ण जन्मोत्सव

**निज संवाददाता। अररिया**

नगर के छुआपट्टी स्थित लोक शिक्षा समिति के अध्यक्ष एवं समाजसेवी रामप्रकाश प्रसाद के निज निवास पर आयोजित आठ दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ के चौथे दिन बुधवार को भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव हुआ।श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के प्रसंग ने भक्तों को भाव-विभोर कर दिया। जैसे ही कथा व्यास ने नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की का उद्घोष किया, पूरा पंडाल तालियों की गड़गड़ाहट और नृत्य से झूम उठा। कथा के चौथे दिन बुधवार को व्यास पीठ से कथावाचक नारायण शर्मा ने भक्ति के कई महत्वपूर्ण प्रसंगों पर प्रकाश डाला। कथा की शुरुआत समुद्र मंथन के प्रसंग से हुई, जिसमें देव-दानव संग्राम और जगत कल्याण के लिए निकले अमृत व विष की व्याख्या की गई। इसके पश्चात लक्ष्मी अवतार की कथा सुनाते हुए बताया गया कि किस प्रकार ऐश्वर्य की देवी का प्राकट्य हुआ। श्रोताओं को भक्त अम्बरीष की अटूट भक्ति और मर्यादा पुरुषोत्तम राम व परशुराम संवाद के प्रसंग ने मंत्रमुग्ध कर दिया। कथावाचक ने कहा कि भगवान का अवतार अधर्म का नाश करने और भक्तों के कल्याण के लिए होता है। शाम होते-होते कथा पंडाल गोकुल में तब्दील हो गया। श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के दौरान बाल स्वरूप भगवान को पालने में झुलाया गया और श्रद्धालुओं पर पुष्प व प्रसाद की वर्षा की गई। भगवान के जन्म की खुशी में उपस्थित भक्तों ने ढोल की थाप पर जमकर नृत्य किया। इस अवसर पर मुख्य यजमान राम प्रकाश प्रसाद, धैर्य आनंद, मनीष दास, वर्णिका दास, अमरजीत कुमार, विजय प्रकाश, मनीषा प्रकाश,विजय कुमार, गणेश दास, अरविंद दास, दिनेश दास, पियूष कुमार, पूनम पांडिया, राजीव रमन भास्कर, अजातशत्रु अग्रवाल, नीतू केडिया सहित भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## शब-ए- बरात पर मुसलमानों ने अल्लाह से मांगी अपने गुनाहों की माफी, रखा रोजा

**अररिया।** अररिया सहित पूरे जिले में शब-ए- बरात का त्योहार धार्मिक रीतियों के साथ मनाया गया। मुस्लिम समुदाय ने रात भर अपने गुनाहों की माफी मांगते हुए इबादत की। महिलाएं अपने घरों में दुआएं करती रहीं, जबकि पुरुषों ने मस्जिदों में नमाज अदा की।शहर के कब्रिस्तानों,मस्जिदों और मुस्लिम मोहल्लों को रोशनी से सजाया गया और सभी ने अपने दिवंगत परिजनों के लिए दुआ की। मुस्लिम समाज द्वारा शबे बरात का त्योहार अकीदत के साथ मनाया गया।बीते देर शाम से ही मुस्लिम समाज के बुजुर्गों, नौजवानों और बच्चों ने मस्जिदों का रुख किया। देर शाम ईशा की नमाज के बाद मुस्लिम समाज के बुजुर्गों, नौजवानों और बच्चों ने पूरी रात अपने अपने मोहल्ले की मस्जिदों के अंदर जाग कर नमाज अता कर इबादत की। महिलाओं ने घरों में पूरी रात जाकर नमाज अता की। उन्होंने कुरान पढ़कर अल्लाह से अपने गुनाहों की रो-रोकर माफी मांगी। मुस्लिम समाज के सभी महिला पुरुषों ने अपने गुनाहों की माफी मांगते हुए अपने कारोबार की बरकत, अपने परिजन अपने रिश्तेदार मोहल्ले पड़ोस के लोगों के लिए खुशहाली की दुआ मांगी। अपने मुल्क की तरक्की, अमन चैन, भाईचारा और प्यार मोहब्बत की दुआएं मांगी गई। रोशनी से जगमगा उठे शहर के कब्रिस्तान मंगलवार रात को शहर के सभी कब्रिस्तान पर लाइट लगाकर रोशनी की गई।

## 9.17 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद

**निज संवाददाता। भागलपुर**

भागलपुर जिले की ललमटिया थाना पुलिस ने नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने एक तस्कर को 9.17 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया है। उसके पास से नशीले पदार्थ की तौल में इस्तेमाल होने वाली दो डिजिटल तराजू भी बरामद की गई है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान गोविंद चौधरी के रूप में हुई है। जो ललमटिया के पासी टोला का रहने वाला है। पुलिस के अनुसार, गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी की गई, जहां से गोविंद चौधरी को संदिग्ध अवस्था में पकड़ा गया। तलाशी के दौरान उसके पास से ब्राउन शुगर और डिजिटल तराजू बरामद हुई।

**नेटवर्क खंगाल रही पुलिसः** छापेमारी के दौरान गोविंद का भाई राजन मौके से फरार हो गया। जिसकी गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। पूछताछ की जा रही है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि इस गिरोह के तार किन-किन इलाकों से जुड़े है। ब्राउन शुगर की सप्लाई कहां से हो रही थी।


### कुछ ट्रेनों का परीक्षण के तौर पर ठहराव

यात्रियों की सुविधा के लिए, नीचे उल्लेखित ट्रेनें उसके समक्ष वर्णित स्टेशनों में परीक्षण के तौर पर निम्नलिखित समय-सूची के अनुसार ठहर रही हैः

| ट्रेन सं. एवं नाम | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|
| 18182 थावे-टाटानगर एक्सप्रेस [दिनांक 29.01.2026 (जेसीओ) से प्रभावी] | बराभूम | 04.10 | 04.11 |
| | बर्नपुर | 02.05 | 02.07 |
| 63520 बोकारो स्टील सिटी-आसनसोल पैसेंजर [दिनांक 31.01.2026 (जेसीओ) से प्रभावी] | बेगुनकोदर | 04.08 | 04.09 |
| | झालिदा | 04.12 | 04.13 |
| | पुनदाग | 03.46 | 03.47 |
| 18181 टाटानगर-थावे एक्सप्रेस [दिनांक 30.01.2026 (जेसीओ) से प्रभावी] | बर्नपुर | 00.23 | 00.25 |
| 68061 आद्रा-आसनसोल पैसेंजर [दिनांक 31.01.2026 (जेसीओ) से प्रभावी] | मुराडी | 03.50 | 03.51 |

**टिप्पणीः** अन्य सभी स्टेशनों में इन ट्रेनों की समय-सूची अपरिवर्तित रहेंगी।

**मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**

**पूर्व रेलवे**



### पूर्व रेलवे

**ई-निविदा सं. : 263_2025-26 और 264_2025-26, दिनांक 03.02.2026,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, नया मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा रेलवे स्टेशन, हावड़ा–711101 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से **वरिष्ठ डीईएन/3/हावड़ा** के अधीन निम्नलिखित ई-निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है। **क्रम सं. 1, ई–निविदा सं. 263 _2025-26, कार्य का विवरण :** वरिष्ठ डीईएन/3/हावड़ा के कार्यक्षेत्र में यार्ड सुधार एवं यार्ड के उन्नयन (आजिमगंज, नबद्वीपधाम, त्रिवेणी, कटवा) जैसे सीटीआर(एस)–1.20 किमी, टीएसआर(एस)–0.15 किमी, टीआरआर(एस)–2.104 किमी, टीबीआर–12 किमी, टीएफआर–40 किमी, टीटीआर–9 सेट, लिफ्टिंग, डीप स्क्रीनिंग, टर्न आउट के सुधार, लिफ्टिंग एवं अन्य सहायक कार्यों के संबंध में पी.वे कार्य। **अनुमानित मूल्य :** रु. 1,54,94,173.34, **बयाना राशि:** रु. 2,27,500/–, **समापन अवधि :** स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से 12 (बारह) माह। **क्रम सं. 2, ई–निविदा सं. 264_2025-26, कार्य का विवरण :** एईएन/कटवा और एईएन/नबद्वीपधाम की शाखा के तहत सभी महिला कर्मचारियों की सुविधा के लिए संलग्न शौचालय के साथ महिला ड्रेस चेंजिंग रूम का निर्माण और एईएन/नबद्वीपधाम के तहत एसएसई/डब्ल्यू/नबद्वीपधाम के अधिकार क्षेत्र में नबद्वीपधाम रेलवे कॉलोनी में क्वार्टरों के उन्नयन के साथ–साथ सुधार और नवीनीकरण। **अनुमानित मूल्य :** रु. 2,13,61,847.09, **बयाना राशिः** रु. 2,56,800/–, **समापन अवधि :** स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से 08 (आठ) माह । यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/ बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय :** दिनांक 24.02.2026 को 14.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट : **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। **ईएमडी और टीडीसी का भुगतान**–ई–निविदा प्रणाली के मामले में, बयाना राशि जमा (ईएमडी) और निविदा कागजात की लागत (टीडीसी) का भुगतान, केवल नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। **टिप्पणीः** आईआरईपीएस (ई–निविदा पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए ईएमडी के रूप में कोई फिक्स्ड डिपॉजिट रिसीट (एफडीआर) स्वीकार नहीं की जाएगी। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं होगा।

HWH-581/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहां देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter



### पूर्व मध्य रेल
#### शुद्धिकरण

**समाचार पत्र में प्रकाशितः** वरीय मंडल संकेत एवं दूर संचार अभियन्ता, पूर्व मध्य रेल, राष्ट्रपति के तरफ से ई–निविदा, अनुभवी ठेकेदार से निर्मित फार्म में नीचे दिए गए कार्यों के लिए आमन्त्रित करती है। प्रोविजन ऑफ ऑटोमैटिक फ्यूज चेंजओवर एंड अलार्म सिस्टम एट 15 स्टेशन्स ऑफ जीसी। एंड जीसी॥ सेक्सन ईन डीडीयू डीविजन।

**अब इसे निम्नांकित पढ़ा जायः** वरीय मंडल संकेत एवं दूर संचार अभियन्ता, पूर्व मध्य रेल, राष्ट्रपति के तरफ से ई–निविदा, अनुभवी ठेकेदार से निर्मित फार्म में नीचे दिए गए कार्यों के लिए आमन्त्रित करती है।

**मं०सं० एवं दू०सं०अभि०**
**पूर्व मध्य रेल, पं० दी० द० उपा०**
पीआर/1733/डीडीयू/एसएण्डटी/कोरिजेन्डम/25-26/20



### पूर्व मध्य रेल
#### खुली ई-निविदा सूचना

सं. **RS-WCC-Tender-DDU-25,** दिनांक : 03.02.2026

व.मं.यॉ.अभि./समाडि/पू.म.रे. डीडीयू, भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी, सक्षम तथा इच्छुक एजेंसी ठेकेदार से खुली ई–निविदा (एकल पैकेट प्रणाली) सं. RS-WCC-Tender-DDU-25 दिनांक : 02.02.2026 के लिए आमंत्रित की जाती है जिसका विवरण निम्न हैः **क्र.सं. :** 1, **कार्य का विवरण :** सीक लाइन एवं आर ओ एच शेड में वैगन रखरखाव के दौरान डब्ल्यूसीसी डीडीयू में विभिन्न गतिविधियों का 2 वर्षों की अवधि के लिए आउटसोर्सिंग का कार्य।, **क्र.सं. :** 2, **कार्य का अनुमानित मूल्य :** ₹ 6,92,97,658.60 रुपये छः करोड़ बानवे लाख सनतानवे हजार छः सौ अनठावन एवं साठ पैसे मात्र।, **क्र.सं. :** 3, **धरोहर राशि :** ₹ 4,96,500/– रूपये चार लाख छियानवे हजार पाँच सौ मात्र।, **क्र.सं. :** 4, **निविदा फार्म जमा करने तथा निविदा खुलने का समय एवं तिथि :** ई निविदा दिनांक 10.02.2026 से 24.02.2026 तक समय 11:00 बजे तक।, **क्र.सं. :** 5, **वेबसाईट एवं सूचना बोर्ड जिस पर यह सूचना उपलब्ध रहेगी तथा निविदा फार्म खरीदने का पता :** IREPS website : **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध होगी इसके अतिरिक्त Manual Offer स्वीकार नहीं किया जायेगा। नोट : विस्तृत जानकारी हेतु कृपया निविदा फार्म देखें।

**व.मं.यॉ. अभि./समाडि**
**पूर्व मध्य रेल, डीडीयू**
पीआर/1739/डीडीयू/सी एण्ड डब्ल्यू/टी/25–26/44



### पूर्व मध्य रेल
#### ऑन लाईन ई–निविदा (खुली)
#### निविदा आमंत्रित सूचना संख्याः ईएल/50/दानापुर/खुली/46/2025–26

मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व मध्य रेल दानापुर भारत के राष्ट्रपति की ओर से दानापुर मंडल में उन संवेदकों से जिनके पास वैध विद्युत लाईसेंस जो राज्य/केन्द्र सरकार के लाईसेंसिंग बोर्ड द्वारा जारी किया गया हो और वे निविदा पत्र में वर्णित अन्य शर्तों को पूरा करते हों उनसे निम्नलिखित कार्य हेतु ऑन लाईन ई–निविदा (खुली) निविदा आमंत्रित करते हैं।

**निविदा संख्या : ईएल/50/दानापुर/खुली/46/2025–26, 1. कार्य का नाम :** दानापुर डिवीजन में सभी रेलवे इंस्टॉलेशन के लिए पारंपरिक इलेक्ट्रिक एनर्जी मीटर की जगह स्मार्ट प्रीपेड मीटरिंग सिस्टम लगाना। **2. अनुमानित लागत :** रू० 2,71,35,676.87/–, **3. अग्रधन राशि :** रू० 2,85,700/–, **4. निविदा जमा करने की तिथि एवं समय :** 24.02.2026 को 12.00 बजे तक निर्धारित है। **5. उपरोक्त सभी निविदा की वेबसाइट, नोटिस बोर्ड और कार्यालय :** क्रिस वेबसाइट **http:// www.ireps.gov.in** वरीय मंडल बिजली इंजीनियर/सा०/ का कार्यालय, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय भवन, पूर्व मध्य रेल, दानापुर। **नोट :** (1) विवाद की स्थिति में अंग्रेजी नोटिस मान्य होगा। (2) यदि जरूरी हो तो शुद्धि–पत्र उपरोक्त वेबसाईट पर 15 दिन पहले तक अपलोड होगा।

**मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत/सा०)/दानापुर**
पीआर/1734/डीएनआर/ईएलईसीटी/टी/25–26/44


## कलश शोभा यात्रा निकाली

**भागलपुर।** भागलपुर के नाथनगर स्थित पासी टोला दुर्गास्थान में शिव परिवार प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर तीन दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान का शुभारंभ श्रद्धा और आस्था के साथ किया गया। आयोजन की शुरुआत विधिवत पंचांग पूजन से हुई, जिसके बाद कलश शोभा यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालु पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए। पूरा इलाका हर-हर महादेव और जय शिव शंकर के जयकारों से गुंजायमान हो उठा। कलश शोभा यात्रा पासी टोला दुर्गास्थान से प्रारंभ होकर के.बी. लाल रोड होते हुए बाबा मनसकामना नाथ मंदिर पहुंची, जहां श्रद्धालुओं ने कलश में पवित्र जल भरा। इसके बाद शोभा यात्रा मारबाड़ी पट्टी होते हुए नर्सिंग भगवान ठाकुर स्थान पहुंची और अंततः फिर से पासी टोला दुर्गा मंदिर लौटकर संपन्न हुई। यात्रा मार्ग के दोनों ओर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। जगह-जगह पुष्पवर्षा कर श्रद्धालुओं का स्वागत किया गया।

**पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बनाः** प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बना हुआ है। मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। धार्मिक अनुष्ठान के दौरान भजन-कीर्तन और मंत्रोच्चार से वातावरण पूरी तरह आध्यात्मिक हो गया। आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है और क्षेत्र के लोग स्वेच्छा से व्यवस्था में सहयोग कर रहे हैं। इस धार्मिक आयोजन के निवेदक जिला पासी नवयुवक संघ और समस्त पासी समाज, नाथनगर हैं। पूजा-अर्चना का दायित्व आचार्य पंडित माना शुक्ला निभा रहे हैं। यजमान के रूप में शंभू चौधरी अपनी पत्नी के साथ विधि-विधानपूर्वक पूजन में शामिल हुए। आयोजकों के अनुसार तीन दिनों तक चलने वाले कार्यक्रम के दौरान विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों के साथ हवन, आरती और प्रसाद वितरण किया जाएगा।


### समाहरणालय, औरंगाबाद
(जिला वाहन कोषांग)
बिहार विधान सभा आम निर्वाचन–2025

बिहार सरकार

**आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा सभी वाहन मालिकों को अन्तिम रूप से सूचित किया जाता है कि बिहार विधान सभा आम निर्वाचन–2025 के अवसर पर सभी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र यथा–219–गोह, 220–ओबरा, 221–नबीनगर, 222–कुटुम्बा, 223–औरंगाबाद एवं 224–रफीगंज में चुनाव कार्य में प्रयुक्त वाहनों का लॉगबुक दिनांक–15.02.2026 तक निश्चित रूप से जिला परिवहन कार्यालय, औरंगाबाद जमा कर दें। ताकि अधिग्रहित वाहनों का अंतिम मुआवजा भुगतान की कार्रवाई की जा सके।

नोडल पदाधिकारी, जिला वाहन कोषांग
–सह–
जिला परिवहन पदाधिकारी, औरंगाबाद

PR. No. 023382 (Election) 2025-26

उक्त सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

रक्त की आवश्यकता पड़ने पर लाईसेंस प्राप्त ब्लड बैंकों से ही रक्त प्राप्त करें।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### सीट स्टेटस अपडेट नहीं, स्कूलों पर होगी कार्रवाई

**आरा**। शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत नामांकन प्रक्रिया में लापरवाही बरतने वाले मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों पर शिक्षा विभाग सख्त हो गया है। जिला शिक्षा पदाधिकारी, भोजपुर द्वारा जारी पत्र में स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि जो निजी विद्यालय अब तक कक्षा- वन के लिए सीट स्टेटस अपडेट नहीं कर रहे हैं, वे निर्धारित तिथि तक अनिवार्य रूप से इसे अपडेट करें, अन्यथा उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। जिला शिक्षा पदाधिकारी डॉ. मानवेन्द्र कुमार राय द्वारा जारी पत्र के अनुसार, आरटीई अधिनियम की धारा 12(1)(सी) के तहत कमजोर एवं वंचित वर्ग के बच्चों के नामांकन हेतु सभी मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों को पोर्टल पर सीट स्टेटस अपडेट करना अनिवार्य है। इसके बावजूद बार-बार निर्देश दिए जाने के बाद भी कई विद्यालयों द्वारा सीट स्टेटस अपडेट नहीं किया गया है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि कक्षा-वन में प्रवेश की प्रक्रिया पारदर्शी एवं निष्पक्ष होनी चाहिए। यदि विद्यालय जानबूझकर सीट स्टेटस अपडेट नहीं करते हैं, तो यह नियमों का उल्लंघन माना जाएगा। ऐसे मामलों में संबंधित विद्यालयों के विरुद्ध आरटीई अधिनियम एवं बिहार शिक्षा नियमावली के तहत कार्रवाई की जा सकती है। शिक्षा विभाग ने सभी मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों को निर्देश दिया है कि वे 5 फरवरी 2026 को दोपहर एक बजे तक अनिवार्य रूप से कक्षा-वन का सीट स्टेटस पोर्टल पर अपडेट कर लें। विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि जो विद्यालय निर्धारित समय तक सीट स्टेटस अपडेट नहीं करेंगे, उनके संबंध में यह मान लिया जाएगा कि वे विद्यालय संचालन में नहीं हैं अथवा बंद हैं और इसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। प्रारंभिक शिक्षा एवं सर्व शिक्षा अभियान के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी चंदन प्रभाकर द्वारा भी इस आदेश का अनुपालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए हैं। शिक्षा विभाग ने सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों को भी निगरानी रखने और आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा है। शिक्षा विभाग का कहना है कि आरटीई के तहत पात्र बच्चों को समय पर नामांकन का अवसर मिले, इसके लिए नियमों का सख्ती से पालन कराया जाएगा और किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। गौरतलब हो कि ऑनलाइन नामांकन की समय-सीमा का विस्तार किया गया है। जारी संशोधित कार्यक्रम के अनुसार छात्र पंजीकरण की अंतिम तिथि 15 फरवरी 2026 तक निर्धारित की गई है। वहीं पंजीकृत छात्रों का सत्यापन 18 फरवरी 2026 तक किया जाएगा। इसके पश्चात 23 फरवरी 2026 को सत्यापित छात्रों का ऑनलाइन स्कूल आवंटन किया जाएगा। चयनित छात्रों का विद्यालयों में नामांकन 24 फरवरी 2026 से 10 मार्च 2026 तक कराया जाएगा। शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत प्रवेश की पूरी प्रक्रिया पूर्णतः ऑनलाइन होगी। नामांकन से संबंधित सभी आवश्यक आदेश एवं दिशा-निर्देश ज्ञानदीप पोर्टल (gyandeep.bihar.gov. in) पर उपलब्ध कराए गए हैं, ताकि अभिभावकों एवं लाभार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो। समय-सीमा बढ़ाए जाने से जिले के हजारों वंचित एवं कमजोर वर्ग के बच्चों को निजी विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में खुला स्तनपान गृह

**गड़हनी**। स्थानीय गड़हनी प्रखंड स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में बच्चों को दूध पिलाने को लेकर स्तनपान गृह खोला गया है। स्वास्थ्य केंद्र में ओपीडी में आए महिलाओं को ये सुविधा देने ले लिये स्तनपान गृह खोला गया है। स्तनपान गृह में एक महिला स्टाफ को बैठाया गया है। स्वास्थ्य केन्द्र के प्रबंधक अनिल कुमार में बताया कि ओपीडी में आए महिलाओं को बच्चे को दूध पिलाने को ले बहुत दिक्कत होती थी, जिसको लेकर ये व्यस्था दिया गया है।

### 184 परीक्षार्थियों ने छोड़ी इंटरमीडिएट की परीक्षा

**बक्सर**। जिले के 32 परीक्षा केंद्रों पर चल रहे इंटरमीडिएट वार्षिक सैद्धांतिक परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न हुई।जिला नियंत्रण कक्ष से प्राप्त सूचनानुसार परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली है। प्रथम पाली में आयोजित गणित विषय की परीक्षा में कुल 6752 परीक्षार्थी में से 6667 परीक्षार्थी उपस्थित हुए। इस पाली में 85 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाए गए।

### शराब तस्करी में दोषी वाहन मालिक को 5 साल की जेल, एक लाख जुर्माना

**बक्सर**। शराब तस्करी के एक मामले में मंगलवार को व्यवहार न्यायालय स्थित विशेष उत्पाद न्यायालय संख्या-2 में सुनवाई हुई। कोर्ट ने कड़ा रुख अपनाते हुए दोषी को कठोर सजा सुनाई है। न्यायाधीश सोनेलाल रजक की अदालत ने वाहन मालिक रामबाबू वर्मा को 5 वर्ष के कठोर कारावास तथा 1,00,000 जुर्माने की सजा सुनाई। जुर्माना नहीं देने पर अभियुक्त को अतिरिक्त 6 माह की सजा काटनी होगी। अनन्य विशेष लोक अभियोजक अवधेश कुमार राय, अपर विशेष लोक अभियोजक रविंद्र कुमार सिन्हा एवं श्यामा श्री चंद्र ने बताया कि कृष्णाब्रह्म पुलिस ने थाना क्षेत्र के अरियांव गांव के समीप पक्की सड़क पर सिधानी डेरा के पास 20 अक्टूबर 2019 को एक संदिग्ध स्कॉर्पियो को पकड़ा था। तलाशी के दौरान वाहन से 86 पेटी विदेशी शराब एवं 42 पीस बीयर बरामद की गई। कुल मिलाकर 774.5 लीटर अवैध शराब जब्त हुई थी।

### फाइलेरिया की दवा खिलाने को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में बैठक

**गड़हनी**। 10 फरवरी से गड़हनी प्रखंड में चलने वाला फाइलेरिया उन्मूलन अभियान को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गड़हनी में ब्लॉक स्तरीय बैठक की गई। बैठक में शिक्षा विभाग, आंगनबाड़ी, पंचायती राज व स्वास्थ्य विभाग से पदाधिकारियों उपस्थित थे। ये अभियान 10 फरवरी से 27 फरवरी तक चलेगा। इस अभियान में दो साल से ऊपर सभी लोगों को फाइलेरिया का दवा खिलाया जाएगा। सिर्फ दो साल से कल बच्चे व गर्भवती महिलाओं को दवा नहीं खिलना है। 10 फरवरी से 24 फरवरी तक आशा, सेविका, सहायिका के द्वारा घर घर जाकर सभी लोगों को दवा खिलाया जाएगा। वहीं, 25 फरवरी से 27 फरवरी तक आंगनबाड़ी केंद्र व स्कूल में खिलाया जाएगा। इस अभियान को सफल बनाने को लेकर पंचायत के सभी जनप्रतिनिधियों से मदद लिया जाएगा। सरकार का उद्देश्य है कि देश से फाइलेरिया रोग को समाप्त करना है। प्रभारी डॉक्टर चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. सुनील महेंद्र कपूर ने बताया कि जरूरी नहीं है कि जिनको फाइलेरिया रोग है वहीं दवा खायेंगे, दो साल से ऊपर सभी लोग दवा खा सकते है। इस दवा में कोई सईद इफेक्ट नहीं है। वहीं, बीसीएम प्रकाश कुमार ने कहा कि जब तक सभी लोग नहीं लगेंगे ये अभियान सफल नहीं होगा।

### प्रभु श्रीराम के चरण रज का स्पर्श पाते ही पुन

**बक्सर**। श्री हनुमत धाम मंदिर में आयोजित श्री सद्गुरुदेव पुण्य स्मृति महोत्सव के चौथे दिन भक्ति का सैलाब उमड़ पड़ा। पूज्य मामा जी महाराज की स्मृति में चल रहे पांच दिवसीय महोत्सव के चौथे दिन हजारों की संख्या में पहुंचे साधु-संतों और ग्रामीण भक्तों ने श्रीराम कथा का रसपान किया। अयोध्या से पधारे कथा व्यास पंडित विजय नारायण शरण जी ने चौथे दिन अहिल्या उद्धार प्रसंग का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार गौतम ऋषि की पत्नी अहिल्या, जो श्रापवश शिला (पत्थर) बन गई थीं, प्रभु श्रीराम के चरण रज का स्पर्श पाते ही पुनः चेतनावस्था में आ गईं। व्यास जी ने भावपूर्ण शब्दों में कहा कि "प्रभु श्रीराम करुणा के सागर हैं, उन्होंने न केवल ऋषियों के यज्ञ की रक्षा की, बल्कि श्रापित अहिल्या को भी मोक्ष प्रदान किया। जनकपुर की सुंदरता और नगर दर्शन का प्रसंग सुनाया कथा व्यास ने प्रभु श्रीराम और लक्ष्मण के जनकपुर नगर भ्रमण का प्रसंग सुनाया गया। उन्होंने बताया कि जब विश्वामित्र जी की आज्ञा पाकर दोनों भाई जनकपुर देखने निकले, तो उनकी अलौकिक छवि को देखकर जनकपुरवासी मुग्ध हो गए। इस प्रसंग के दौरान भजन गायकी पर श्रद्धालु झूम उठे और पूरा पंडाल "सिया-राम" के जयकारों से गुंजायमान हो गया।

# किसानों को लाभ दिलाने की दिशा में, निशुल्क फार्मर रजिस्ट्री अभियान

निज संवाददाता। आरा

किसानों को सरकारी योजनाओं का सीधा, पारदर्शी और समयबद्ध लाभ दिलाने की दिशा में जिला प्रशासन ने बड़ा कदम उठाया है। भोजपुर के डीएम तनय सुल्तानिया ने जिले के सभी किसानों से निशुल्क फार्मर रजिस्ट्री अभियान का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि पंजीकरण के माध्यम से किसानों को केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं से जोड़ना आसान होगा। लाभ सीधे पात्र किसानों तक पहुंच सकेगा। इस उद्देश्य से जिले में 6 फरवरी 2026 तक विशेष पंजीकरण अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिले की सभी 226 पंचायतों में कुल 234 चिन्हित स्थलों पर विशेष शिविर लगाए जा रहे हैं, जहां किसान पहुंचकर निशुल्क फार्मर रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। इसके अलावा जिले में संचालित 800 से अधिक कॉमन




सर्विस सेंटर (सीएससी) पर भी यह सुविधा पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध कराई गई है। किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए ऑनलाइन व्यवस्था भी की गई है, जिसके तहत किसान bhfr.agristack.gov.in/farmer-registr पोर्टल पर जाकर घर बैठे अपना पंजीकरण करा सकते हैं।

**हरसंभव सहयोग उपलब्ध कराने का निर्देशः** यह अभियान सीमित अवधि के लिए है, इसलिए सभी किसान समय रहते पंजीकरण अवश्य कराएं। संबंधित विभागों के अधिकारियों और कर्मियों को निर्देश दिया है कि पंजीकरण के दौरान किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो और उन्हें हरसंभव सहयोग उपलब्ध कराया जाए। शिविरों पर आवश्यक तकनीकी संसाधन, इंटरनेट सुविधा और कर्मियों की तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए हैं। जिला पदाधिकारी ने कहा कि फार्मर रजिस्ट्री के माध्यम से किसानों का एक समेकित और प्रमाणिक डाटाबेस तैयार होगा, जिससे प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना, कृषि अनुदान, बीज व उर्वरक सब्सिडी जैसी योजनाओं का लाभ पारदर्शी तरीके से दिया जा सकेगा। इससे फर्जीवाड़े पर भी प्रभावी रोक लगेगी और वास्तविक किसानों को प्राथमिकता मिलेगी। किसानों की सहायता के लिए कृषि विभाग का हेल्पलाइन नंबर 18001801551, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग का हेल्पलाइन नंबर 18003456215 जारी किया गया है। जिला प्रशासन ने किसानों से अपील की है कि वे नजदीकी शिविर या सीएससी केंद्र पर पहुंचकर फार्मर रजिस्ट्री अवश्य कराएं और सरकारी योजनाओं का पूरा लाभ उठाएं।

# सोन नदी में डूबे तीसरे युवक का शव हुआ बरामद

निज संवाददाता। आरा



भोजपुर के सोन नदी में डूबे तीसरे युवक का शव मंगलवार को बरामद हुआ। SDRF की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद शव को बाहर निकाला। मृतक की पहचान पुराना हरीपुर गांव निवासी शशिभूषण गुप्ता के पुत्र विशाल कुमार(21) के तौर पर हुई है। घटना कोईलवर थाना क्षेत्र की है। एक फरवरी को विशाल अपने दो दोस्तों के साथ नदी किनारे स्नान करने पहुंचा था। इस दौरान तीन नदी में डूब गए। उसी दिन आदर्श उर्फ लाडो(14) और गौरव कुमार(14) का शव बरामद हो गया था, जबकि विशाल को कुछ पता नहीं चला। तीसरे दिन उसका शव मिला। शव मिलने के बाद लोगों ने रोड जामकर प्रदर्शन किया।

**दोस्तों को बचाने के लिए नदी में कूद पड़ाः** विशाल के चाचा भरत प्रसाद ने बताया कि जब दोनों किशोर डूबने लगे तो वहां मौजूद लोगों से मेरे भतीजे ने उन्हें बचाने की गुहार लगाई। लोगों के कहने पर विशाल अपने दोनों दोस्तों को बचाने के लिए नदी में कूद पड़ा। उसने साहस दिखाते हुए आदर्श और गौरव को बचाने की कोशिश की, लेकिन खुद गहरे गड्ढे में फंस गया और नीचे दब गया। आदर्श और गौरव बहते हुए कुछ दूरी पर चले गए, जिनके शव बाद में बरामद कर लिए गए। घटना के बाद घाट पर अफरा-तफरी मच गई और ग्रामीणों ने शोर मचाकर मदद की गुहार लगाई।

**खुलेआम अवैध खनन हो रहा हैः** आरोप लगाते हुए भरत प्रसाद ने कहा कि सोन नदी के घाटों पर बालू माफियाओं द्वारा JCB मशीन से खुलेआम अवैध खनन किया जा रहा है, जिससे कई फीट गहरे गड्ढे बन गए हैं। यही गड्ढे लगातार हादसों की वजह बन रहे हैं।

# जैन मुनियों का भव्य स्वागत

निज संवाददाता। बक्सर



दिल्ली से पैदल यात्रा पर निकले जैन मुनियों का बिहार की सीमा में प्रवेश करते ही बक्सर जिले में भव्य स्वागत किया गया। जैन मुनि उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जिले से होते हुए चौसा के यादव मोड़ के रास्ते बिहार पहुंचे। इस दौरान स्थानीय लोगों ने फूल-मालाओं से उनका अभिनंदन किया और बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए उमड़ पड़े।

**पुलिस ने मुनियों को बिहार सीमा तक एस्कॉर्ट कर सुरक्षित पहुंचायाः** स्वागत करने वालों में विवेक चौबे, दुनिया पाण्डेय, मनोज यादव, मदन उपाध्याय, तेजनारायण उपाध्याय, निप्पू कुमार सहित कई स्थानीय लोग शामिल थे। सुरक्षा व्यवस्था के तहत, उत्तर प्रदेश पुलिस ने मुनियों को बिहार सीमा तक एस्कॉर्ट कर सुरक्षित पहुंचाया। इसके बाद उन्हें चौसा स्थित केदार महाराज द्वारा स्थापित प्रसिद्ध संत सेवा आश्रम में विश्राम के लिए ठहराया गया। चौसा निवासी दुनिया पाण्डेय ने बताया कि जैन मुनि दिल्ली से पार्श्वनाथ पहाड़ (झारखंड) तक की पैदल यात्रा पर हैं। वे प्रतिदिन लगभग 20 से 22 किलोमीटर की दूरी नंगे पैर तय करते हैं। यह यात्रा तपस्या, आत्म-संयम और आध्यात्मिक शुद्धि का प्रतीक मानी जाती है। विवेक चौबे ने जानकारी दी कि मुनियों के दर्शन के लिए दोपहर तक भारी भीड़ जुटी रही। उन्होंने बताया कि यह पदयात्रा केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि समाज को जागरूक करने का अभियान भी है। मुनि लोगों को शुद्ध शाकाहार अपनाने, नशामुक्त जीवन जीने और नैतिक मूल्यों का पालन करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। जैन परंपरा के अनुसार, वर्षा ऋतु के चार माह (चातुर्मास) में यह यात्रा स्थगित रहती है। इसका कारण इस दौरान सूक्ष्म जीवों की अधिक उत्पत्ति और मार्गों का कठिन होना है। यह पदयात्रा अहिंसा और मोक्ष प्राप्ति के मार्ग का प्रतीक मानी जाती है। जैन मुनियों के आगमन से क्षेत्र में धार्मिक वातावरण बना हुआ है।

# 'एक बिहारी हूं... क्या गुनाह किया था?'

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर के नवानगर में स्थित एथेनॉल प्लांट के सीएमडी अजय सिंह ने केंद्र और राज्य सरकार से अपने प्लांट को बचाने की गुहार लगाई है। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी कर कहा कि उनका प्लांट बर्बादी की कगार पर है। सिंह ने बताया कि भारत सरकार और बिहार सरकार के कहने पर उन्होंने यह एथेनॉल प्लांट लगाया था। उन्होंने अपने प्लांट के टैंक दिखाते हुए कहा कि इनमें एथेनॉल भरा हुआ है, लेकिन सरकार इसे खरीदने से मना कर रही है। उन्होंने यह भी कहा कि यह समस्या केवल उनके प्लांट की नहीं, बल्कि बिहार के लगभग सभी एथेनॉल प्लांट्स की है।

**''पीड़ा सुनने वाला कोई नहीं है''**: अजय सिंह ने आरोप लगाया कि अगर 2021 में उनसे प्लांट लगाने और निवेश करने के लिए नहीं कहा गया होता, यह आश्वासन देकर कि भारत सरकार पूरा एथेनॉल खरीदेगी, तो वे यह काम नहीं करते। उन्होंने कहा कि इतना पैसा लगाने के बाद अब वे इतने विवश हैं कि



उनकी पीड़ा सुनने वाला कोई नहीं है।

**प्लांट में लगभग 700 लोग करते हैं कामः** सिंह ने अपनी परेशानी व्यक्त करते हुए कहा कि प्लांट के टैंक एथेनॉल से भरे हैं और उनका बहुत सारा पैसा फंसा हुआ है। प्लांट में लगभग 700 लोग काम करते हैं, जिनकी आजीविका खतरे में है। उन्होंने बताया कि बिहार की नीति के अनुसार, वे एथेनॉल के अलावा कुछ और नहीं बना सकते, जबकि अन्य राज्यों में ऐसी कोई पाबंदी नहीं है।

**आपूर्ति 50 प्रतिशत कम कर दी गईः** उन्होंने दोहराया कि भारत सरकार के साथ समझौते के बाद ही उन्होंने यह प्लांट स्थापित किया था। सिंह ने तर्क दिया कि उन्हें प्राथमिकता मिलनी चाहिए थी क्योंकि उनका प्लांट शुरुआती एथेनॉल प्लांट्स में से एक था। उन्होंने यह भी बताया कि उनकी आपूर्ति 50 प्रतिशत कम कर दी गई है और वे उत्पाद को खुले बाजार में बेच भी नहीं सकते। सिंह ने बैंक दिवालिया होने और भारी कर्ज की चिंता भी जताई। सिंह ने भावुक होते हुए कहा कि लोगो को लगता है मै बहुत पैसा वाला हूं ।ऐसा नहीं है हमने पाई पाई जोड़कर ,बिहार को उद्योग को लगाया।मजदूरों को बिहार में रोजगार के रास्ते दिखाए।

**''सरकार ने हमें बीच मझधार में छोड़ दिया''**: अंत में कहा कि अगर आप हमारे व्यथा को नहीं सुनते है तो हम तो अपना रास्ता अलग बनाएंगे। लेकिन लोग सरकार के वादों पर भरोसा करना छोड़ देंगे। हम लोग बहुत दर्द में है, दिल्ली बॉम्बे पटना लगातार विजिट कर रहे है। पेट्रोलियम डिपार्टमेंट में बात करना चाहते है। कोई तैयार नहीं है। सरकार ने हमें बीच मझधार में छोड़ दिया है। गुहार लगाते हुए कहा कि सरकार हमे इससे उबारे या कह दे कि इसे बंद कर दीजिए या कोई दूसरा रास्ता बताए।

# अवैध हथियार के साथ बदमाश गिरफ्तार

निज संवाददाता। आरा

आरा में अवैध हथियारों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कृष्णागढ़ थाना पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने मंगलवार को झोकीपुर गांव के समीप छापेमारी कर एक बदमाश को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान सरैया गांव निवासी रितिक कुमार गोस्वामी के रूप में की गई है। पुलिस ने उसके पास से एक देसी पिस्टल, पांच जिंदा कारतूस, एक मैगजीन और एक मोबाइल फोन बरामद किया है। आशंका जताई जा रही है कि आरोपी किसी बड़ी आपराधिक वारदात को अंजाम देने की फिराक में था, लेकिन समय रहते पुलिस की कार्रवाई से वारदात टल गई।

**गुप्त सूचना पर पुलिस ने मारी रेड, किया गिरफ्तारः** बताया जा रहा है कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि एक बदमाश अवैध हथियार लेकर क्षेत्र में घूम रहा है और किसी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहा है। सूचना मिलते ही कृष्णागढ़ थानाध्यक्ष रोशन कुमार के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। इसके बाद झोकीपुर गांव के आसपास सघन छापेमारी अभियान चलाया गया। इसी दौरान पुलिस ने



आरोपी को संदिग्ध अवस्था में पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से अवैध हथियार और कारतूस बरामद किए गए, जिसके बाद उसे मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया।

**गिरफ्तार आरोपी का रहा है अपराधिक इतिहासः** थानाध्यक्ष रौशन ने बताया कि, 'गिरफ्तार आरोपी का अपराधिक इतिहास भी है। पहले वह शराब से जुड़े मामलों में चार्जशीटेड रह चुका है। फिलहाल, पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है और यह जानने की कोशिश कर रहे हैं कि अवैध हथियार उसे कहां से मिला, इसके पीछे कौन लोग शामिल हैं और उसका अगला मंसूबा क्या था? पुलिस इस बात की

♦ **बड़ी वारदात को अंजाम देने से पहले दबोचा, एक पिस्टल और 5 गोली बरामद**

भी जांच कर रही है कि आरोपी किसी संगठित आपराधिक गिरोह से जुड़ा है या नहीं।'

**लूटकांड का फरार आरोपी गिरफ्तारः** इसके अलावा भोजपुर जिले के चांदी थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर लूटकांड के दो फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार आरोपी भदवर गांव निवासी चंदन कुमार और मनीष कुमार हैं। थानाध्यक्ष राकेश कुमार रौशन ने बताया कि, 'दोनों के खिलाफ चांदी थाना में कांड दर्ज है। लूट की घटना को अंजाम देने के बाद से दोनों आरोपी फरार चल रहे थे। मंगलवार को सूचना के आधार पर पुलिस ने छापेमारी कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया।' पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपी ट्रक चालक से रुपये और लाकेट छीनने की घटना में शामिल थे। गिरफ्तारी के दौरान उनके पास से एक बाइक बरामद की है। थानाध्यक्ष ने बताया कि 'गिरफ्तार दोनों आरोपी पूर्व में भी कोईलवर थाना क्षेत्र में दर्ज मामलों में जेल जा चुके हैं।'

# दो बाइकों की आपस में टक्कर



निज संवाददाता। आरा

भोजपुर के आरा-बड़हरा मुख्य मार्ग पर हुए एक भीषण सड़क हादसे में आर्मी जवान समेत चार युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही डायल 112 की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और सभी जख्मियों को तत्काल इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया, जहां उनका इलाज जारी है।

**बुलेट और बाइक की आमने-सामने भिड़ंतः** घटना शहर के टाउन थाना क्षेत्र अंतर्गत गौसगंज स्थित पीएनबी बैंक के पास उस समय हुई, जब बुलेट और बाइक की आमने-सामने से जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों वाहनों पर सवार युवक सड़क पर दूर जा गिरे और मौके पर अफरा-तफरी मच गई। जख्मी के परिजन ने बताया कि, आर्मी जवान पवन कुमार सिंह गौसगंज बाजार से सामान खरीदकर घर लौट रहे थे, जबकि दूसरी बाइक पर सवार तीनों किशोर बड़हरा से आरा की ओर आ रहे थे। इसी दौरान पीएनबी बैंक के समीप दोनों वाहनों की सीधी टक्कर हो गई। हादसे में अजीत तिवारी और आर्मी जवान पवन कुमार सिंह को गंभीर चोटें आई हैं, जबकि अन्य दो युवक भी बुरी तरह जख्मी हुए हैं।

**बुलेट सवार आर्मी जवान भी घायलः** घायलों की पहचान

♦ **आर्मी जवान समेत 4 युवक घायल, बाजार से घर लौटते समय हुआ हादसा, दो गंभीर**

बड़हरा थाना क्षेत्र के मनी छपरा गांव निवासी धनंजय तिवारी के 16 वर्षीय बेटे राहुल कुमार, नवादा थाना क्षेत्र के बहिरो गांव निवासी सिद्धनाथ पांडेय के 17 वर्षीय बेटे कुंदन कुमार, कोईलवर थाना क्षेत्र के दयालचक गांव निवासी मंटू तिवारी के 16 वर्षीय बेटे अजीत तिवारी और बुलेट सवार आर्मी जवान पवन कुमार सिंह के रूप में की गई है। जवान पवन कुमार सिंह बड़हरा थाना क्षेत्र के चातर गांव निवासी स्व. रामशेखर सिंह (सेवानिवृत्त आर्मी सूबेदार) के बेटे हैं। वर्तमान में वह जम्मू-कश्मीर में तैनात हैं। इन दिनों वह गौसगंज के शंकर नगर स्थित अपने मकान में रह रहे थे।

**घायलों को सिर, हाथ और पैर में आई चोटेंः** आरा सदर अस्पताल में तैनात चिकित्सक ने बताया कि सभी घायलों को सिर, हाथ और पैर में चोटें आई हैं। डॉक्टर ने बताया कि दो मरीजों की हालत चिंताजनक बनी हुई है, जिन्हें बेहतर निगरानी में रखा गया है। आवश्यक जांच के बाद इलाज किया जा रहा है।

# बेरोजगारों के लिए मुफ्त टूल किट योजना शुरू

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर जिले में बेरोजगार एवं तकनीकी प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से एक नई योजना शुरू की गई है। श्रम संसाधन विभाग के तहत जिला नियोजनालय, बक्सर द्वारा निःशुल्क टूल किट वितरण योजना का शुभारंभ किया गया है। इस पहल का लक्ष्य योग्य अभ्यर्थियों को उनके संबंधित ट्रेड के अनुसार मुफ्त टूल किट उपलब्ध कराना है, ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें।जिला नियोजन पदाधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार, इलेक्ट्रीशियन, फिटर, मोबाइल रिपेयर, ब्यूटिशियन, प्लंबर और इलेक्ट्रॉनिक्स रिपेयर जैसे तकनीकी एवं व्यावसायिक ट्रेड में प्रशिक्षित युवा इस योजना का लाभ उठा सकेंगे। चयनित लाभार्थियों को उनके कार्य से संबंधित आवश्यक टूल किट प्रदान की जाएगी।योजना के तहत पात्रता के लिए कुछ शर्तें निर्धारित की गई हैं। अभ्यर्थी बिहार राज्य का निवासी होना चाहिए और उसकी वार्षिक पारिवारिक आय तीन लाख रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए।

**चयन में पुराने निबंधन को प्राथमिकता दी जाएगीः** साथ ही, आवेदक का जिला नियोजनालय में कम से कम छह माह पूर्व से निबंधन अनिवार्य है।



लाभुकों के चयन में पुराने निबंधन को प्राथमिकता दी जाएगी।इसके अतिरिक्त, अभ्यर्थी को केंद्र या राज्य सरकार से मान्यता प्राप्त संस्थान से संबंधित ट्रेड में न्यूनतम तीन माह का प्रशिक्षण प्राप्त होना आवश्यक है। आवेदक की आयु 18 से 40 वर्ष के बीच होनी चाहिए।चयन प्रक्रिया में दिव्यांगजन, ट्रांसजेंडर, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग, पिछड़ा वर्ग, अत्यंत पिछड़ा वर्ग तथा महिला अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी।

**स्टडी किट या टूल किट योजना का लाभ ले चुकेः** यह भी स्पष्ट किया गया है कि जो अभ्यर्थी पूर्व में स्टडी किट या टूल किट योजना

♦ **इलेक्ट्रीशियन-प्लंबर समेत कई ट्रेड शामिल, 25 फरवरी तक आवेदन, पुराने निबंधन वालों को प्राथमिकता**

का लाभ ले चुके हैं, वे इस योजना के लिए पात्र नहीं होंगे। एक अभ्यर्थी को केवल एक ही योजना का लाभ दिया जाएगा।इच्छुक अभ्यर्थियों को निर्धारित आवेदन प्रपत्र के साथ सभी आवश्यक कागजातों की स्व-अभिप्रमाणित छायाप्रति संलग्न कर जिला नियोजनालय, बक्सर में जमा करनी होगी। आवेदन की अंतिम तिथि 25 फरवरी 2026 निर्धारित की गई है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।लाभुकों का चयन उप निदेशक नियोजन, पटना प्रमंडल की अध्यक्षता में गठित एक त्रिसदस्यीय समिति द्वारा किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी मोबाइल नंबर 8210044587 पर संपर्क कर सकते हैं।यह योजना जिले के युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### पति से झगड़े के बाद घर छोड़कर गई विवाहिता, अपहरण की प्राथमिकी के बाद पुलिस ने पटना से किया बरामद

**मसौढ़ी, पटना।** पुनपुन थाना क्षेत्र के एक गांव से विवाहिता महिला के अचानक गायब होने का मामला सामने आया, जिससे इलाके में सनसनी फैल गई। महिला के पति ने इस संबंध में पुनपुन थाना में पत्नी के अपहरण की प्राथमिकी दर्ज कराई थी। दर्ज आवेदन में पति ने पुलिस को बताया कि दो दिन पूर्व उसकी पत्नी घर से बाजार जाने की बात कहकर निकली थी, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटी। काफी खोजबीन के बाद भी जब उसका कोई सुराग नहीं मिला तो उसने आशंका जताई कि किसी ने उसकी पत्नी का अपहरण कर लिया है। प्राथमिकी दर्ज होते ही पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू की। पुलिस की छानबीन में महिला को पटना से सकुशल बरामद कर लिया गया। पूछताछ के दौरान महिला ने पुलिस को बताया कि पति से हुए झगड़े के बाद वह नाराज होकर अपने एक रिश्तेदार के यहां चली गई थी। पुनपुन थाना की एसएचओ बेबी कुमारी ने बताया कि महिला को आवश्यक पूछताछ के बाद उसके पति के सुपुर्द कर दिया गया है। पुलिस के अनुसार मामला आपसी पारिवारिक विवाद से जुड़ा हुआ निकला।

### अफीम-हेरोइन की बड़ी खेप पकड़ी गई, हुंडई वेन्यू से बरामदगी, झारखंड के तीन तस्कर गिरफ्तार




**हाजीपुर।** वैशाली पुलिस ने एक विशेष अभियान में 1 किलो 4 ग्राम अफीम और 158 ग्राम हेरोइन जब्त की है। ये मादक पदार्थ सराय टोल प्लाजा के पास एक हुंडई वेन्यू कार से बरामद किए गए। इस संबंध में झारखंड के तीन तस्करों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। वैशाली पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिले में मादक पदार्थों की बरामदगी के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में, 3 फरवरी 2026 को जिला आसूचना इकाई (DIU) वैशाली को सूचना मिली कि नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र से मुजफ्फरपुर-सराय होते हुए झारखंड जाने वाली एक सफेद हुंडई वेन्यू कार में मादक पदार्थों की एक बड़ी खेप है। सूचना के सत्यापन और आवश्यक कार्रवाई हेतु पुलिस अधीक्षक ने जिला आसूचना इकाई वैशाली और सराय थाना पुलिस की एक संयुक्त टीम का गठन किया। इस टीम ने 3 फरवरी 2026 को शाम लगभग 7:30 बजे सराय टोल टैक्स के पास संदिग्ध हुंडई कार को रोका। कार में चालक सहित कुल तीन लोग सवार थे।

**वीडियो के साथ कार की तलाशी ली गई:** पूछताछ में चालक की पहचान चतरा निवासी ललन कुमार के तौर पर हुई। पिछली सीट पर बैठे दो अन्य व्यक्तियों की पहचान पलामू निवासी श्रवण कुमार और चतरा निवासी अनिल कुमार के रूप में की गई। ये सभी झारखंड राज्य के निवासी हैं। एक दंडाधिकारी की उपस्थिति में वीडियोग्राफी के साथ तीनों व्यक्तियों और कार की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान, कार के गियर बॉक्स के बाईं ओर यात्री सीट के बगल से एक काले रंग की पॉलिथीन में अफीम मिली। इसके अतिरिक्त, गियर के पीछे बने बॉक्स से एक सफेद प्लास्टिक के डिब्बे में ब्राउन कलर का पाउडर (हेरोइन) बरामद हुआ। मौके पर ही दोनों मादक पदार्थों का वजन किया गया, जिसमें अफीम का वजन 1 किलो 4 ग्राम और हेरोइन का वजन 158 ग्राम पाया गया। गिरफ्तार तीनों अभियुक्तों और कार मालिक के खिलाफ सराय थाना कांड संख्या 29/26 दर्ज किया गया है। सभी गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# बीएसआरटीसी बस की डिक्की से 4 लाख की विदेशी शराब बरामद

**निज संवाददाता। पटना**

पटना के दनियावां थाना क्षेत्र में पुलिस ने शराब तस्करी के एक चौंकाने वाले और गंभीर मामले का खुलासा किया है। तस्करों ने अब सरकारी तंत्र को ही अपने अवैध धंधे का जरिया बना लिया है। बिहार राज्य पथ परिवहन निगम की एक सरकारी बस से भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद की गई है। पुलिस ने बस चालक और खलासी को मौके से गिरफ्तार कर लिया है।

दनियावां थाना पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि रांची से मुजफ्फरपुर जा रही एक सरकारी बस में शराब की बड़ी खेप छिपाकर ले जाई जा रही है। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष अनिल प्रसाद के नेतृत्व में पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए होरीलबिगहा गांव के पास नाकेबंदी कर दी और संदिग्ध बस का इंतजार करने लगी। जैसे ही बस होरीलबिगहा के पास पहुंची,

## चालक-खलासी गिरफ्तार



पुलिस ने उसे रोककर तलाशी ली। शुरुआती जांच में बस के अंदर कुछ भी संदिग्ध नजर नहीं आया, लेकिन जब डिक्की की तलाशी ली गई तो पुलिस भी हैरान रह गई। डिक्की से छह कार्टूनों में भरी कुल 282 बोतल विदेशी शराब बरामद की गई, जिसकी मात्रा करीब 211 लीटर बताई जा रही है। जब्त शराब की अनुमानित कीमत बाजार में लगभग 4 लाख रुपये आंकी गई है।

पुलिस ने मौके से बस को जब्त कर लिया और चालक मनोज सिंह तथा खलासी धर्मजीत सिंह को गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपी वैशाली जिले के महुआ थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। सरकारी बस के जरिए शराब तस्करी की इस घटना ने परिवहन विभाग की निगरानी व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। पूछताछ के दौरान दोनों आरोपियों ने खुद को बचाने की कोशिश की। उन्होंने दावा किया कि शराब उन्हें एक पार्सल के रूप में दी गई थी और उन्हें इसके अंदर शराब होने की जानकारी नहीं थी। चालक का कहना था कि यह पार्सल पटना में कहीं उतारा जाना था। हालांकि, पुलिस इस दलील को तस्करी से बचने की साजिश मान रही है और पूरे नेटवर्क की गहन जांच कर रही है। दनियावां पुलिस ने दोनों गिरफ्तार आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। साथ ही उस मुख्य सरगना की तलाश शुरू कर दी गई है, जिसने रांची से शराब लोड करवाई और पटना में इसकी डिलीवरी की योजना बनाई थी। पुलिस को उम्मीद है कि चालक और खलासी से मिले इनपुट के आधार पर पूरे शराब तस्करी गिरोह का पर्दाफाश किया जाएगा।

## शिव प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ को लेकर निकली भव्य कलश यात्रा, नगर हुआ भक्तिमय



**निज संवाददाता। मसौढ़ी, पटना**

नगर के कैलुचक मुहल्ले में आयोजित शिव अचल प्राण प्रतिष्ठा सह रुद्र महायज्ञ को लेकर बुधवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। बैंड-बाजे, हाथी और घोड़ों के साथ निकली इस कलश यात्रा में सैकड़ों की संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए, जिससे पूरा इलाका भक्तिमय माहौल में डूब गया। कलश यात्रा मंदिर स्थल से वैदिक मंत्रोच्चार और हवन-यज्ञ के बीच प्रारंभ हुई। बड़ी संख्या में महिलाएं पीले वस्त्र धारण कर सिर पर कलश लेकर मंगल गीत गाते हुए आगे बढ़ रही थीं। वहीं, युवाओं की टोली डीजे की धुन पर "हर-हर महादेव" जैसे धार्मिक नारों के साथ यात्रा को भव्य रूप दे रही थी। यह यात्रा नगर के मेन रोड, गांधी मैदान होते हुए मणिचक सूर्या मंदिर स्थित तालाब पहुंची, जहां विधिवत वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पवित्र जल को कलश में भरा गया। इसके बाद श्रद्धालु जल से भरे कलश को माथे पर रखकर पुनः यज्ञ स्थल पहुंचे। यज्ञ स्थल पहुंचने पर श्रद्धालुओं ने यज्ञशाला की परिक्रमा की और वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच यज्ञ मंडप में कलश की विधिवत स्थापना की गई। इस अवसर पर उपमुख्य पार्षद चंद्रकांत कुमार उर्फ छोटे पासवान और विनोद यादव भी मौजूद रहे। आयोजन को लेकर पूरे नगर में उत्साह और आस्था का वातावरण बना रहा।

# 491 लीटर विदेशी शराब जब्त, लग्जरी कार समेत 3 गाड़ियों से हो रही थी तस्करी

**निज संवाददाता। हाजीपुर**

वैशाली के महुआ में उत्पाद विभाग की टीम ने कटहारा थाना क्षेत्र के बक्सामा गांव में बड़ी कार्रवाई की है। नहर किनारे से एक लग्जरी कार सहित तीन वाहनों से 491.040 लीटर विदेशी शराब बरामद की गई। हालांकि, छापेमारी की भनक लगते ही शराब तस्कर अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए। उत्पाद विभाग महुआ को गुप्त सूचना मिली थी कि बक्सामा गांव स्थित नहर के पास सुनसान जगह पर शराब की तस्करी की जा रही है। बताया गया कि पिकअप गाड़ी से शराब को लग्जरी कार और बाइक के जरिए आगे पहुंचाया जा रहा था।

**उत्पाद अधीक्षक के निर्देश पर तत्काल कार्रवाई की गई:** इस सूचना के आधार पर उत्पाद अधीक्षक भूपेंद्र कुमार के निर्देश पर तत्काल कार्रवाई की गई। उत्पाद थाना महुआ के उत्पाद निरीक्षक शंभू मिश्रा के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। इस टीम में अवर निरीक्षक जयशंकर, सहायक



अवर निरीक्षक संतोष कुमार झा, प्रमोद कुमार ठाकुर, सिपाही संजीव पासवान, नीतीश कुमार, सचिन कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर छापा मारा। छापेमारी के दौरान पुलिस ने देखा कि पिकअप गाड़ी से लग्जरी कार और बाइक पर शराब अनलोड की जा रही थी। पुलिस ने मौके से 55 कार्टूनों में रखी कुल 491.040 लीटर विदेशी शराब जब्त की।

**अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार होने में सफल रहे:** शराब तस्कर पुलिस की भनक लगते ही अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार होने में सफल रहे। जब्त किए गए पिकअप, लग्जरी कार और बाइक के अज्ञात मालिकों के खिलाफ उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस अब फरार तस्करों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। बरामद की गई 1470 बोतलों की गिनती के दौरान एक चौंकाने वाला तथ्य सामने आया। पुलिस ने पाया कि किसी भी बोतल पर कोई स्टीकर नहीं लगा था, जिससे पुलिस भी हैरान रह गई।

# अरवल में बेकाबू ट्रैक्टर ने महिला को रौंदा, पीएमसीएच रेफर

**निज संवाददाता। अरवल**

अरवल सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 139 पर बुधवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। उमराबाद गांव के पास एक अनियंत्रित ट्रैक्टर ने सड़क पार कर रही 55 वर्षीय सोनती देवी को कुचल दिया। हादसे में महिला गंभीर रूप से घायल हो गईं। आनन-फानन में परिजनों और ग्रामीणों ने उन्हें सदर अस्पताल अरवल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए पीएमसीएच पटना रेफर कर दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार, सोनती देवी उमराबाद गांव निवासी आनंद मिस्त्री की पत्नी हैं। वह अपनी पोती के जन्म प्रमाण पत्र से जुड़े दस्तावेज पर हस्ताक्षर कराने के लिए गांव के वार्ड पार्षद सूरज कुमार के पास जा रही थीं। इसी दौरान तेज रफ्तार और अनियंत्रित ट्रैक्टर ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रैक्टर की रफ्तार काफी तेज थी। टक्कर लगते ही सोनती देवी



सड़क पर गिर पड़ीं और गंभीर रूप से घायल हो गईं। हादसे के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई। स्थानीय लोग दौड़कर पहुंचे और तत्काल उन्हें अस्पताल ले जाया गया। सदर अस्पताल अरवल में डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद बताया कि महिला को सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं। स्थिति नाजुक होने के कारण बेहतर इलाज के लिए उन्हें पीएमसीएच पटना रेफर किया गया। घटना की सूचना मिलते ही अरवल पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और परिजनों से बातचीत कर मामले की जानकारी ली। पुलिस ने कहा कि हादसे की जांच की जा रही है और ट्रैक्टर व चालक की पहचान की जा रही है। घटना के बाद ग्रामीणों में आक्रोश है। लोगों का कहना है कि इलाके में अवैध बालू ढुलाई और ट्रैक्टरों का बेलगाम परिचालन लगातार जारी है। भारी वाहनों की तेज रफ्तार से आए दिन हादसे हो रहे हैं, लेकिन प्रशासन की ओर से ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही। ग्रामीणों ने लापरवाह चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई और एनएच पर यातायात नियंत्रण की मांग की है।

# अगमकुआं में कंटेनर से 1041 कार्टन विदेशी शराब बरामद, कीमत करीब एक करोड़

**निज संवाददाता। पटना**

पटना में होली के त्योहार से पहले शराब माफियाओं की सक्रियता पर पुलिस ने करारा प्रहार किया है। राजधानी के अगमकुआं थाना क्षेत्र में पटना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए विदेशी शराब की एक विशाल खेप बरामद की है। माफियाओं ने इस खेप को पंजाब से एक बड़े कंटेनर में छिपाकर बिहार लाया था और त्योहार के दौरान ऊंचे दामों पर खपाने की पूरी तैयारी कर रखी थी। पुलिस छापेमारी के दौरान कंटेनर की जब तलाशी ली गई तो उसके भीतर से कुल 1041 कार्टन विदेशी शराब बरामद हुई। जब्त शराब की अनुमानित बाजार कीमत करीब एक करोड़ रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने मौके से कंटेनर को जब्त करते हुए उसके चालक को भी गिरफ्तार



कर लिया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि यह पूरी खेप होली को ध्यान में रखकर मंगाई गई थी। माफियाओं ने लंबी दूरी की आड़ में कंटेनर का इस्तेमाल किया, ताकि पुलिस की नजर से बचा जा सके। शराब की बोतलों पर दूसरे राज्यों की मार्किंग मिलने से यह साफ हो गया है कि मामला अंतरराज्यीय तस्करी गिरोह से जुड़ा हुआ है। पुलिस को शक है कि इस खेप के जरिए पटना और आसपास के इलाकों में बड़े पैमाने पर अवैध सप्लाई की योजना थी। अगमकुआं थाना पुलिस गिरफ्तार चालक से गहन पूछताछ कर रही है। उसके मोबाइल फोन, कॉल डिटेल्स और रूट मैप की जांच की जा रही है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि शराब कहां डिलीवर होनी थी और इस तस्करी के पीछे कौन-कौन लोग शामिल हैं। पुलिस का मानना है कि इस कार्रवाई से पूरे नेटवर्क का पर्दाफाश हो सकता है।

**होली को लेकर पूरे शहर में अलर्ट:** इस सफलता के बाद पटना पुलिस ने अगमकुआं समेत आसपास के सभी थानों को अलर्ट मोड पर डाल दिया है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर बॉर्डर एरिया, मुख्य सड़कों और ट्रांसपोर्ट रूट्स पर सघन वाहन जांच अभियान तेज कर दिया गया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि होली के दौरान शराब तस्करी की किसी भी कोशिश को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आने वाले दिनों में और भी बड़े खुलासे होने की संभावना जताई जा रही है।

# राजद विधायक भाई वीरेंद्र ने 3.08 करोड़ की दो सड़क योजनाओं का किया शिलान्यास

**निज संवाददाता। बिहटा, पटना**

पटना जिले के मनेर विधानसभा अंतर्गत बिहटा प्रखंड में बुधवार को सड़क विकास की दिशा में अहम कदम उठाया गया। राजद विधायक भाई वीरेंद्र ने क्षेत्र की दो महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं का शिलान्यास किया। इन दोनों योजनाओं पर कुल 3 करोड़ 08 लाख रुपये से अधिक की लागत आएगी, जिससे ग्रामीण इलाकों में आवागमन की वर्षों पुरानी समस्या दूर होने की उम्मीद है। पहली योजना के तहत बिहटा प्रखंड के सिकंदरपुर पंचायत में बिहटा–डुमरी मुख्य सड़क से किसनपुर सामुदायिक भवन तक पीसीसी सड़क और नाला का निर्माण किया जाएगा। मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत बनने वाली यह सड़क 0.75 किलोमीटर लंबी होगी। इस परियोजना पर 95.53 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। ग्रामीणों के अनुसार



यह सड़क लंबे समय से उनकी मांग में शामिल थी, लेकिन अब जाकर इसे स्वीकृति और धरातल पर उतरने का मौका मिला है। दूसरी परियोजना दौलतपुर दयालपुर ग्राम पंचायत से जुड़ी है। इस योजना के तहत दौलतपुर गांव से झरहा टोला तक 2.2 किलोमीटर लंबी पीसीसी सड़क बनाई जाएगी। इस सड़क निर्माण पर 2.32 करोड़ रुपये की लागत आएगी।

ग्रामीणों का कहना है कि बरसात के मौसम में इस मार्ग से गुजरना बेहद मुश्किल हो जाता था, लेकिन अब पक्की सड़क बनने से आवागमन सुगम होगा और गांव का सीधा जुड़ाव मुख्य मार्गों से हो सकेगा। शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। लोगों ने विधायक भाई वीरेंद्र का माला पहनाकर स्वागत किया और सड़क निर्माण की शुरुआत पर खुशी जताई। ग्रामीणों ने कहा कि इन सड़कों के बन जाने से बच्चों की पढ़ाई, मरीजों की आवाजाही और खेती-किसानी से जुड़ी गतिविधियों में काफी सहूलियत मिलेगी।

मौके पर विधायक भाई वीरेंद्र ने कहा कि मनेर विधानसभा के हर गांव तक बुनियादी सुविधाएं पहुंचाना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि उनकी अनुशंसा पर बिहटा प्रखंड के कई गांवों में सड़क, नाली और अन्य विकास योजनाएं स्वीकृत हुई हैं और कई पर काम चल रहा है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि इन सड़कों के निर्माण के बाद ग्रामीणों को आवागमन को लेकर किसी तरह की परेशानी नहीं झेलनी पड़ेगी। इस अवसर पर दयानंद यादव, राजीव सिंह, बलिराम प्रसाद, जिला परिषद प्रतिनिधि दशरथ यादव, सुनील यादव, प्रेम किशोर उर्फ छपण, दीप नारायण उर्फ लेढ़ू, सुरेश यादव, श्याम बाबू राम, सोहन कुमार, मंटू भगत, राजा बाबू राजक, यशवंत यादव, छठ्ठु यादव, दिनेश कुमार और वीएन तिवीरी सहित बड़ी संख्या में स्थानीय प्रतिनिधि और ग्रामीण मौजूद रहे।

# हाजीपुर में क्षेत्रीय रेल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 85वीं बैठक आयोजित

**निज संवाददाता। हाजीपुर**

पूर्व मध्य रेलवे मुख्यालय हाजीपुर में क्षेत्रीय रेल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 85वीं बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने की। बैठक में राजभाषा हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग, अनुपालन और कार्यालयी कार्यों में उसकी प्रभावी भूमिका को लेकर गहन समीक्षा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए महाप्रबंधक ने कहा कि पूर्व मध्य रेल 'क' क्षेत्र में स्थित है, जहां स्वाभाविक रूप से अधिकांश कार्य हिंदी में ही होना चाहिए। इसके बावजूद राजभाषा से जुड़े सभी निर्देशों का दृढ़ता के साथ पालन सुनिश्चित करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यदि अधिकारी छोटे-छोटे आदेश और टिप्पणियां भी हिंदी में लिखना शुरू करें, तो इससे न केवल हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि अधीनस्थ कर्मचारी भी हिंदी में कार्य करने के लिए प्रेरित होंगे। उन्होंने कहा कि हिंदी की व्यापकता और उपयोगिता सभी स्वीकार करते हैं, लेकिन अब आवश्यकता है कि इसे दैनिक कार्यालयी कामकाज की भाषा बनाया जाए। सरल, सहज और प्रचलित शब्दों के प्रयोग पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि भाषा का उद्देश्य अभिव्यक्ति और संवाद है। एक टीम के रूप में कार्य करते हुए तभी इस तरह की बैठकों की सार्थकता सिद्ध होगी, जब राजभाषा से जुड़े सभी मानकों का कड़ाई से अनुपालन हो।

इस अवसर पर राजभाषा में





उत्कृष्ट कार्य के लिए कार्मिक विभाग को अंतर्विभागीय राजभाषा चल शील्ड प्रदान की गई, जिसे प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी सुरेश चंद्र श्रीवास्तव ने प्राप्त किया। इसके साथ ही महाप्रबंधक द्वारा "पूर्व मध्य रेल दर्पण" राजभाषा बुलेटिन के नवीन अंक और राजभाषा सहायिका के दूसरे संस्करण का लोकार्पण भी किया गया। इसके अतिरिक्त रेलवे बोर्ड व्यक्तिगत नकद पुरस्कार योजना (आधार वर्ष-2023) के अंतर्गत चयनित अधिकारी और कर्मचारियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। अपर महाप्रबंधक अमरेंद्र कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि इस समीक्षा बैठक में कई महत्वपूर्ण उपलब्धियों और सुझावों पर चर्चा होगी। उन्होंने कहा कि आपसी समन्वय, सकारात्मक सोच और सामूहिक प्रयास से ही राजभाषा के लक्ष्यों को हासिल किया जा सकता है। उन्होंने सभी पुरस्कृत अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई दी और उम्मीद जताई कि प्रत्येक बैठक किसी न किसी ठोस उपलब्धि के साथ समाप्त होगी।

मुख्य राजभाषा अधिकारी सह प्रधान मुख्य परिचालन प्रबंधक प्रभात कुमार ने कहा कि पूर्व मध्य रेल 'क' क्षेत्र में होने के कारण यहां अधिकांश कार्य स्वाभाविक रूप से हिंदी में होना चाहिए, लेकिन अभी भी कई ऐसे क्षेत्र हैं, जहां और अधिक प्रयास की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि संघ की राजभाषा नीति के अनुरूप शत-प्रतिशत हिंदी में कार्य करना हम सभी का दायित्व है। इसके लिए दृढ़ इच्छाशक्ति और निरंतर प्रयास जरूरी हैं। उन्होंने बताया कि महाप्रबंधक के नेतृत्व में राजभाषा के प्रचार-प्रसार के लिए विभिन्न माध्यमों से अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रोत्साहित किया जा रहा है और हिंदी के अनुकूल वातावरण के निर्माण पर लगातार काम हो रहा है।

बैठक का संचालन करते हुए उप महाप्रबंधक (राजभाषा) केशव त्रिपाठी ने बताया कि पूर्व मध्य रेल में गृह मंत्रालय के वार्षिक राजभाषा कार्यक्रम के अनुरूप कार्य किए जा रहे हैं। मुख्यालय स्तर पर राजभाषा कार्यशालाएं, साहित्यकारों की जयंती जैसे कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जा रहे हैं। साथ ही संसदीय राजभाषा समिति के संभावित निरीक्षण दौरे को लेकर भी गंभीरता से तैयारियां की जा रही हैं। बैठक के अंत में राजभाषा अधिकारी अनिल कुमार शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। बैठक में पूर्व मध्य रेल के सभी मंडलों, कारखानों और इकाइयों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे और अपने-अपने क्षेत्रों में राजभाषा की प्रगति से समिति को अवगत कराया।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### सांसद डॉ. प्रदीप वर्मा ने की होली पर रांची–हटिया से प्रमुख शहरों के लिए विशेष ट्रेनें चलाने की मांग



**रांची।** राज्यसभा सांसद डॉ. प्रदीप कुमार वर्मा ने होली पर्व के अवसर पर रांची और हटिया रेलवे स्टेशन से देश के विभिन्न प्रमुख शहरों के लिए विशेष ट्रेन सेवाएं शुरू करने की मांग की है। इस संबंध में उन्होंने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर यात्रियों की बढ़ती भीड़ और संभावित असुविधाओं की ओर ध्यान आकृष्ट कराया है। यह जानकारी उन्होंने बुधवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में दी। डॉ. वर्मा ने पत्र में उल्लेख किया है कि रांची, झारखंड की राजधानी होने के साथ-साथ शिक्षा, रोजगार, चिकित्सा, व्यापार और पर्यटन का प्रमुख केंद्र है। इन्हीं कारणों से रांची और हटिया से देश के विभिन्न हिस्सों के लिए बड़ी संख्या में यात्री यात्रा करते हैं। उन्होंने कहा कि होली जैसे बड़े त्योहारों के दौरान यात्रियों की संख्या में अचानक वृद्धि हो जाती है, जबकि वर्तमान ट्रेन सेवाएं इस अतिरिक्त दबाव को संभालने में अक्सर असमर्थ रहती हैं। इसके परिणामस्वरूप यात्रियों को लंबी प्रतीक्षा सूची, अत्यधिक भीड़ और गंभीर असुविधाओं का सामना करना पड़ता है। राज्यसभा सांसद ने मांग की है कि होली के अवसर पर रांची–हटिया से जम्मू, एर्नाकुलम, अहमदाबाद, इंदौर, प्रयागराज, सिकंदराबाद, नई दिल्ली, गोरखपुर, बीकानेर, लखनऊ और जयपुर जैसे प्रमुख गंतव्यों के लिए विशेष ट्रेनें या अतिरिक्त फेरे संचालित किए जाएं। उन्होंने कहा कि इससे यात्रियों को राहत मिलेगी, यात्रा व्यवस्था सुचारू होगी और पर्यटन व व्यापार को भी बढ़ावा मिलेगा। डॉ. वर्मा ने रेल मंत्रालय से इस मांग पर सकारात्मक निर्णय लेने की अपील की है।

### स्वास्थ्य पर राजनीति पीड़ादायक, रिम्स-2 के निर्माण में सभी दल सहयोग करें: डॉ. इरफान अंसारी



**रांची ।** झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में की जा रही राजनीति पर गहरी पीड़ा व्यक्त की है। उन्होंने राजनीतिक दलों के नेताओं से जनहित से जुड़े विषयों को राजनीति से ऊपर रखने की अपील की है। बुधवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में स्वास्थ्य मंत्री ने विपक्ष सहित सभी राजनीतिक दलों से अपील की कि राजेंद्र चिकित्सा विज्ञान संस्थान-टू (रिम्स-2) के निर्माण में सहयोग करें, जिससे कि राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाया जा सके। उन्होंने बताया कि रांची स्थित राजेंद्र चिकित्सा विज्ञान संस्थान (रिम्स) में शासी निकाय की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य राज्य की सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं में लगातार सुधार लाने और भविष्य की चुनौतियों के लिए ठोस रणनीति तैयार करना था। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि बैठक के दौरान इस बात पर गंभीर मंथन किया गया कि रिम्स में मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। ऐसे में रोगी प्रवाह प्रबंधन (पेशेंट फ्लो मैनेजमेंट) को और अधिक प्रभावी बनाने की आवश्यकता है, ताकि किसी भी मरीज को इलाज के दौरान असुविधा का सामना न करना पड़े। मंत्री ने कहा कि आज राज्य की जनता का भरोसा सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था पर बढ़ा है और यही कारण है कि इतिहास में पहली बार रिम्स में हजारों की संख्या में मरीज इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने कहा, "मेरा स्पष्ट उद्देश्य हमेशा यही रहा है कि हर मरीज को बेहतर इलाज मिले और वह स्वस्थ होकर अपने घर लौटे। इसी लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए नई तकनीकों को अपनाया जा रहा है, डॉक्टरों की बहाली की जा रही है, पैथोलॉजी लैब को सशक्त किया जा रहा है। साथ ही मैनपावर, नर्सिंग स्टाफ और अन्य स्वास्थ्यकर्मियों की सुविधाओं और आवश्यकताओं का पूरा ध्यान रखा जा रहा है, ताकि मरीजों को आधुनिक, सुलभ और सम्मानजनक स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें।" रिम्स-2 के निर्माण को लेकर उठ रहे राजनीतिक सवालों पर मंत्री ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि उनका न कोई निजी स्वार्थ है, न किसी की जमीन पर नजर और न ही कोई राजनीतिक महत्वाकांक्षा। उन्होंने कहा, "मैं विपक्ष के सभी नेताओं से विनम्र आग्रह करता हूं कि रिम्स-2 के निर्माण में मुझे सहयोग करने दें। मेरी केवल एक ही मंशा है कि स्वास्थ्य सेवाओं में पैसों की कमी कभी बाधा न बने।" मंत्री ने भावुक अपील करते हुए कहा कि वर्तमान में राज्य के कई मरीज गंभीर इलाज के लिए दूसरे राज्यों में जाने को मजबूर हैं। वहां उन्हें भारी रकम खर्च करनी पड़ती है और कई बार इलाज के बावजूद जान नहीं बच पाती। उन्होंने कहा कि कभी-कभी तो परिजनों को अपने प्रियजनों का अंतिम संस्कार भी दूसरे राज्यों में करना पड़ता है, जो बेहद पीड़ादायक और चिंताजनक स्थिति है। उन्होंने कहा, "मैं आप सभी से हाथ जोड़कर निवेदन करता हूं कि रिम्स-2 के निर्माण में सहयोग करें, ताकि हम लाखों लोगों की जान बचा सकें और राज्य की जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करा सकें।" अंत में स्वास्थ्य मंत्री ने एक बार फिर सभी नेताओं से अपील की कि स्वास्थ्य जैसे संवेदनशील और मानवीय विषय को राजनीति से ऊपर रखें और जनता की जान बचाने के इस प्रयास में एकजुट होकर साथ दें।

### दक्षिण पूर्व रेलवे में कई ट्रेनों के प्रायोगिक ठहराव को रेलवे बोर्ड ने दी मंजूरी



**पश्चिमी सिंहभूम।** चक्रधरपुर। रेलवे बोर्ड की ओर से दक्षिण पूर्व रेलवे (एसईआर) के अंतर्गत चलने वाली कई एक्सप्रेस ट्रेनों को विभिन्न स्टेशनों पर प्रायोगिक ठहराव की मंजूरी दे दी गई है। यह व्यवस्था अगले आदेश तक प्रभावी रहेगी। बुधवार को रेलवे प्रशासन की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार यात्रियों की सुविधा और क्षेत्रीय मांग को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है। अलग-अलग ट्रेनों के लिए यह ठहराव फरवरी 2026 के मध्य से चरणबद्ध रूप से लागू होगा। मंजूरी के अनुसार टाटानगर-बक्सर एक्सप्रेस (18183) और बक्सर-टाटानगर एक्सप्रेस (18184) को अनारा स्टेशन पर ठहराव दिया गया है। टाटानगर-बक्सर एक्सप्रेस अनारा में सुबह 10.09 बजे पहुंचेगी और 10.10 बजे प्रस्थान करेगी, जबकि बक्सर-टाटानगर एक्सप्रेस दोपहर 14.37 बजे पहुंचेगी और 14.38 बजे रवाना होगी। यह सुविधा 10 फरवरी 2026 से प्रभावी होगी। डिघा-आसनसोल एक्सप्रेस (13505) और आसनसोल-डिघा एक्सप्रेस (13506) को चंद्रकोणा रोड, गड़बेटा, सालबनी, छातना और ओंडाग्राम स्टेशनों पर प्रायोगिक ठहराव दिया गया है। इन स्टेशनों पर दोनों ट्रेनों के ठहराव 15 फरवरी 2026 से लागू होंगे। इससे पश्चिम मेदिनीपुर और बांकुड़ा क्षेत्र के यात्रियों को सीधा लाभ मिलेगा। रांची-गोड्डा एक्सप्रेस (18603) और गोड्डा-रांची एक्सप्रेस (18604) को झालिदा स्टेशन पर ठहराव की मंजूरी दी गई है। रांची-गोड्डा एक्सप्रेस 14 फरवरी 2026 से जबकि गोड्डा-रांची एक्सप्रेस 12 फरवरी 2026 से यहां रुकेगी। टाटानगर-कटिहार एक्सप्रेस (28181) और कटिहार-टाटानगर एक्सप्रेस (28182) को जॉयचंडी पहाड़ स्टेशन पर प्रायोगिक ठहराव दिया गया है। टाटानगर-कटिहार एक्सप्रेस का ठहराव 11 फरवरी 2026 से और कटिहार-टाटानगर एक्सप्रेस का ठहराव 10 फरवरी 2026 से प्रभावी होगा। इसके अलावा भुवनेश्वर-नई दिल्ली तेजस राजधानी एक्सप्रेस (20817) और नई दिल्ली-भुवनेश्वर तेजस राजधानी एक्सप्रेस (20818) को पुरुलिया स्टेशन पर ठहराव की अनुमति दी गई है। भुवनेश्वर-नई दिल्ली राजधानी 14 फरवरी 2026 से और नई दिल्ली-भुवनेश्वर राजधानी 16 फरवरी 2026 से पुरुलिया में रुकेगी। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि यह सभी ठहराव प्रायोगिक आधार पर दिए गए हैं और यात्रियों की प्रतिक्रिया और यात्री संख्या के आधार पर आगे निर्णय लिया जाएगा। इन ठहरावों से छोटे और मध्यम स्टेशनों के यात्रियों को लंबी दूरी की ट्रेनों से बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी और क्षेत्रीय विकास को भी गति मिलेगी।

# मीडिया लोकतंत्र का चतुर्थ स्तंभ, जनचेतना को जागृत करने में अहम भूमिका : राज्यपाल





**एजेंसी । रांची**

मीडिया समाज का सजग प्रहरी है और इसे लोकतंत्र का 'चतुर्थ स्तंभ' कहा जाता है। पत्रकारिता केवल सूचना का माध्यम नहीं, बल्कि जनचेतना को जागृत करने और लोकतांत्रिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने का महत्वपूर्ण आधार है। झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने यह बात बुधवार को रांची प्रेस क्लब की ओर से रातू स्थित जेके इंटरनेशनल क्रिकेट अकादमी में आयोजित मीडिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट–2026 के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कही। राज्यपाल ने कहा कि मीडिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट जैसे आयोजन केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं होते, बल्कि आपसी सौहार्द, समन्वय और आत्मीयता को प्रगाढ़ करने का सशक्त माध्यम भी होते हैं। उन्होंने कहा कि क्रिकेट हमें धैर्य, रणनीति और सामूहिक प्रयास का महत्व सिखाता है। राज्यपाल ने बताया कि हाल ही में राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय (एनडीसी) के प्रतिनिधिमंडल के साथ संवाद के दौरान भी झारखंड में खेल प्रतिभाओं की असीम संभावनाओं पर चर्चा हुई थी। उन्होंने कहा कि यदि कम उम्र से ही प्रतिभाओं को प्रोत्साहित किया जाए, तो राज्य राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और भी उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कर सकता है। उन्होंने खेलों के विकास में मीडिया की भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि जब मीडिया किसी खिलाड़ी की उपलब्धियों को प्रमुखता देता है, तो वह समाचार हजारों युवाओं के लिए प्रेरणा बन जाता है और नई प्रतिभाओं को पहचान मिलती है। राज्यपाल ने पत्रकारों से अपने आत्मीय संबंधों का उल्लेख करते हुए कहा कि बरेली जनपद के पत्रकार साथी आज भी उनसे मिलने आते हैं, जो मीडिया और प्रशासन के बीच विश्वासपूर्ण संबंधों का परिचायक है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह टूर्नामेंट मीडिया जगत से जुड़े साथियों के बीच सहयोग, भाईचारे और सकारात्मक संवाद को और मजबूत करेगा। इस अवसर पर उन्होंने हाल ही में संपन्न रांची प्रेस क्लब के चुनाव में निर्वाचित सभी पदाधिकारियों और कार्यकारिणी समिति के सदस्यों को बधाई दी। समारोह के दौरान राज्यपाल ने खिलाड़ियों से भेंट कर उनका उत्साहवर्धन भी किया। उन्होंने कहा कि मीडिया से जुड़े सभी साथी दिन-रात परिश्रम कर जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से सामने लाने का महत्वपूर्ण दायित्व निभाते हैं।

## पुलिस ने लापता दो नाबालिग छात्र को किया बरामद

**एजेंसी । पश्चिमी सिंहभूम**



पश्चिमी सिंहभूम जिले के जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत माउंट कारमेल इंग्लिश मीडियम विद्यालय, रुगुड़साई स्थित छात्रावास से लापता हुए दो नाबालिग छात्रों को पुलिस ने सकुशल बरामद कर लिया है। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से परिजनों के साथ-साथ विद्यालय प्रशासन ने भी राहत की सांस ली है। जानकारी के अनुसार इराज पिंगुवा ( 12 ) और समीर जेराई ( 13 ), छात्र 02 फरवरी को दोपहर करीब 12:30 बजे छात्रावास से निकले थे, लेकिन वापस नहीं लौटे। बच्चों के वापस नहीं आने पर परिजनों ने काफी खोजबीन की, परंतु जब कोई जानकारी नहीं मिली तो जगन्नाथपुर थाना में लिखित आवेदन दिया गया। आवेदन के आधार पर थाना में सनहा संख्या (20/26 एवं 21/26, ) तीन फरवरी 2026 को दर्ज किया गया और मामले की सूचना पुलिस अधीक्षक, पश्चिमी सिंहभूम, चाईबासा को दी गई। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, जगन्नाथपुर के नेतृत्व में एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया, जिसने तुरंत जांच एवं खोज अभियान शुरू किया। गठित टीम ने विभिन्न संभावित स्थानों पर लगातार छानबीन करते हुए बुधवार को डांगुवापोसी रेलवे स्टेशन के पास से दोनों नाबालिग छात्रों को सकुशल बरामद कर लिया। आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने के बाद दोनों बच्चों को उनके परिजनों के हवाले कर दिया गया। इस कार्रवाई में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी जगन्नाथपुर रफाएल मुर्मु, पुलिस निरीक्षक नोवामुंडी अंचल बासुदेव मुंडा, जगन्नाथपुर थाना प्रभारी टिंकु कुमार दास सहित अन्य शामिल थे।

## झारखंड में पछुआ हवा से बढ़ी ठंड, तापमान में 3–4 डिग्री गिरावट के आसार

**एजेंसी । रांची**



झारखंड में उत्तर-पश्चिमी (पछुआ) हवा के प्रभाव से बुधवार को दिनभर ठंड का अहसास बना रहा। मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले कुछ दिनों में राज्य के तापमान में 3 से 4 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की जा सकती है, जिससे सुबह और रात के समय ठंड और बढ़ने की संभावना है। मौसम विभाग ने बताया कि राज्य के कुछ हिस्सों में हल्के से मध्यम दर्जे का कुहासा छा सकता है, हालांकि दिन चढ़ने के साथ मौसम साफ हो जाएगा। विभाग की ओर से गुरुवार को गढ़वा, पलामू और चतरा जिलों में कहीं-कहीं घने कुहासे को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। इससे पहले बुधवार को भी राज्य के उत्तर-पश्चिमी भाग के कुछ इलाकों में घने कुहासे की आशंका को देखते हुए येलो अलर्ट जारी किया गया था। कुहासे के कारण सुबह के समय दृश्यता प्रभावित होने की संभावना जताई गई है। पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में अधिकतम तापमान 30.8 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 10.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बुधवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह से आंशिक बादल छाए रहे और ठंडी हवाएं चलती रहीं, जिससे सुबह के समय हल्की ठंड महसूस की गई। वहीं दोपहर में धूप निकलने के कारण हल्की गर्मी का भी अहसास हुआ। मौसम विभाग के अनुसार, बुधवार को रांची में अधिकतम 26.3 और न्यूनतम 13.1 डिग्री, जमशेदपुर में 28.7 और 15.0 डिग्री, डालटेनगंज में 29.6 और 13.1 डिग्री, बोकारो में 28.5 और 13.7 डिग्री, चाईबासा में अधिकतम 30.8 और न्यूनतम 13.2 डिग्री, खूंटी में 28.1 और 11.5 डिग्री, लोहरदगा में 25.5 और 10.4 डिग्री, लातेहार में 21.7 और 11.9 डिग्री तथा सरायकेला में 29.1 और 12.9 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग ने लोगों को सुबह और रात के समय विशेष सतर्कता बरतने की सलाह दी है। साथ ही घने कुहासे के दौरान वाहन चालकों से धीमी गति से वाहन चलाने और आवश्यक सावधानियां अपनाने का आग्रह किया गया है।

## झारखंड–ओडिशा सीमा के गांवों में हाथी का आतंक, ग्रामीण दहशत में

**एजेंसी । पश्चिमी सिंहभूम**



पश्चिमी सिंहभूम जिले के झारखंड–ओडिशा सीमावर्ती इलाके में एक हाथी का लगातार विचरण ग्रामीणों के लिए गंभीर चिंता का विषय बना हुआ है। यह हाथी समय-समय पर अपना ठिकाना बदलते हुए शहरी और ग्रामीण आबादी वाले क्षेत्रों में घुस रहा है। मंगलवार देर रात करीब 12 बजे हाथी ने एक बार फिर उत्पात मचाते हुए छह से अधिक गांवों में दहशत फैला दी और रात करीब दो बजे तक इलाके में घूमता रहा। जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र के तेंटूडी पोसी गांव निवासी ग्रामीण डाकवा वीरेंद्र बालमुचू ने बताया कि हाथी बूढ़ा खमण जंगल की ओर से निकलकर डौडगुवा, चिगली, बाइहातू, कूदाहातु, सोसोपी, तेंटूडी पोसी, जोड़ापोखर और कुंटुझोर गांवों में विचरण करता रहा। आधी रात को गांव में हाथी के घुसने से लोग नींद से जाग गए और अफरा-तफरी का माहौल बन गया। महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग डर के कारण घरों में दुबकने को मजबूर हो गए। हाथी की सूचना मिलते ही आसपास के गांवों के लोग सतर्क हो गए। ग्रामीणों ने एकजुटता दिखाते हुए पारंपरिक हथियार, मशाल और तेज शोरगुल का सहारा लिया। काफी प्रयास के बाद हाथी को महिलीमुरूम जंगल की ओर खदेड़ा जा सका। हालांकि, ग्रामीणों का कहना है कि यह समस्या अस्थायी रूप से टली है, क्योंकि हाथी रोजाना शाम ढलते ही फिर से आबादी वाले क्षेत्रों की ओर आ जाता है। ग्रामीणों के अनुसार हाथी खेतों और सब्जी बागानों को रौंद रहा है और कई बार घरों में घुसकर धान, चावल समेत अन्य अनाज खा जाता है। इससे न केवल फसलों और संपत्ति को नुकसान हो रहा है, बल्कि लोगों की जान को भी खतरा बना हुआ है। इस स्थिति को लेकर ग्रामीणों में वन विभाग के प्रति भारी आक्रोश है। रमेश सैवाईया, लोको हो, मंगल भुईयां सहित कई ग्रामीणों ने बताया कि जल्द से जल्द इस हाथी को पकड़ने या सुरक्षित क्षेत्र में भेजने की जरूरत है। उनका कहना है कि अगर समय रहते ठोस कार्रवाई नहीं की गई, तो किसी बड़े हादसे से इंकार नहीं किया जा सकता। ग्रामीण लगातार वन विभाग से स्थायी समाधान की मांग कर रहे हैं ताकि क्षेत्र में भयमुक्त वातावरण बहाल हो सके।

## अकीदत के साथ मनाई गई शब-ए-बरात

**एजेंसी । पूर्वी सिंहभूम**



शहर में मंगलवार को मुस्लिम समाज के लोगों ने शब-ए-बरात का पर्व पूरी अकीदत, श्रद्धा और धार्मिक भावना के साथ मनाया। इस अवसर पर मस्जिदों, कब्रिस्तानों और घरों में विशेष धार्मिक आयोजन हुए। लोगों ने पूरी रात अल्लाह की इबादत में गुजारी और अपने जाने-अनजाने में हुए गुनाहों की माफी के लिए खुदा से दुआ मांगी। शब-ए-बरात को लेकर शहर की मस्जिदों में विशेष नमाज, कलाम पाक की तिलावत और नफिल नमाज का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में अकीदतमंद शामिल हुए। जाकिरनगर स्थित शिया जामा मस्जिद में 12वें इमाम हज़रत महदी अलैहिस्सलाम की विलादत के अवसर पर विशेष महफिल सजी, जहां धार्मिक तकरीरों के साथ दुआ और इबादत का सिलसिला देर रात तक चलता रहा। शब-ए-बरात के मौके पर मुस्लिम समाज के लोग अपने मरहूम परिजनों की कब्रों पर पहुंचकर उनकी मगफिरत के लिए दुआ करते हैं। इसी परंपरा के तहत साकची, मानगो, जाकिरनगर, धातकीडीह, जुगसलाई, बारीनगर और बर्मामाइंस कैरेज कॉलोनी स्थित कब्रिस्तानों में देर रात तक लोगों का आना-जाना लगा रहा। कब्रिस्तानों में मोमबत्ती और अगरबत्ती जलाकर रोशनी की गई तथा फूलों की चादर चढ़ाई गई। कब्रिस्तान जाने वाले रास्तों पर विभिन्न समितियों की ओर से रोशनी की समुचित व्यवस्था की गई थी, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। जाकिरनगर कब्रिस्तान में वक्फ मुस्लिम कब्रिस्तान कमेटी की ओर से नमाज-ए-मगरिब के बाद सामूहिक दुआ का आयोजन किया गया। इससे पूर्व फातिहाख्वानी की गई। दुआ के दौरान समाज के लोगों ने अपने मरहूम परिजनों की मगफिरत के साथ-साथ उन मरहूमीन के लिए भी विशेष प्रार्थना की, जिनका इस दुनिया में कोई नहीं है। कार्यक्रम का उद्देश्य इंसानियत, भाईचारे और आपसी संवेदना की भावना को मजबूत करना बताया गया। वहीं बिष्टुपुर में शब-ए-बरात के अवसर पर शोहदा-ए-करबला कमेटी की ओर से कुरानख्वानी और फातेहा का आयोजन किया गया। इस मौके पर अनवर अली, अब्बास अंसारी सहित बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने मरहूमीन की मगफिरत के लिए दुआ की। शब-ए-बरात के दूसरे दिन बुधवार को मुस्लिम समाज के लोग रोजा रखेंगे। इमारत-ए-शरिया के प्रमुख काजी सऊद आलम कासमी ने बताया कि इस दिन रोजा रखने की समाज में पुरानी परंपरा है। उन्होंने कहा कि हजरत मोहम्मद स्वयं इस दिन रोजा रखा करते थे, इसलिए इसका विशेष महत्व है और इसे बड़े सवाब का कारण बताया गया है।

## अवैध बालू का परिवहन कर रहे तीन हाईवा और दो डंपर जब्त

**एजेंसी । पश्चिमी सिंहभूम**



जिला के चक्रधरपुर क्षेत्र में प्रशासन ने अवैध बालू परिवहन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए मंगलवार देर रात को बिना वैध चालान के बालू ले जा रहे तीन हाईवा और दो डंपर वाहनों को जब्त किया। यह कार्रवाई चक्रधरपुर–सोनुआ मुख्य मार्ग पर की गई, जिससे अवैध बालू कारोबार में लिप्त लोगों में हड़कंप मच गया। जब्त किए गए वाहनों में हाईवा संख्या जेएच 06एल 3272, जेएच 05 बीजेड 3932 और ओडी 09ए 6361, जबकि डंपर संख्या जेएच 05एफ 3261 और जेएच 05वाई 1734 शामिल हैं। इन सभी वाहनों में करीब 2500 सीएफटी बालू लदा हुआ पाया गया। अनुमंडल पदाधिकारी, पोड़ाहाट, चक्रधरपुर के निर्देश पर की गई इस कार्रवाई के बाद सभी पांचों वाहनों को चक्रधरपुर थाना परिसर में खड़ा कराया गया है। प्रशासनिक अधिकारियों ने बताया कि जब्त बालू और वाहनों से संबंधित सभी दस्तावेजों की जांच की जा रही है। जांच पूरी होने के बाद मामले में आगे की कार्रवाई के लिए संबंधित विभाग को सौंपा जाएगा। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि अवैध खनन और बिना अनुमति बालू परिवहन को किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रशासन ने यह भी कहा कि अवैध बालू कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

### झारखंड के वित्तमंत्री राधाकृष्ण किशोर ने राज्यपाल से की मुलाकात, चांसलर पोर्टल से जुड़ी समस्याओं से कराया अवगत



**एजेंसी । रांची**

झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से बुधवार को राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने रांची स्थित लोक भवन में शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर वित्त मंत्री ने पलामू के नीलाम्बर-पीताम्बर विश्वविद्यालय के अंतर्गत एके सिंह कॉलेज के विद्यार्थियों को चांसलर पोर्टल से संबंधित आ रही कठिनाइयों की जानकारी राज्यपाल को दी। उन्होंने बताया कि पोर्टल से जुड़ी तकनीकी समस्याओं के कारण छात्रों को विभिन्न शैक्षणिक कार्यों में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वित्त मंत्री ने राज्यपाल से इस मामले में हस्तक्षेप करते हुए विश्वविद्यालय प्रबंधन को आवश्यक दिशा-निर्देश देने की पहल करने का आग्रह किया, ताकि छात्रों की समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जा सके।

## सोनारी कचरा डंपिंग पर रोक उनकी ही सरकार ने लगाई थी, अब भ्रम फैला रहे हैं बन्ना: सरयू राय

**एजेंसी । पूर्वी सिंहभूम**



कचरा प्रबंधन को लेकर उठे विवाद पर जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय ने पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता की आलोचना की है। उन्होंने आरोप लगाया कि राजनीतिक लाभ के लिए तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर जनता के सामने पेश किया जा रहा है, जो दुर्भाग्यपूर्ण और भ्रामक है। बुधवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में सरयू राय ने कहा कि जिस राज्य सरकार में बन्ना गुप्ता मंत्री थे, उसी सरकार ने नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) के आदेश के बाद सोनारी मरीन ड्राइव के पास कचरा डंप करने पर रोक लगाई थी। इसके बावजूद अब सच्चाई को छुपाकर गलत बयानबाजी की जा रही है। सरयू राय ने बताया कि मानगो नगर निगम और जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति (जेएनएसी) का कचरा लंबे समय तक सोनारी में टाटा स्टील के एक खाली भूखंड पर डंप किया जाता रहा। इससे वहां कचरे का विशाल ढेर लग गया और कई बार आग लगने की घटनाओं के कारण पूरे इलाके में भीषण प्रदूषण फैल गया। स्थानीय लोगों की ओर से बार-बार शिकायत किए जाने के बावजूद जब प्रशासन ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया, तब मजबूर होकर लोगों को एनजीटी का दरवाजा खटखटाना पड़ा। उन्होंने स्पष्ट किया कि एनजीटी के हस्तक्षेप और आदेश के बाद तत्कालीन राज्य सरकार ने, जिसमें बन्ना गुप्ता मंत्री थे, न केवल सोनारी में कचरा गिराने पर रोक लगाई, बल्कि उस स्थान की सफाई के लिए करोड़ों रुपये का टेंडर भी जारी किया गया। ऐसे में वर्तमान समय में यदि मानगो की गलियों और मोहल्लों में कचरे का अंबार लगा है, तो इसकी जिम्मेदारी स्थानीय निकायों और सफाई व्यवस्था से जुड़े ठेकेदारों की है, न कि किसी विधायक की। सरयू राय ने सवाल उठाते हुए कहा कि मोहल्लों में कचरा जमा होने के वास्तविक दोषी कौन हैं, यह जनता के सामने स्पष्ट किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता को तथ्यहीन बयान देने और गलतबयानी करने के लिए सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए। विधायक ने कहा कि कचरा प्रबंधन जैसे गंभीर और जनस्वास्थ्य से जुड़े मुद्दे पर राजनीति करने के बजाय सभी को सच्चाई के साथ जिम्मेदारी निभानी चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार

### अबू सलेम को हाई कोर्ट की दो टूक, सुरक्षा खर्च नहीं दे सकते, तो पैरोल नहीं

**मुंबई , एजेंसी।** बांबे हाई कोर्ट ने मंगलवार को संकेत दिया कि वह जेल में बंद अंडरव ?र्ल्ड



डान अबू सलेम को उत्तर प्रदेश स्थित उसके गृह नगर जाने के लिए पैरोल देने के पक्ष में नहीं है, क्योंकि उसके वकील ने पुलिस सुरक्षा के शुल्क का भुगतान करने में असमर्थता व्यक्त की है। न्यायमूर्ति अजय गडकरी और श्याम चंदक की खंडपीठ ने स्पष्ट किया कि वह 17 लाख रुपये से अधिक के सुरक्षा शुल्क पर मोलभाव नहीं कर सकती। 1993 के मुंबई बम धमाकों के मामले में 25 साल की सजा काट रहे सलेम ने अपने भाई अबू हकीम अंसारी की मृत्यु पर शोक व्यक्त करने के लिए आजमगढ़ जिले में अपने पैतृक स्थान जाने के लिए पैरोल मांगी है। अदालत ने पहले सुझाव दिया था कि वह आवश्यक शुल्क का भुगतान स्वयं करने के बाद पुलिस सुरक्षा के तहत पैरोल का लाभ उठा सकता है। मंगलवार को उसके वकील फरहाना शाह ने अदालत को बताया कि सुरक्षा शुल्क बहुत ज्यादा है। उनका मुवक्किल वर्षों से जेल में है। उसकी आर्थिक स्थिति बहुत खराब है। अधिकारियों ने उत्तरी महाराष्ट्र के नासिक रोड केंद्रीय जेल में बंद सलेम को अपने गृह नगर जाने के लिए अदालत द्वारा पैरोल दिए जाने पर उसके साथ जाने वाली पुलिस सुरक्षा पार्टी के लिए 17 लाख रुपये से अधिक का भुगतान करने को कहा है। शाह ने अदालत को बताया कि प्रत्यर्पित अंडरव ?र्ल्ड डान एक लाख रुपये से अधिक का भुगतान नहीं कर पाएगा। इस पर खंडपीठ ने कहा कि वह मोलभाव नहीं कर सकती। यदि वह पुलिस सुरक्षा के साथ अपने पैतृक स्थान जाना चाहता है तो उसे अनिवार्य शुल्क का भुगतान करना होगा।

### यूनानी चिकित्सा की हिंदी में पढ़ाई करवाने वाला पहला राज्य बनेगा मध्य प्रदेश

भोपाल। मध्य प्रदेश में एलोपैथी के बाद अब यूनानी चिकित्सा पद्धति की पढ़ाई भी हिंदी में होगी। इसके लिए आयुष विभाग ने उर्दू पुस्तकों का हिंदी में अनुवाद कराया है। स्नातक बीयूएमएस प्रथम वर्ष में सात विषय हैं। इनमें से पांच विषयों की पुस्तकों का अनुवाद हो गया है। दो विषयों की पुस्तकें उर्दू और अरबी भाषा की हैं। एनाटॉमी यानी शरीर रचना विज्ञान और फिजियोलॉजी (शरीर क्रिया विज्ञान) की पुस्तकों का अनुवाद चिकित्सा शिक्षा विभाग ने कराया था। यूनानी चिकित्सा पद्धति का पाठ्यक्रम भी वही है, इसलिए उन्हीं पुस्तकों का यहां उपयोग किया जाएगा। बता दें, एमबीबीएस पाठ्यक्रम की पुस्तकें, पढ़ाई और परीक्षा हिंदी में करवाने की पहल भी मध्य प्रदेश में ही हुई थी। भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग (एनसीआइएसएम) भी इसके पक्ष में है।

### पुणे में बीजेपी प्रवक्ता शहजाद पूनावाला की मां को कार ने मारी टक्कर

**पुणे , एजेंसी।** बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला की मां का पुणे में एक्सीडेंट हो गया है। इस हादसे में वह घायल हो गई। इस घटना को लेकर शहजाद पूनावाला ने दावा किया है कि उनकी मां को जानबूझकर टक्कर मारा गया है। इसके साथ ही उन्होंने अधिकारियों से आरोपी को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की अपील की है।

#### कांग्रेस सरकार ने मनरेगा को वापस लाने की मांग की

# कर्नाटक विस में पेश वीबी जी राम जी रद्द करने का प्रस्ताव

**बेंगलुरु , एजेंसी।** कर्नाटक में कांग्रेस सरकार ने विधानसभा में एक प्रस्ताव पेश किया, जिसमें केंद्र से नए ग्रामीण रोजगार कानून वीबी जी राम जी अधिनियम को तुरंत रद करने और यूपीए शासनकाल के मनरेगा को उसकी मूल स्थिति में पुनर्स्थापित करने की मांग की गई। भाजपा ने इस प्रस्ताव का जमकर विरोध किया है।

मुख्यमंत्री सिद्दरमैया के मंगलवार को पेश किए प्रस्ताव में कहा गया कि वीबी जी राम जी अधिनियम, जिसे केंद्र ने एकतरफा तरीके से लागू किया है, ये संघीय मूल सिद्धांतों और ग्रामीण लोगों के आजीविका के अधिकार के लिए हानिकारक है।

प्रस्ताव में कहा गया, कर्नाटक के ग्रामीण लोगों के जीवन के अधिकार की रक्षा के लिए, यह सदन केंद्र सरकार से आग्रह करता है कि वह विकसित भारत-रोजगार गारंटी और आजीविका मिशन (ग्रामीण) (वीबी जी राम जी) अधिनियम को तुरंत रद करें, जो संघीय सिद्धांत के खिलाफ है। ये राज्य के खजाने पर बड़ा बोझ है और विकेंद्रीकरण के सिद्धांत के खिलाफ है। ग्राम पंचायतों के अधिकारों और शक्तियों को छीन लेता हैं और महात्मा गांधी



राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) को उसकी मूल स्थिति में पुर्नस्थापित करे, जिसने ग्रामीण संपत्ति निर्माण और गरीबों की आत्मनिर्भरता में योगदान दिया है। भाजपा के नेता आर. अशोक के नेतृत्व में भाजपा के सदस्यों ने तुरंत इसका विरोध किया और कहा, सदन का विरोध मत कहो, कहो कांग्रेस सरकार का विरोध है। हमें इसमें भागीदार मत बनाओ। भाजपा के सदस्यों द्वारा लगातार नारेबाजी ने सिद्दरमैया को परेशान कर दिया।

गुस्साए मुख्यमंत्री ने सत्तारूढ़ कांग्रेस के सदस्यों से प्रतिक्रिया देने के लिए कहा, जिससे हंगामा बढ़ गया। अध्यक्ष यूटी खादर ने फिर सदन को दोपहर के भोजन के लिए स्थगित कर दिया।

प्रस्ताव में भी वीबी-ग्राम-जीप्रस्ताव में वीबी जी राम जी अधिनियम का संक्षिप्त नाम वीबी-ग्राम-जी के रूप में दिया गया है, जबकि वास्तविक नाम वीबी जी राम जी अधिनियम है। भाजपा ने विरोध दर्ज कहा कि सत्तारूढ़ पार्टी को राम नाम से एलर्जी है। ध्यान रहे कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भी इस अधिनियम के गलत नाम वीबी-ग्राम-जी का ही उच्चारण किया था।

### मोदी के अपमान पर हंगामा

कर्नाटक विधान परिषद में कांग्रेस के एमएलसी नजीर अहमद द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणियों पर हंगामा हुआ। सोमवार को परिषद में अहमद ने अपमानजनक टिप्पणियां कीं, जिससे भाजपा ने बिना शर्त माफी की मांग की। मंगलवार को भी हंगामा जारी रहा। भाजपा के सदस्यों ने सदन में अहमद के खिलाफ नारेबाजी की।

### राय के स्वजनों के बयान होंगे दर्ज

कर्नाटक के गृह मंत्री जी. परमेश्वरा ने कहा कि कांफिडेंट ग्रुप के संस्थापक सीजे राय की मौत की जांच कर रही एसआइटी परिवार के सदस्यों और अन्य के बयान दर्ज करेगी और जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई तय की जाएगी। राय 30 जनवरी को आयकर विभाग के छापे के दौरान अपने कार्यालय में गोली लगने से मृत पाए गए थे।

# गाजियाबाद के राजनगर एक्सटेंशन में रोज शाम 4 घंटे गाड़ियों की रहेगी नो एंट्री

#### रेलवे अफसरों से वार्ता होगी, गाजियाबाद पुलिस को दस नए पीआरवी वाहन मिले

**गाजियाबाद , एजेंसी।** गाजियाबाद में यातायात व्यवस्था सुधारने के उद्देश्य से मंगलवार को ट्रैफिक पुलिस और ट्रांसपोर्ट यूनियन के पदाधिकारियों की बैठक हुई। इसमें निर्णय लिया गया कि राजनगर



एक्सटेंशन में रोजाना 4 घंटे व्यावसायिक वाहन प्रतिबंधित रहेंगे। पुलिस लाइन में आयोजित बैठक में भारी वाहनों के आवागमन, जाम की समस्या और व्यावसायिक गतिविधियों से जुड़े बिंदुओं पर मंथन किया गया। एडिशनल सीपी ट्रैफिक एवं कानून व्यवस्था आलोक प्रियदर्शी की अध्यक्षता में हुई बैठक में विशेष रूप से राजनगर एक्सटेंशन क्षेत्र में भारी वाहनों के अनियंत्रित आवागमन से होने वाले जाम और दुर्घटनाओं की समस्या पर चर्चा हुई। इसके साथ ही साजन मोड़ से चौधरी मोड़ होते हुए रेलवे स्टेशन गाजियाबाद तक भारी व्यावसायिक वाहनों के संचालन को प्रतिबंधित किए जाने के विकल्पों पर ट्रांसपोर्ट यूनियन से सुझाव मांगे गए। विचार-विमर्श के दौरान ट्रांसपोर्ट यूनियन के पदाधिकारियों ने अपने सुझाव रखे। सभी पहलुओं पर गंभीरता से विचार करते हुए यह सहमति बनी कि नागद्वार से राजनगर रेजीडेंसी यू-टर्न के बीच रोजाना शाम 5 बजे से रात 9 बजे तक सभी प्रकार के कॉमर्शियल वाहनों के आवागमन पर प्रतिबंध लगाया जाएगा। इस निर्णय से पीक आवर में जाम से राहत मिलने की उम्मीद है। एडिशनल सीपी ने बताया कि साजन मोड़ से चौधरी मोड़ होते हुए रेलवे स्टेशन तक भारी वाहनों के आवागमन को लेकर रेलवे अधिकारियों से वार्ता कर व्यावहारिक समाधान निकालने पर भी सहमति बनी। इस विषय में आगे अलग से निर्णय लिया जाएगा। गाजियाबाद पुलिस को दूसरे चरण में 10 नए दोपहिया पीआरवी वाहन मिले हैं। एडीसीपी क्राइम व प्रोटोकॉल पीयूष सिंह ने बताया कि यूपी-112 परियोजना के तहत गाजियाबाद को 10 दोपहिया पीआरवी वाहन आवंटित किए गए हैं। इन वाहनों का उद्देश्य तंग गलियों, भीड़भाड़ वाले बाजारों और ट्रैफिक जाम वाले इलाकों में भी तेजी से पहुंच सुनिश्चित करना है, ताकि कॉलर व पीड़ित को समय रहते सहायता मिल सके। मंगलवार को रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान इन सभी दस दोपहिया पीआरवी वाहनों को हरी झंडी दिखाकर विभिन्न थानाक्षेत्रों के लिए रवाना किया गया। इस मौके पर एसीपी ट्रैफिक व यूपी-112 जियाउद्दीन अहमद, प्रभारी निरीक्षक यूपी-112 मौजूद रहे। एडीसीपी प्रोटोकॉल ने बताया कि दोपहिया पीआरवी वाहनों के शामिल होने से यूपी-112 की आपातकालीन सेवाएं और अधिक मजबूत होंगी। खासकर दुर्घटना, अपराध, मेडिकल इमरजेंसी और महिलाओं से जुड़े मामलों में पुलिस की पहुंच पहले से कहीं ज्यादा तेज होगी।

#### घायल महिला की लगभग आठ घंटे लंबी सर्जरी की गई

# बेंगलुरु में महिला पर रॉटवीलर कुत्ते ने किया हमला, लगे 80 से अधिक टांके

**बेंगलुरु , एजेंसी।**
बेंगलुरु में 31 वर्षीय एक महिला पर रॉटवीलर नस्ल के कुत्ते ने हमला कर दिया। इस हमले में महिला के चेहरे और गर्दन पर गंभीर चोटें आई हैं। घायल महिला की लगभग आठ घंटे लंबी सर्जरी की गई। इस मामले में पुलिस ने इसके मालिक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार, यह घटना 26 जनवरी को तब हुई, जब एचएसआर लेआउट के टीचर्स कालोनी में रहने वाली शालिनी दुबे सुबह अपने घर के पास टहलने के लिए निकली थीं।

घटना से संबंधित सीसीटीवी फुटेज में कुत्ते को सड़क पर महिला की ओर दौड़ते हुए, उन्हें नीचे गिराते और उनके चेहरे और गर्दन पर बार-बार काटते हुए देखा गया है। महिला के परिवार ने आरोप लगाया कि कुत्ते के मालिक ने उसे बिना पट्टे के सड़क पर



खुला छोड़ दिया था। कुत्ते के मुंह पर किसी प्रकार का कोई कवर भी नहीं लगा था। शालिनी के पति सत्य प्रकाश दुबे ने बताया कि इस हमले में शालिनी को चेहरे, गले और सिर पर गहरी चोटें आई हैं। उन्हें 80 से अधिक टांके लगे हैं। उनकी सर्जरी आठ घंटे तक चली। वह अभी अस्पताल में भर्ती हैं।

सत्य प्रकाश ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि 26 जनवरी को सुबह 6.50 बजे जब शालिनी टहल कर वापस आ रही थी, तब यह घटना हुई।

उन्होंने कहा कि यदि मालिक इतने बड़े कुत्ते को नियंत्रित नहीं कर सकता था तो उसे कभी भी खुला नहीं छोड़ा जाना चाहिए था। सार्वजनिक स्थानों पर सुरक्षा नियमों का पालन करना और कुत्ते को पट्टा व मुखौटा पहनाकर रखना मालिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि मेरी पत्नी गहरे सदमे में है। चिकित्सकों के अनुसार, उनके चेहरे और शरीर पर चोट के निशान उम्र भर रहेंगे। शिकायत के बाद कुत्ते के मालिक अमरेश रेड्डी के खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें हिरासत में ले लिया गया है।

### विवाह पूर्व संबंधों से जन्मी संतान के भरण-पोषण की जिम्मेदारी पति की

**बिलासपुर , एजेंसी।** छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण निर्णय में कहा है कि विवाह पूर्व संबंध से जन्मी संतान के भरण-पोषण की जिम्मेदारी पति की है। मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा की सिंगल बेंच ने अपने आदेश में स्पष्ट किया कि सीआरपीसी की धारा 125 के तहत विवाह के पूर्व संबंधों के कारण जन्मी संतान भी पिता से भरण-पोषण पाने का अधिकार रखती है। इस कानून का मुख्य उद्देश्य समाज में बेसहारा और दर-दर भटकने की स्थिति को रोकना है।यह मामला बेमेतरा जिले के एक युवक से संबंधित है।

# नोएडा सेक्टर 150 में लगेंगे सीसीटीवी कैमरे, इंजीनियर की मौत के बाद अथॉरिटी का फैसला

**नोएडा , एजेंसी।** नोएडा में 27 वर्षीय सॉफ्टवेयर इंजीनियर युवराज मेहता की मौत के बाद अब नोएडा प्राधिकरण अब ऐक्शन में आ गया है। प्राधिकरण ने सेक्टर 150 की अंदरूनी सड़कों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने का फैसला लिया है। प्राधिकरण द्वारा यह कदम पिछले महीने इंजीनियर के कार समेत पानी से भरे गड्ढे में डूबने के बाद स्थानीय लोगों की सुरक्षा मांगों के जवाब में उठाया गया है।

**सर्वे कर होगी लोकेशन की पहचान:** एचटी की रिपोर्ट के अनुसार, अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि इंजीनियरिंग और ट्रैफिक टीमों द्वारा एक संयुक्त सर्वे में कैमरों के लिए खास जगहों की पहचान की जाएगी ताकि निगरानी में कमी, ब्लैक स्पॉट, मेन रोड और हाउसिंग सोसाइटियों के बाहर के इलाकों को कवर किया जा सके। प्राधिकरण द्वारा मंगलवार को जारी एक बयान के अनुसार, सीसीटीवी कैमरों की लाइव फीड की निगरानी सेक्टर 94 में इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर में की जाएगी।

नोएडा प्राधिकरण के जनरल मैनेजर एसपी सिंह ने कहा, सेक्टर 150 के निवासियों ने सीसीटीवी लगाने की मांग की है ताकि इस जगह कैमरों से निगरानी रखी जा सके... प्राधिकरण उन सही जगहों की पहचान करने के लिए एक सर्वे करेगा, जहां सीसीटीवी लगाने की जरूरत है। इसके बाद, एक एस्टीमेट तैयार किया



जाएगा। इस कदम का मकसद तेजी से डेवलप हो रहे इस सेक्टर में लंबे समय से चली आ रही चिंताओं को दूर करना है, जिसमें लगभग एक दर्जन हाउसिंग सोसाइटी और 10,000 से लोग रहते हैं, लेकिन यहां असमान रोशन, कंस्ट्रक्शन का मलबा और सीमित निगरानी जैसी समस्याएं हैं।

यह कदम 27 साल के युवराज मेहता की मौत के बाद देशभर में फैले गुस्से के बाद उठाया गया है। 17 जनवरी की देर रात युवराज की कार सड़क से फिसलकर एक कमर्शियल प्रोजेक्ट के लिए खोदे गए पानी से भरे गड्ढे में गिर गई थी, जिससे उनकी मौत हो गई थी। सेक्टर 150 के रहने वाले मनमीत सिंह ने कहा, इस बिना रखरखाव वाले इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरे हमें सुरक्षा का एहसास देंगे और पुलिस किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए असामाजिक गतिविधियों और लोगों पर नजर रख सकती है।

नए कैमरों को शहर के मौजूदा इंटीग्रेटेड स्मार्ट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम में जोड़ा जाएगा, जो ई-चालान और जांच में मदद के लिए 82 जगहों पर 1,065 एडवांस्ड कैमरों का इस्तेमाल करता है।

प्राधिकरण ने सुरक्षा से जुड़े सुधारों के तहत हादसे वाली जगह पर इंजीनियरिंग सुधार पूरे कर लिए हैं। उस खतरनाक मोड़ के पास रिफ्लेक्टिव स्टड, हाई-इंटेंसिटी रिफ्लेक्टर और बेहतर स्ट्रीट लाइटिंग लगाई गई है, जहां यह जानलेवा हादसा हुआ था। अब बैरिकेड्स वाहनों को सीधे गहरे गड्ढे के किनारे वाले मोड़ पर जाने से रोकते हैं।

# तीन सबसे भीड़भाड़ वाली सड़कों का होगा कायाकल्प, जाम से मिलेगी मुक्ति

**गुरुग्राम, एजेंसी।**
गुरुग्राम के सबसे व्यस्त और भीड़भाड़ वाले तीन प्रमुख मार्गों का कायाकल्प होने जा रहा है। गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण (जीएमडीए) ने इसके लिए लगभग 50 करोड़ रुपये का फंड भी जारी कर दिया है। नए प्रोजेक्ट के तहत एमजी रोड (आईएफएफसीओ चौक से गोल्फ कोर्स रोड की शुरुआत तक), हैमिल्टन कोर्ट रोड और व्यापार केंद्र रोड 31 मार्च 2026 तक आदर्श सड़कों में तब्दील होंगी। वर्तमान में हैमिल्टन और व्यापार केंद्र सड़कें वन-वे जिन्हें टू-वे किया जाएगा।

यह निर्णय जनवरी में जीएमडीए के सीईओ पीसी मीणा की अध्यक्षता में हुई एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक के बाद लिया गया है। नई सड़कें इस तरह से बनाई जाएंगी जिसमें अनुशासित यातायात, पैदल चलने वालों की सुरक्षा और मौजूदा बुनियादी ढांचे को पहले से ज्यादा बेहतर किया जाएगा।

नई आदर्श सड़कों में लेन की नई मार्किंग, पैदल यात्री संकेतों के साथ जेब्रा क्रॉसिंग, बेहतर ट्रैफिक लाइट व्यवस्था, पूरी तरह ऑपरेशनल सर्विस रोड, अतिक्रमण और अवैध पार्किंग को हटाना, डिजिटल सूचना बोर्ड, रिफ्लेक्टर, स्ट्रीट लाइटिंग में अतिक्रमण की लगातार शिकायतें आती रही हैं। ऐसे में नई रोड बनने के बाद इस समस्या से भी निजात मिलने की उम्मीद है। है। इन रोड पर ट्रैफिक बहुत ज्यादा रहता है, इसलिए इन्हें सभी सुविधाओं से लैस सुगम टू-वे सड़क बनाने की आवश्यकता है।



सुधार और पब्लिक अनाउंसमेंट सिस्टम होंगे। वहीं ट्रैफिक पुलिस की मैन्युअल चैकिंग की जरूरत को खत्म करते हुए सीसीटीवी सर्विलांस के जरिए ई-चालान जारी किए जाएंगे। इन तीनों सड़कों पर अवैध पार्किंग और रेहड़ी-पटरी वालों के जीएमडीए के कार्यकारी अभियंता अमित गोदारा के मुताबिक, इन तीनों हिस्सों पर विकास कार्य पहले से ही चल रहे थे। अब हैमिल्टन और व्यापार केंद्र के लिए 20-20 करोड़ रुपये और एमजी रोड के लिए 10 करोड़ रुपये का बजट फाइनल किया गया आपका बता दें कि फरवरी 2024 में भी जीएमडीए ने हैमिल्टन कोर्ट और व्यापार केंद्र सड़कों के नवीनीकरण का काम हाथ में लिया था लेकिन वह अधूरा रह गया था जिससे इन सड़कों पर ट्रैफिक की समस्या और बढ़ गई।

# हिंडन के नए पुल पर अगले महीने से सड़क बनने की उम्मीद, परी चौक पर घटेगा जाम

**नोएडा, एजेंसी।** नोएडा के सेक्टर-146/147 से ग्रेटर नोएडा के एलजी चौक तक हिंडन होकर नया संपर्क मार्ग बन रहा है। यूपी स्टेट ब्रिज कॉरपोरेशन हिंडन पर नया पुल बना रहा है। इस पर सड़क बनाने के लिए टेंडर जारी किया गया है। उम्मीद है कि मार्च के अंत तक काम शुरू हो जाएगा। यूपी स्टेट ब्रिज कॉरपोरेशन के अधिकारियों ने नोएडा को बताया कि हिंडन पर पुल बनाने का काम 15 मार्च तक पूरा कर लिया जाएगा। पुल बनाने का काम पूरा होते ही इस पर बिटुमिन और मैस्टिक का काम किया जाएगा। अगर इस टेंडर में किसी एजेंसी का चयन हो जाता है तो मार्च के अंत तक बिटुमिन का काम शुरू करा दिया जाएगा। इसको पूरा होने में करीब एक महीने का समय लगेगा।



इस बारे में प्राधिकरण के अधिकारियों का कहना है कि जुलाई तक इस सड़कों वाहनों के लिए खोलने की तैयारी है। नोएडा और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण अपने-अपने हिस्से में सड़क बना रहे हैं। यह काम पूरा होने के बाद नोएडा-ग्रेटर नोएडा के बीच सफर करने वालों को एक और वैकल्पिक मार्ग मिल जाएगा। ग्रेटर नोएडा की तरफ संपर्क मार्ग की लंबाई लगभग एक किलोमीटर है, जिसे बनाने में लगभग 25 करोड़ रुपये खर्च हो रहे हैं। प्राधिकरण इसे शीघ्र बनाने के लिए प्रयासरत है।

पुल के अलावा नोएडा में सड़क बनाने का 80 प्रतिशत काम पूरा कर लिया गया है, जबकि ग्रेटर नोएडा में यह काम 50 प्रतिशत हो गया है। नोएडा में पुल को जोड़ने के लिए करीब 800 मीटर लंबी सड़क बनाई जा रही है, जिस पर 31 करोड़ 15 लाख रुपये खर्च किए जा रहे हैं। प्राधिकरण के अधिकारियों का कहना है कि पुल बन जाने के बाद नोएडा की ओर के बचे काम को पूरा करने के लिए करीब तीन महीने का समय चाहिए होगा। पिछले सप्ताह ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के महाप्रबंधक ने इस काम का जायजा लेकर काम में तेजी लाने का निर्देश दिया था। इस नए संपर्क मार्ग बन जाने से परी चौक पर वाहनों का दबाव कम होगा। ग्रेटर नोएडा के सूरजपुर, गामा, अल्फा आदि सेक्टरों से नोएडा की ओर आने-जाने वाले वाहन इसी नए मार्ग का इस्तेमाल करेंगे। उनको परी चौक की ओर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इससे वाहन चालकों का करीब 10 किलोमीटर का अतिरिक्त चक्कर बचेगा। इसके अलावा परी चौक पर जाम भी कम हो जाएगा।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

## सेहत, स्वच्छता और सम्मान का समनव्य

कोई भी संवेदनशील और प्रगतिशील समाज अपने बीच जड़ें जमाए वैसी धारणाओं से लड़ता है, जिनका खमियाजा महिलाओं या कमजोर तबकों को उठाना पड़ता है। मगर यह विचित्र है कि हमारे देश में कुछ ऐसे प्रश्न आज भी सामाजिक विकास में एक बाधा बने हुए हैं, जिनका सीधा संबंध स्त्रियों की सेहत और गरिमा के साथ जुड़ा हुआ है।मासिक धर्म या माहवारी मूलत- महिलाओं या लड़कियों के स्वास्थ्य से जुड़ा सवाल है, लेकिन कई तरह की पितृसत्तात्मक सोच के कारण उसे संकोच का विषय बना दिया गया है। इसकी वजह से सामान्य जीवन में लड़कियों को बहुस्तरीय मुश्किलों का सामना करना पड़ता है, इससे उनका स्वास्थ्य और व्यक्तित्व प्रभावित होता है।सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को इसी संदर्भ में एक अहम हस्तक्षेप किया है और मासिक धर्म से जुड़े स्वास्थ्य को संविधान के तहत जीवन और गरिमा के अधिकार का हिस्सा बताया। शीर्ष अदालत की यह टिप्पणी बेहद अहम है कि मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन उपायों की अनुपलब्धता एक लड़की की गरिमा को कम करती है, क्योंकि गरिमा उन परिस्थितियों में व्यक्त होती है, जो लोगों को अपमान, बहिष्कार या अनावश्यक पीड़ा के बिना बाहर निकलने में सक्षम बनाती है।यह छिपा नहीं है कि महिलाओं और लड़कियों के स्वास्थ्य से जुड़ी माहवारी को लेकर समाज में कैसी मिथकें मौजूद रही हैं। इसकी वजह से घर से लेकर बाहर या कार्यस्थलों पर महिलाओं को कई तरह की असुविधाजनक स्थितियों का सामना करना पड़ता है। सैनिटरी पैड की उपलब्धता हर जगह नहीं होने की वजह से समस्या और बढ़ जाती है। अनेक अध्ययनों में ऐसे तथ्य सामने आते रहे हैं कि स्कूलों में स्वच्छ शौचालय की सुविधा न होने की वजह से बहुत सारी लड़कियों को बीच में ही अपनी पढ़ाई छोड़नी पड़ती है। यही वजह है कि शीर्ष अदालत ने देश के सभी सरकारी और निजी स्कूलों को लड़कियों को जैविक रूप से अपघटनीय सैनिटरी पैट निशुक्ल बांटने के साथ-साथ लड़के और लड़कियों के लिए अलग-अलग शौचालय बनाने का निर्देश दिया।

## क्या आर्थिक समीक्षा के सुझावों से कमजोर होगा 'सूचना का अधिकार' कानून?

सूचना का अधिकार (आरटीआइ) कानून ने देश में लोकतंत्र की नींव को और मजबूत किया है। इसका मुख्य उद्देश्य शासन के कामकाज में पारदर्शिता लाना और जवाबदेही तय करना है। यह देश के नागरिकों को अधिकार देता है कि वे सरकारी तंत्र और उसके कार्यों की जानकारी हासिल कर सकते हैं। यानी यह कानून सरकार और जनता के बीच सूचना के सेतु के रूप में काम करता है और परस्पर भरोसे का निर्माण करता है।भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने और दोषियों को कानून के कठघरे में लाने की प्रक्रिया में भी इसकी महती भूमिका है। स्वस्थ लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए जरूरी इन विशेषताओं में अगर कमी या कटौती की जाती है, तो निश्चित तौर पर यह कानून कमजोर होगा। यह मसला इसलिए चर्चा का विषय बन गया है, क्योंकि संसद में हाल में पेश की गई आर्थिक समीक्षा रपट में आरटीआइ कानून का फिर से अध्ययन करने की वकालत की गई है।तर्क दिए गए हैं कि इस कानून में कुछ ऐसे प्रावधान किए जाने की जरूरत महसूस की जा रही है, ताकि गोपनीय रपट और मसविदों को सार्वजनिक किए जाने से छूट प्राप्त की जा सके। गौरतलब है कि लंबे समय से सूचना के अधिकार की मांग के मद्देनजर वर्ष 2005 इससे संबंधित कानून को लागू किया गया था।संबंधित अधिकारी तय समय के भीतर यह सूचना उपलब्ध कराने के लिए बाध्य होते हैं। मगर समय के साथ सरकारी तंत्र की उदासीनता, लापरवाही और निहित स्वार्थों के कारण जानकारी छिपाने के प्रयासों से इस कानून की प्रभावशीलता में कमी देखी गई है, ऐसे में आर्थिक समीक्षा रपट में सूचना के अधिकारों का फिर से अध्ययन करने और कुछ मामलों में छूट हासिल करने की वकालत ने चिंता के स्तर को और बढ़ा दिया है। एक तरफ सरकार जब अपने कामकाज में 'पारदर्शिता लाने' और भ्रष्टाचार को लेकर 'कतई बर्दाश्त नहीं करने' की नीति अपनाने पर जोर देती हो और दूसरी तरफ सूचना के अधिकारों को सीमित करने का प्रयास किया जाए, तो यह नीति और नीयत के बीच विरोधाभास पैदा करता है। आर्थिक समीक्षा में यह भी उल्लेख किया गया है।

*दवा परीक्षण और अनुसंधान के लिए 1,000 टेस्टिंग साइट्स का नेटवर्क दवाओं की लागत कम कर सकता है। सेमीकंडक्टर निर्माण में आत्मनिर्भरता भारत को वैश्विक तकनीकी आपूर्ति श्रृंखला में मजबूत बनाएगी। रक्षा बजट में 15 प्रतिशत की बढ़ोतरी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिहाज से महत्वपूर्ण है लेकिन नई नीतिगत घोषणाओं के अभाव में बाजार की अपेक्षाएं पूरी नहीं हो सकी।*

## आम आदमी की आकांक्षाओं पर कितना खरा है बजट?

**(योगेश कुमार गोयल)**

शिक्षा और रोजगार को जोड़ने वाला 'एजुकेशन-टू-एम्प्लॉयमेंट' मॉडल सरकार की उस सोच को सामने लाता है, जो कक्षा और कार्यस्थल के बीच की खाई को पाटने का दावा करती है। पहली नौकरी पाने वाले युवाओं के लिए 15,000 रुपये का डीबीटी बोनस और एक करोड़ इंटर्नशिप की घोषणा निश्चित रूप से आकर्षक लगती है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत केंद्रीय बजट 2026-27 को एक ओर जहां सरकार के घटक दलों द्वारा विकसित भारत का बजट और बदलते भारत की राजनीतिक-आर्थिक प्राथमिकताओं तथा सरकार की दीर्घकालिक सोच का आईना बताया गया है, वहीं विपक्ष द्वारा इसे पूरी तरह दिशाहीन बजट करार दिया गया है। वैसे निर्मला सीतारमण ने लगातार नौवीं बार बजट पेश कर संसदीय इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ दिया है। सवाल यह नहीं है कि बजट कितना बड़ा है या कितने नए आंकड़े पेश किए गए हैं बल्कि यह है कि क्या यह बजट महंगाई से जूझ रहे आम नागरिक के वर्तमान को कुछ राहत देता है और भविष्य के लिए भरोसेमंद आधार तैयार करता है? बजट के तमाम महत्वपूर्ण प्रावधानों का आकलन किया जाए तो यह बजट विकास, निवेश, बुनियादी ढ़ांचे, डिजिटल अर्थव्यवस्था और आत्मनिर्भर भारत की स्पष्ट झलक तो दिखाता है लेकिन इसके साथ ही इसमें कई ऐसे खाली स्थान भी हैं, जो आम आदमी और विशेषकर किसान, निम्न आय वर्ग और असंगठित क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए निराशा पैदा करते हैं। सरकार ने इस बार तात्कालिक लोकलुभावन उपायों से दूरी बनाते हुए दीर्घकालिक क्षमता निर्माण पर जोर दिया है। यह दृष्टिकोण आर्थिक रूप से समझदारी भरा हो सकता है लेकिन लोकतंत्र में बजट का मूल्यांकन केवल भविष्य के सपनों से नहीं, वर्तमान की चुनौतियों से भी होता है। शिक्षा और रोजगार को जोड़ने वाला 'एजुकेशन-टू-एम्प्लॉयमेंट' मॉडल सरकार की उस सोच को सामने लाता है, जो कक्षा और कार्यस्थल के बीच की खाई को पाटने का दावा करती है। पहली नौकरी पाने वाले युवाओं के लिए 15,000 रुपये का डीबीटी बोनस और एक करोड़ इंटर्नशिप की घोषणा निश्चित रूप से आकर्षक लगती है। यह कदम युवाओं को औपचारिक अर्थव्यवस्था से जोड़ने और उन्हें सामाजिक सुरक्षा के दायरे में लाने की दिशा में सकारात्मक है। लेकिन यहां भी सबसे बड़ा प्रश्न क्रियान्वयन का है। क्या ये इंटर्नशिप वास्तविक कौशल और स्थायी रोजगार की ओर ले जाएंगी या फिर यह योजना सस्ते श्रम तक सीमित रह जाएगी? भारत पहले भी कई बार योजनाओं के आकर्षक नाम और बड़े लक्ष्यों के बावजूद जमीनी स्तर पर कमजोर क्रियान्वयन का अनुभव कर चुका है। 'स्किल इंडिया 2.0' के तहत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा साइंस और मशीन लर्निंग जैसी उभरती तकनीकों को क्षेत्रीय भाषाओं में सिखाने की योजना डिजिटल डिवाइड को कम करने की दिशा में अहम कदम है। ग्रामीण और अर्ध-शहरी युवाओं के लिए यह तकनीकी दुनिया में प्रवेश का द्वार खोल सकता है लेकिन प्रशिक्षकों की गुणवत्ता, पाठ्यक्रम की प्रासंगिकता और उद्योग-सहयोग के बिना यह पहल भी सीमित असर तक सिमट सकती है। शिक्षा बजट को लगभग 1.35 लाख करोड़ रुपये तक बढ़ाने का प्रस्ताव सराहनीय है लेकिन बढ़ती छात्र संख्या, वैश्विक प्रतिस्पर्धा और शोध की जरूरतों के सामने यह राशि अपर्याप्त प्रतीत होती है। मध्यम वर्ग के लिए यह बजट राहत और मायूसी का मिश्रण है। आयकर दरों में तो कोई बदलाव नहीं हुआ है लेकिन आयकर प्रणाली को सरल बनाने की दिशा में घोषणा अवश्य की गई है। सरकार का उद्देश्य स्पष्ट है, कर व्यवस्था को जटिल छूटों के जाल से निकालकर सरल और पारदर्शी बनाना, ताकि उपभोग बढ़े और अर्थव्यवस्था में मांग का संचार हो। यह दृष्टिकोण आर्थिक सुस्ती के दौर में उपयोगी हो सकता है। सरकार ने कुछ चुनिंदा वस्तुओं और क्षेत्रों में कर कटौती कर राहत देने की कोशिश की है। कैंसर और मधुमेह जैसी गंभीर बीमारियों की दवाओं का सस्ता होना निसंदेह करोड़ों परिवारों के लिए जीवनरक्षक कदम है। मोबाइल फोन, ईवी बैटरी और सौर पैनलों पर रियायतें हरित ऊर्जा और डिजिटल इंडिया को गति देने के साथ-साथ तकनीक को आम आदमी की पहुंच में लाने का प्रयास हैं। जूते, कपड़े और कुछ घरेलू उपकरणों के सस्ते होने से मध्यमवर्गीय खपत में हल्की तेजी आ सकती है लेकिन दूसरी ओर शराब, खनिज और स्क्रैप पर बढ़े शुल्क से उत्पादन लागत बढ़ने और अंततः उपभोक्ता कीमतों पर असर पड़ने की आशंका भी बनी हुई है। सबसे बड़ा झटका शेयर बाजार में देखने को मिला। फ्यूचर एंड ऑप्शन ट्रेडिंग पर बढ़े टैक्स ने खुदरा निवेशकों की धारणा को कमजोर किया और बजट के दौरान बाजार में भारी गिरावट दर्ज की गई। इससे यह संदेश गया कि सरकार सट्टात्मक गतिविधियों पर सख्ती चाहती है लेकिन इसके दुष्परिणाम अल्पकाल में निवेशकों और बाजार की स्थिरता पर पड़े। यह बजट महंगाई और निवेश के मोर्चे पर एक तरह का विरोधाभास प्रस्तुत करता है, एक ओर खपत बढ़ाने की कोशिश, दूसरी ओर निवेश भावना को झटका। इंफ्रास्ट्रक्चर पर ?12.2 लाख करोड़ का पूंजीगत व्यय सरकार की विकास रणनीति का सबसे मजबूत स्तंभ है। सात हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर, जिनमें मुंबई-पुणे और दिल्ली-वाराणसी जैसे मार्ग शामिल हैं, भारत की कनेक्टिविटी और क्षेत्रीय विकास की तस्वीर बदल सकते हैं। बेहतर परिवहन से उद्योग, लॉजिस्टिक्स, पर्यटन और रियल एस्टेट को नई गति मिल सकती है। टियर-2 और टियर-3 शहरों पर फोकस शहरीकरण के असंतुलन को सुधारने की दिशा में सही कदम है। हालांकि, बुनियादी ढ़ांचे पर खर्च का लाभ आम आदमी तक पहुंचने में समय लगता है और तात्कालिक रूप से निर्माण सामग्री की कीमतों में बढ़ोतरी महंगाई का दबाव बढ़ा सकती है। एमएसएमई और व्यापार जगत के लिए बजट में नई संजीवनी दिखाई देती है। 10,000 करोड़ रुपये का एसएमई ग्रोथ फंड छोटे उद्यमों को पूंजी की कमी से उबार सकता है। महिलाओं के लिए मुद्रा लोन की सीमा बढ़ाकर 20 लाख रुपये करना महिला उद्यमिता को वास्तविक आर्थिक ताकत देने की दिशा में अहम कदम है। टेक्निकल टेक्सटाइल पर विशेष फोकस भारत को वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में मजबूत स्थान दिला सकता है और 'मेक इन इंडिया' को व्यावहारिक आधार दे सकता है। डिजिटल अर्थव्यवस्था के संदर्भ में यह बजट ऐतिहासिक कहा जा सकता है क्योंकि पहली बार कंटेंट क्रिएटर्स और क्रिएटिव इकोनॉमी को औपचारिक मान्यता दी गई है। 'रील' और 'रियल' इकोनॉमी के बीच की दीवार लगभग गिर चुकी है। डिजिटल कंटेंट, गेमिंग, एनीमेशन और एजुकेशनल प्लेटफॉर्म को एमएसएमई जैसा दर्जा मिलने से युवाओं के लिए स्वरोजगार के नए अवसर खुल सकते हैं। हालांकि बौद्धिक संपदा संरक्षण, आय की स्थिरता और नियमन जैसे सवाल भविष्य की बड़ी चुनौतियां बने रहेंगे। स्वास्थ्य और तकनीक के मोर्चे पर 'बायो-फार्मा 2.0' और सेमीकंडक्टर मिशन पर जोर भारत की दीर्घकालिक रणनीतिक सोच को दर्शाता है।

## विकसित भारत की उड़ान- बजट 2026 के आर्थिक संकल्प

**(ललित गर्ग)**

पिछले कुछ वर्षों के बजटों की तुलना में यह बजट अधिक आत्मविश्वास के साथ सामने आता है। महामारी, वैश्विक आर्थिक अस्थिरता, भू-राजनीतिक तनाव और आपूर्ति श्रृंखला की चुनौतियों के बीच भारत ने जिस आर्थिक मजबूती का प्रदर्शन किया है, उसका आत्मविश्वास इस बजट में स्पष्ट झलकता है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत नवीन केंद्रीय बजट को यदि समग्र दृष्टि से देखा जाए तो यह केवल एक वार्षिक वित्तीय दस्तावेज नहीं, बल्कि 'विकसित भारत 2047' के स्वप्न की ठोस आधारशिला के रूप में सामने आता है। यह बजट उस रिफॉर्म एक्सप्रेस की तरह है जो बीते वर्षों में चली आर्थिक सुधारों की पटरियों पर तेज़ गति से दौड़ते हुए अब भारत को उच्च विकास, समावेशन और आत्मनिर्भरता की नई ऊँचाइयों की ओर ले जाने का दावा करता है। तुलनात्मक, विवेचनात्मक और समीक्षात्मक दृष्टि से यह बजट पूर्ववर्ती बजटों की निरंतरता को बनाए रखते हुए कई नए आयाम भी जोड़ता है, जो इसे ऐतिहासिक और भविष्यगामी बनाते हैं। पिछले कुछ वर्षों के बजटों की तुलना में यह बजट अधिक आत्मविश्वास के साथ सामने आता है। महामारी, वैश्विक आर्थिक अस्थिरता, भू-राजनीतिक तनाव और आपूर्ति श्रृंखला की चुनौतियों के बीच भारत ने जिस आर्थिक मजबूती का प्रदर्शन किया है, उसका आत्मविश्वास इस बजट में स्पष्ट झलकता है। जहां पूर्व बजटों में संकट प्रबंधन और अर्थव्यवस्था को संभालने पर अधिक जोर था, वहीं यह बजट विकास की ऊंची उड़ान के लिए रनवे तैयार करता दिखता है। 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' का मंत्र यहां नारे से आगे बढ़कर नीतिगत संरचना का रूप लेता है। स्वास्थ्य क्षेत्र में बजट की दृष्टि विशेष रूप से विवेचनात्मक है। चिकित्सा अवसंरचना के विस्तार, मेडिकल कॉलेजों की संख्या बढ़ाने, प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने और डिजिटल हेल्थ के माध्यम से गांव-गांव तक चिकित्सा सुविधाएं पहुँचाने की दिशा में किए गए प्रावधान यह संकेत देते हैं कि सरकार स्वास्थ्य को केवल खर्च नहीं, बल्कि मानव पूंजी में निवेश मान रही है। यदि पिछले दशक के बजटों से तुलना की जाए तो स्वास्थ्य पर आवंटन और दृष्टिकोण दोनों में गुणात्मक परिवर्तन दिखाई देता है। यह बदलाव भारत को न केवल स्वस्थ समाज की ओर ले जाने वाला है, बल्कि उत्पादकता और आर्थिक वृद्धि को भी दीर्घकाल में मजबूती देगा। शिक्षा के क्षेत्र में भी बजट की आत्मा दूरदर्शी है। नई शिक्षा नीति के क्रियान्वयन, कौशल विकास, डिजिटल शिक्षा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और उभरती तकनीकों से जुड़ी शिक्षा पर बल यह दर्शाता है कि सरकार भविष्य के भारत के लिए आज के युवाओं को तैयार करना चाहती है। पूर्ववर्ती बजटों में शिक्षा पर खर्च की चर्चा होती थी, लेकिन इस बजट में शिक्षा को रोजगार और नवाचार से जोड़ने की स्पष्ट रणनीति दिखाई देती है। यह एक ऐसा बिंदु है जहाँ यह बजट तुलनात्मक रूप से अधिक परिपक्व और व्यावहारिक प्रतीत होता है। विकास की दृष्टि से यह बजट 'इन्फ्रास्ट्रक्चर प्लस समावेशन' का मॉडल प्रस्तुत करता है। रेलवे कॉरिडोरों के विकास, लॉजिस्टिक्स को सशक्त बनाने, सड़क, बंदरगाह और शहरी अवसंरचना में निवेश को जिस तरह प्राथमिकता दी गई है, वह भारत को वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला का मजबूत हिस्सा बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। सात रेलवे कॉरिडोर विकसित करने की घोषणा केवल परिवहन सुविधा का विस्तार नहीं, बल्कि औद्योगिक विकास, रोजगार सृजन और क्षेत्रीय संतुलन का माध्यम भी है।

### सुडोकू पहेली — क्रमांक- 5994

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 9 | | | 6 |
| | | | | | 3 | 8 | 5 | 1 |
| | 6 | 2 | | 1 | 5 | | | |
| | | 7 | | | | | 6 | |
| | 2 | 1 | 9 | 7 | 6 | 3 | 8 | |
| | 3 | | | | | 1 | | |
| | | | 4 | 5 | | 9 | 7 | |
| 2 | 5 | 8 | 6 | | | | | |
| 4 | | | 3 | | | | | |

**नियम :** प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5993

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 6 | 7 | 5 | 2 | 4 | 9 | 3 | 8 |
| 2 | 3 | 9 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 4 |
| 8 | 5 | 4 | 3 | 9 | 6 | 2 | 7 | 1 |
| 6 | 9 | 8 | 7 | 4 | 2 | 3 | 1 | 5 |
| 7 | 2 | 3 | 6 | 1 | 5 | 4 | 8 | 9 |
| 5 | 4 | 1 | 8 | 3 | 9 | 7 | 6 | 2 |
| 3 | 1 | 2 | 4 | 8 | 7 | 5 | 9 | 6 |
| 9 | 7 | 6 | 2 | 5 | 1 | 8 | 4 | 3 |
| 4 | 8 | 5 | 9 | 6 | 3 | 1 | 2 | 7 |

### वर्ग पहेली 5994



**संकेतः बाएं से दाएं**

1. 10 जून 1933 को मार्गरेट थैचर इस देश की पुनः प्रधानमंत्री चुनी गई (3)
4. दक्षिण अमेरिका की यह जल की मात्रा के हिसाब से विश्व की सबसे बड़ी नदी है (4)
7. जल में उत्पन्न वस्तु (3)
8. सेवा, तीमारदारी, खिदमत (3)
9. अभ्यास पुस्तिका को अंग्रेजी में यह कहते है (4)
11. वाक्य का अप्रभंश, बोलता हुआ (2)
14. गृह या भवन को यह भी कहते है (3)
16. प्रतिवासी, पडोसी (4)
18. राजा का निवास, भारत की पहली रहस्य प्रधान फिल्म (3)
20. पाषाण पटल, शिला, पेषणी (2)
21. उच्चवर्णीण, अंडज, यज्ञोपवीतधारी (2)
22. वह धन जो श्रमादि करके उपार्जि किया हुआ हो (3)
23. वह बाल जिसका पिता का निधन हो गया हो (उर्दू)(3)
24. नदी को अपभ्रंश (3)

**ऊपर से नीचे**

1. पुल को अंग्रेजी में यह कहते है (2)
2. दर्जी, वेशकार (3)
3. अरब का एक प्रसिद्ध नगर जहां हजरत अली की मजार है (3)
4. अंदाज, अनुमान, कयास (4)
5. वर्षा, प्रमेह, नर बकरी (2)
6. नवजात शिशु के आगमन पर खुशी हजहार करने पर महिलाओं का जमावड़ा, प्रदर्शनी (3)
10. जड़, नींव, आधार (4)
12. कोई विलक्षण कार्य, करतब (3)
13. हिम्मती, पराक्रमी, बहादुर (4)
15. कार्तिक शुक्ल द्वितीया को होने वाला भाईदूज पर्व इस नाम से भी जाना जाता है (5)
17. पुरूषोत्तम मास, अधिक मास (4)
19. पचित, पचेलिम, पचा हुआ (3)
23. जो, अगर (2)

### वर्ग पहेली 5993 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कि | र | ण | बे | दी | | गं | ज |
| ता | न | | गा | न | मं | ड | ली |
| ब | र | स | ना | | | क | ल |
| फ | | मा | | भू | सा | | |
| रो | ज | ना | म | चा | | आ | शा |
| श | ल | | त | ल | ब | गा | र |
| | पा | य | ल | | ह | मी | दा |
| सी | न | | बी | त | ना | | |

## आज का राशिफल

### मेष

आपको संपत्ति के लेन-देन से लाभ मिलेगा। घर-परिवार के लोगों के सहयोग से फायदा होगा। किसी सम्मान की भी आपको प्राप्ति हो सकती है। लोगों के बीच में आपकी छवि मजबूत होगी। शाम होते-होते कुछ शारीरिक परेशानी भी उठानी पड़ सकती है। आपको सामाजिक क्षेत्र में मान सम्मान की प्राप्ति होगी। पिता की ओर से भी आपको कल लाभ और सहयोग मिलने का योग बना हुआ है।

### वृष

आज आपको अपने शब्दों का सोच-समझकर इस्तेमाल करना होगा। आपकी बात सामने वाले को बुरी लग सकती है। हनुमान जी की कृपा आपके ऊपर बनी रहेगी और कोई फंसा हुआ धन आपको मिल सकता है। समझदारी से लिए गए फैसले आपको लाभ दिलाएंगे। आपके विरोधी और शत्रु भी कल शांत रहेंगे और आपकी प्रतिभा और आपके सकारात्मक पक्ष को देखकर हैरान होंगे।

### मिथुन

आज धार्मिक कार्यों में आपका मन लगेगा। दान-पुण्य के काम में आप बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे। नौकरी या व्यवसाय में अपने दम पर किए गए कार्यों में आपको सफलता मिलेगी। नई योजनाओं की शुरुआत करने के लिए दिन अच्छा है। अटके हुए काम को निपटाने के लिए धन खर्च करना पड़ सकता है।

### तुला

आज कड़ी मेहनत से आपको कार्यों में सफलता मिलेगी। छोटे भाई-बहन से कोई मतभेद हो सकता है। घर से जुड़ी सुख-साधनों की वस्तुओं पर खर्च बढ़ सकता है। शत्रुओं पर जीत मिलेगी और उनके सभी प्रयास विफल होंगे। रात के समय किसी प्रभावशाली व्यक्ति से मुलाकात हो सकती है। बिजनेस में आपका अच्छा मुनाफा मिल सकता है।

### वृश्चिक

आज छात्रों के लिए मंगलवार का दिन अच्छा रहेगा। शिक्षा में रुचि बढ़ेगी और कुछ नया सीखने में भी सफल होंगे। माता-पिता और गुरुजनों का आशीर्वाद मिलेगा। शाम के समय थोड़ा सावधान रहना होगा। सामान के चोरी होने या चोट लगने की संभावना दिख रही है।आप अपनी व्यवहार कुशलता और मृदु वाणी से विरोधियों और शत्रुओं से भी काम निकलवाने में सफल हो सकते हैं।

### धनु

आज आपके शत्रु आपके ऊपर हावी रहेंगे। सिंह राशि का चंद्रमा चतुर्थ भाव में आपको निडर बनाएगा। आप बिना किसी परेशानी के अपने सभी कार्य पूरे करते चले जाएंगे। जीवनसाथी का भी आपको सहयोग मिलेगा। रात के समय किसी यात्रा का भी सहयोग बन रहा है। शिक्षा प्रतियोगिता में भी आप सफलता पाएंगे। सुख साधनों में वृद्धि होगी। लव लाइफ के मामले में दिन रोमांटिक रहेगा।

### कर्क

आज भाग्य का पूरा साथ मिलने से आमदनी के अच्छे अवसर प्राप्त होंगे। करियर को लेकर किए गए प्रयास में आपको सफलता मिलेगी। कई रास्तों से धन आने से आपके कोष में वृद्धि होगी। मित्रों का सहयोग आपके काम आएगा और कुछ नए दोस्त भी बनेंगे। रात के समय पुण्य कार्यों में शामिल होने का अवसर मिलेगा। आपको सुख साधन मिलने का भी कल संयोग।

### सिंह

आज पैतृक संपत्ति से आपको धन लाभ होगा। तंत्र-मंत्र और साधना में आपकी रुचि बढ़ सकती है। बिना मांगे किसी को सलाह न दें। आपकी सलाह का उल्टा असर हो सकता है। रात के समय पुण्य कार्यों में शामिल होने का अवसर मिलेगा। कूटनीतिक बुद्धि और व्यवहारकुशला का आप कल लाभ ले पाएंगे। वैवाहिक जीवन आपका प्रेमपूर्ण रहेगा।

### कन्या

आज संपत्ति में वृद्धि की प्रबल संभावना है। ननिहाल पक्ष से कोई लाभ या मान-सम्मान प्राप्त होगा। पत्नी और ससुराल पक्ष का भी आपको पूरा सहयोग मिलेगा। शाम के समय गुप्त शत्रुओं के कारण थोड़ी परेशानी हो सकती है।

### मकर

आज आपको खर्चो पर थोड़ा कंट्रोल करना होगा। धार्मिक कार्यों से आपके मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अपनी कुशल योजनाओं के बन पर शत्रुओं पर विजय प्राप्त करने में सफल रहेंगे। शाम का समय लोगों से मेल-मिलाप में बीतेगा।सामाजिक क्षेत्र में आपकी पहचान का दायरा बढ़ेगा और आपको मान सम्मान की भी प्राप्ति होगी। आपके लिए सितारे बताते हैं कि आपको कल ससुराल पक्ष के संबंधियों से सहयोग मिल पाएगा।

### कुंभ

आज आपके बुद्धि और ज्ञान में वृद्धि होगी। कठिन से कठिन कार्यों में भी आपको सफलता मिलेगी। दिन आपके लिए इच्छाओं की पूर्ति कराने वाला रहेगा। किसी प्रकार का सम्मान मिलने की भी प्रबल संभावना है। शाम का समय धार्मिक कार्यों में बीतेगा। जो जातक बीते कुछ दिनों से बीमार चल रहे हैं उनकी सेहत में सुधार हो सकता है। कारोबार व्यापार के सिलसिले में की गई आपकी यात्रा सफल और सुखद रहेगी।

### मीन

आज भाग्य आपके साथ कदम से कदम मिलाकर चलेगा। लंबे समय से परेशान कर रही शारीरिक समस्या से आपको निजात मिलेगी। संतान पक्ष से भी खुशखबरी आपको मिलती दिख रही है। अपना वामी पर संयम रखकर कार्य करेंगे तो सफलता मिलने की अधिक संभावना रहेगी।बीमार चल रहे जातकों के स्वास्थ्य में कल सुधार दिखेगा। वैवाहिक जीवन के मामले में दिन सुखद रहने वाला है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-०6186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/03009

# देविका सिहाग ने थाईलैंड मास्टर्स में जीत का श्रेय पीवी सिंधू को दिया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** थाईलैंड मास्टर्स सुपर 300 का खिताब जीतकर इतिहास रचने वाली युवा भारतीय शटलर देविका सिहाग ने अपनी इस बड़ी सफलता का श्रेय दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू के साथ लंबे समय तक किए गए अभ्यास और मशहूर कोच इरवानस्याह आदि प्रतामा के मार्गदर्शन को दिया है। हरियाणा की 20 वर्षीय खिलाड़ी ने इस जीत के साथ भारतीय बैडमिंटन में नया अध्याय जोड़ा है।

## सुपर 300 खिताब जीतने वाली तीसरी भारतीय महिला बनीं देविका

देविका सिहाग साइना नेहवाल और पीवी सिंधू के बाद सुपर 300 महिला एकल खिताब जीतने वाली तीसरी भारतीय महिला शटलर बन गई हैं। इस उपलब्धि ने उन्हें भारतीय बैडमिंटन के उभरते सितारों में शामिल कर दिया है और अंतरराष्ट्रीय मंच पर उनकी पहचान को और मजबूत किया है।

**सिंधू के साथ अभ्यास से मिला आत्मविश्वास-** पीटीआई वीडियो से बातचीत में देविका ने कहा कि पीवी सिंधू के साथ अभ्यास करना उनके करियर के लिए बेहद फायदेमंद रहा। उन्होंने बताया कि सिंधू के खेल को करीब से देखना और उनके अनुशासन व मेहनत से प्रेरणा लेना उनके प्रदर्शन में साफ झलकता है। पिछले कुछ महीनों से सिंधू के साथ अभ्यास करने से उनका आत्मविश्वास काफी बढ़ा है।

**कोच इरवानस्याह की भूमिका को बताया अहम-** देविका ने इंडोनेशियाई कोच



इरवानस्याह आदि प्रतामा के योगदान को भी खास बताया। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर के इस अनुभवी कोच से उन्हें मानसिक और शारीरिक रूप से खुद को बेहतर ढंग से तैयार करने की सीख मिली है। हर सत्र के बाद रणनीति और सुधार पर होने वाली चर्चा उनके खेल को निखारने में मदद कर रही है।

**इन दिग्गज खिलाड़ियों से लेती हैं प्रेरणा-** देविका ने खुलासा किया कि वह चीनी ताइपे की पूर्व विश्व नंबर एक खिलाड़ी ताई त्जु यिंग और पीवी सिंधू की लंबे समय से प्रशंसक रही हैं। इसके अलावा उन्होंने एन से यंग, अकाने यामागुची और वांग झी जैसे मौजूदा दौर की शीर्ष खिलाड़ियों की फिटनेस, गति और सकारात्मक खेल शैली की भी सराहना की।

**टॉप 30 में पहुंचना अगला लक्ष्य-** भविष्य को लेकर देविका ने कहा कि इस साल उनका लक्ष्य विश्व रैंकिंग में टॉप 30 में जगह बनाना है। उन्होंने बताया कि साल की शुरुआत शानदार रही है और वह आने वाले टूर्नामेंटों को लेकर काफी उत्साहित हैं। उनका मानना है कि निरंतर अच्छा प्रदर्शन उन्हें इस लक्ष्य तक जरूर पहुंचाएगा।

### रोहित-विराट के संन्यास पर बोले धोनी-

# कोई हमें न सिखाए कि कब खेलना बंद करना है



**चेन्नई (एजेंसी)।** भारत के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने सीनियर बल्लेबाज विराट कोहली और रोहित शर्मा का समर्थन करते हुए कहा है कि उन्हें कोई यह न बताए कि वे खेलना जारी रख सकते हैं या नहीं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि भारतीय टीम घरेलू धरती पर होने वाले टी20 विश्व कप में खतरनाक साबित होगी। धोनी ने खेल प्रसारक जतिन सप्रू के साथ एक साक्षात्कार में भारतीय क्रिकेट पर अपने विचार व्यक्त किए। लगभग आधे घंटे की बातचीत के दौरान जब रोहित (38 वर्ष) और कोहली (37 वर्ष) के 2027 वनडे विश्व कप खेलने की संभावना को लेकर बात हुई तो धोनी ने पहले चुटकी लेते हुए कहा, माफ़ कीजिए, सवाल क्या है। लेकिन धोनी ने तुरंत ही गंभीर लहजा अपनाते हुए पूछा, क्यों नहीं। किसी को विश्व कप क्यों नहीं खेलना चाहिए। मेरे लिए उम्र कोई मापदंड नहीं है। मेरे लिए प्रदर्शन और फिटनेस ही मापदंड हैं। मेरा मानना ??है कि किसी को कुछ भी बताने की जरूरत नहीं है। लेकिन यह स्पष्ट होना चाहिए कि सबके साथ एक जैसा व्यवहार किया जाएगा। उन्होंने कहा, जब मैंने पदार्पण किया तब मैं 24 साल का था। किसी ने मुझे कुछ नहीं कहा और अब जब मैं 10 साल या 20 साल से भारत के लिए खेल रहा हूं, तो किसी को आकर मेरी उम्र के बारे में बताने की जरूरत नहीं है। यह 44 वर्षीय खिलाड़ी अब भी आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए खेलता है।

धोनी ने कहा कि टीम में अनुभव काफी महत्व रखता है। उन्होंने कहा, चाहे रोहित हों या विराट या अगले पांच वर्षों में उभरने वाले अन्य खिलाड़ी। वे अगला विश्व कप खेल सकते हैं या नहीं, यह तय करना हमारा काम नहीं है। यह उनका काम है। अगर वे अच्छा खेलते रहते हैं। अगर उनमें देश के लिए अच्छा प्रदर्शन करने की इच्छा है, तो फिर वे क्यों नहीं खेल सकते। धोनी ने कहा, आपको अनुभवी खिलाड़ी नहीं मिल सकते। आपको 20 साल की उम्र वाला कोई अनुभवी खिलाड़ी नहीं मिल सकता, जब तक कि वह सचिन तेंदुलकर जैसा न हो। आप जानते हैं कि उस उम्र में अनुभव तभी मिलता है जब आप 16 या 17 साल की उम्र में खेलना शुरू करते हैं। धोनी ने कहा कि किसी खिलाड़ी को तब तक अनुभवी नहीं माना जा सकता जब तक कि उसने अपने करियर में लंबे समय तक दबाव का सामना न किया हो। उन्होंने कहा, अगर आप 20-25 मैचों को अनुभव कह रहे हैं, तो वे अनुभवी नहीं हैं क्योंकि खिलाड़ियों के लिए दबाव में खेलना महत्वपूर्ण होता है। मुझे वह अनुभव हासिल करने के लिए 80-85 मैच खेलने होंगे।

### समान व्यवहार करना जरूरी

भारत के मौजूदा मुख्य कोच गौतम गंभीर ने अब केवल वनडे में खेलने वाले रोहित और कोहली के भविष्य पर कोई स्पष्ट टिप्पणी नहीं की है। धोनी ने कहा कि जो भी खिलाड़ी फिट रहकर अच्छा प्रदर्शन कर सकता है, उसे उम्र की परवाह किए बिना अपनी जगह बनाए रखने का अधिकार होना चाहिए। उन्होंने कहा, सभी के साथ समान व्यवहार करना जरूरी है। जो लोग अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं, वे टीम में होंगे। जो लोग अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रहे हैं, उन्हें वहां जगह नहीं मिलेगी। अगर कोई खिलाड़ी फिट नहीं है तो आप उसे किसी भी समय बाहर निकाल सकते हैं। अगर वह अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रहा है तो आप उसका आकलन करेंगे।

### मैच के बहिष्कार पर कपिल की दो टूक-

# पाकिस्तान खिलाड़ियों के साथ नाइंसाफी कर रहा..



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व भारतीय कप्तान कपिल देव ने आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2026 में भारत के खिलाफ मुकाबले के बहिष्कार को लेकर पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) पर जोरदार हमला बोला है। कपिल का मानना है कि यह फैसला पाकिस्तान क्रिकेट के लिए बेहद नुकसानदायक साबित होगा और इससे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में उसकी साख को गहरा झटका लगेगा। उन्होंने कहा कि इस तरह के फैसले से खेल से ज्यादा राजनीति हावी नजर आती है, जो क्रिकेट के भविष्य के लिए सही नहीं है।

### 'आप अपनी ही पीढ़ी को नुकसान पहुंचा रहे हैं'

कपिल देव ने खास तौर पर पाकिस्तान की युवा पीढ़ी को लेकर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि अगर खिलाड़ियों की इच्छा के बिना बोर्ड ऐसे फैसले लेता है, तो यह अपने ही क्रिकेटरों के साथ अन्याय है। कपिल के मुताबिक, पाकिस्तान ने दुनिया को कई बेहतरीन खिलाड़ी दिए हैं, लेकिन अगर उन्हें वर्ल्ड कप जैसे मंच पर खेलने से रोका गया, तो यह सीधे तौर पर खेल और खिलाड़ियों–दोनों को नुकसान पहुंचाएगा।

कपिल देव ने बातचीत में कहा, अगर यह फैसला खिलाड़ियों का होता तो वे सामने आकर बोलते। लेकिन जब बोर्ड तय करता है कि आप नहीं खेलेंगे, तो देश की छवि खराब होती है। यह पाकिस्तान क्रिकेट के लिए अच्छा संकेत नहीं है। आप पूरी पीढ़ी को खत्म कर रहे हैं।पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने रविवार को यह साफ किया कि टीम आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2026 में हिस्सा लेगी, लेकिन 15 फरवरी को भारत के खिलाफ होने वाले मुकाबले में मैदान पर नहीं उतरेगी। यह मैच कोलंबो के आर. प्रेमदासा स्टेडियम में खेला जाना था। यह फैसला तब आया जब बांग्लादेश को टूर्नामेंट से बाहर कर दिया गया और उनकी जगह स्कॉटलैंड को शामिल किया गया।

### आईसीसी की सख्त चेतावनी

इस फैसले से आईसीसी भी खुश नहीं है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने पीसीबी को चेतावनी देते हुए कहा है कि इस कदम के दूरगामी और गंभीर परिणाम हो सकते हैं। आईसीसी का मानना है कि भारत–पाकिस्तान मैच सिर्फ एक मुकाबला नहीं, बल्कि पूरे टूर्नामेंट की आर्थिक और वैश्विक संरचना का अहम हिस्सा होता है।आईसीसी ने अपने बयान में कहा, यह फैसला न तो वैश्विक क्रिकेट के हित में है और न ही पाकिस्तान के प्रशंसकों के। इससे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट इकोसिस्टम पर नकारात्मक असर पड़ सकता है।आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2026 की शुरुआत 7 फरवरी से होगी। भारत अपने अभियान की शुरुआत यूएसए के खिलाफ करेगा।

### पाकिस्तान सरकार की आधिकारिक पुष्टि

पाकिस्तान सरकार के आधिकारिक एक्स (पूर्व ट्विटर) अकाउंट से बयान जारी कर कहा गया, पाकिस्तान सरकार ने टीम को आईसीसी वर्ल्ड टी-20 2026 में भाग लेने की अनुमति दी है, लेकिन 15 फरवरी 2026 को भारत के खिलाफ होने वाले मैच में टीम मैदान पर नहीं उतरेगी।

# विमेंस प्रीमियर लीग के फाइनल में आज आरसीबी और दिल्ली कैपिटल्स की खिताबी जंग

**वडोदरा (एजेंसी)।** विमेंस प्रीमियर लीग 2026 का खिताब मुकाबला रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और दिल्ली कैपिटल्स के बीच खेला जाएगा। लीग के पॉइंट्स टेबल में टॉप पर रहकर आरसीबी ने सीधे फाइनल में एंट्री मारी थी। वहीं दूसरे और तीसरे नंबर पर रही गुजरात जायंट्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच एलिमिनेटर खेला गया। इसमें जेमिमा रोड्रिग्स की कप्तानी वाली दिल्ली कैपिटल्स ने 7 विकेट से जीत हासिल करके फाइनल का टिकट कटाया। दिल्ली की टीम चौथी बार फाइनल में पहुंची है तो आरसीबी का दूसरा खिताबी मुकाबला होगा। स्मृति मंधाना आरसीबी की कप्तान हैं। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और दिल्ली कैपिटल्स के बीच विमेंस प्रीमियर लीग 2026 का खिताबी मुकाबला 5 फरवरी को खेला जाएगा। यह मैच वडोदरा के बड़ौदा क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम पर होना है। मैच की शुरुआत भारतीय समय अनुसार शाम 7 बजकर 30 मिनट पर होगी। इसके लिए टॉस 7 बजे होगा। दिल्ली अभी तक एक बार भी लीग को नहीं जीत पाई है। आरसीबी ने दिल्ली को ही हराकर 2024 सीजन अपने नाम किया था।




### आरसीबी को हरा चुकी दिल्ली

इस सीजन आरसीबी ने दमदार खेल दिखाया है। लीग राउंड में टीम ने लगातार 5 मैच जीतकर प्लेऑफ में एंट्री मारी थी। दिल्ली कैपिटल्स ही वह टीम थी जिसने आरसीबी को विजयी रथ को रोका था। सीजन के 15वें मैच में दिल्ली ने आरसीबी को 7 विकेट से मात दी थी। वह मुकाबला भी वडोदरा में ही खेला गया था। दोनों टीमों के बीच अभी तक 9 मुकाबले हुए हैं। इसमें दिल्ली ने 6 जीते हैं जबकि आरसीबी के खाते में तीन मैच आए हैं।

### इस प्रकार हैं दोनों टीमें

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु–** ग्रेस हैरिस, स्मृति मंधाना (कप्तान), जॉर्जिया वोल, गौतमी नाइक, ऋचा घोष (विकेटकीपर), नादिन डी क्लर्क, राधा यादव, श्रेयंका पाटिल, प्रेमा रावत, सयाली सतघरे, लॉरेन बेल, प्रथ्योषा कुमार, अरुंधति रेड्डी, दयालन हेमलता, पूजा वस्त्राकर, लिन्से स्मिथ।

**दिल्ली कैपिटल्स–** शैफाली वर्मा, लिजेल ली (विकेटकीपर), लौरा वोल्वार्ड्ट, जेमिमाह रोड्रिग्स (कप्तान), मारिज़ैन कप्प, निकी प्रसाद, स्नेह राणा, लुसी हैमिल्टन, श्री चरणी, नंदनी शर्मा, मिन्नू मणि, तानिया भाटिया, अलाना किंग, चिनेले हेनरी, प्रगति सिंह, एडडला स्रुजाना।

# भारत में नहीं दिखेंगे पीएसएल के मैच

## पाक ने टी20 वर्ल्ड कप विवाद के बीच रोके मीडिया राइट्स

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने टी20 वर्ल्ड कप 2026 में टीम इंडिया के खिलाफ मैच बॉयकॉट करने के बाद एक और भारत विरोधी कदम उठाया है। पीसीबी ने पाकिस्तान सुपर लीग 2026 ( पीएसएल 2026) के 11वें सीजन के मैचों का भारत में प्रसारण करने पर रोक लगा दी है। पीसीबी ने पीसएल11 के मैचों के इंटरनेशनल ब्रॉडकास्ट राइट्स बेचते हुए यह कदम उठाया है। हालांकि इससे उल्टा



पाकिस्तान को ही नुकसान होने की संभावना मानी जा रही है, क्योंकि क्रिकेट मैचों में विज्ञापन देने वाली अधिकतर कंपनियां भारतीय हैं और भारत में करीब 140 करोड़ की आबादी में से 80 फीसदी क्रिकेट मैचों का बड़ा दर्शक वर्ग है।

**पाकिस्तानी कंपनी ने ही खरीदे हैं अधिकार–** मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने पीएसएल 11 के ग्लोबल मीडिया राइट्स के लिए बोली मांगी थी, जिसमें वली टेक्नोलॉजीज सबसे बड़ी बोलीदाता के तौर पर सामने आई है। पीसीबी ने भारत में प्रसारण के अधिकार छोड़कर बाकी सभी जगह के राइट्स वली टेक्नोलॉजीज को एक साल के लिए दिए हैं। वली टेक्नोलॉजीज खुद को 'मेड इन पाकिस्तान' टेक्नोलॉजी को बढ़ावा देने वाली कंपनी होने का दावा करती है।

### पिछली बार से 149 प्रतिशत ज्यादा महंगी कीमत का दावा

पीएसएल के सीईओ सलमान नासिर ने कहा, वली टेक्नोलॉजीज ने पिछले साल के मुकाबले 149 प्रतिशत ज्यादा कीमत पर ग्लोबल मीडिया राइट्स खरीदे हैं, जो पीएसएल की बढ़ती ब्रांड वैल्यू और इंटरनेशनल डिमांड को दिखा रहे हैं। हम नया बेंचमार्क तय करने के लिए वली टेक्नोलॉजीज के आभारी हैं।

# क्रिकेट के 73 नियम बदले 1 अक्टूबर से लागू होंगे

## ● टेस्ट में दिन के आखिरी ओवर में विकेट गिरा तो नया बैटर आएगा, लेमिनेटेड बैट को मंजूरी

**मेलबर्न (एजेंसी)।** क्रिकेट के 73 नियम बदल दिए हैं। इनमें टेस्ट मैच में दिन के आखिरी ओवर में विकेट गिरने पर पूरा ओवर खेलना अनिवार्य कर दिया गया है। डेड बॉल, ओवरथ्रो, बाउंड्री पर लिए जाने वाले कैच, विकेटकीपर की पोजीशन जैसे कई नियम बदले गए हैं। लेमिनेटेड बैट को सशर्त मंजूरी दी गई है। नए नियम 1 अक्टूबर 2026 से लागू होंगे। 2022 के बाद नियमों में यह सबसे बड़ा अपडेट है।

### बदले गए मुख्य नियम

1. **टेस्ट मैच में दिन का आखिरी ओवर का नियम बदला–** क्रिकेट नियम बनाने वाले मेरिलबोन क्रिकेट क्लब



(एमसीसी) ने अपनी वेबसाइट पर बताया कि टेस्ट मैचों में दिन का आखिरी ओवर अब हर हाल में पूरा कराया जाएगा। ऐसा न होने से खेल का रोमांच कम हो जाता है। एमसीसी ने कहा, 'यह अनुचित माना गया कि अगर दिन के अंतिम ओवर में गेंदबाजी कर रही टीम विकेट लेती है, तो बल्लेबाजी टीम को नया बल्लेबाज भेजने की जरूरत नहीं पड़ती।' वहीं यह भी बयान में कहा गया कि, इससे समय की बचत भी नहीं होती, क्योंकि बची हुई गेंदें अगले दिन पूरी करनी ही पड़ती हैं। साथ ही इससे खेल का रोमांच कम हो जाता है। नया बल्लेबाज मुश्किल परिस्थितियों से बच जाता है। क्योंकि आमतौर पर उस समय गेंदबाजों के लिए हालात अनुकूल होते हैं। नए नियम के तहत अगर परिस्थितियां अनुकूल रहीं, तो अंतिम पूरा किया जाएगा, भले ही उस दौरान विकेट गिर जाए।

**ओवरथ्रो और 'डेड बॉल' की नई परिभाषा–** एमसीसी ने ओवरथ्रो और मिसफील्ड के बीच के अंतर को स्पष्ट कर दिया है।

### हिट विकेट के नियम को और साफ किया गया

हिट विकेट में कन्फ्यूजन को दूर किया गया है। अब यह समझने में कोई दिक्कत नहीं रहेगी कि बल्लेबाज कब हिट विकेट आउट माना जाएगा और कब नहीं।

● **बैलेंस बिगड़ना-** अगर बल्लेबाज शॉट खेलने के बाद लड़खड़ाता है और संतुलन बनाते–बनाते खुद स्टंप्स पर गिर जाता है, तो वह आउट होगा। इससे फर्क नहीं पड़ेगा कि गेंद उस समय कितनी दूर जा चुकी है।

● **फील्डर से टक्कर–** अगर बल्लेबाज का किसी फील्डर से टकराव हो जाता है और उसी वजह से वह स्टंप्स पर गिरता है, तो उसे हिट विकेट आउट नहीं दिया जाएगा। ● **बल्ला छूटना–** अगर बल्लेबाज के हाथ से बल्ला छूटकर सीधे स्टंप्स पर लग जाता है, तो वह आउट माना जाएगा। लेकिन अगर बल्ला पहले विकेटकीपर या किसी फील्डर को छूता है और फिर स्टंप्स से टकराता है, तो बल्लेबाज नॉट आउट रहेगा। एमसीसी ने साफ किया है कि अगर बल्लेबाज गेंद खेलने के बाद संतुलन बनाने की कोशिश में लड़खड़ाकर स्टंप्स पर गिर जाता है, तो उसे हिट विकेट आउट माना जाएगा, चाहे गेंद उस समय काफी दूर जा चुकी हो।

बॉल और बैट के लिए तय हुए मानक

एमसीसी ने मौजूदा और पूर्व महिला खिलाड़ियों से सलाह लेकर जूनियर और महिला क्रिकेट में इस्तेमाल होने वाली गेंदों के लिए नए नियम बनाए हैं। अब गेंदों को तीन साइज में बांटा गया है। साइज–1, साइज–2 और साइज–3।

# हार के बावजूद सबालेंका टॉप पर कायम, जोकोविच तीसरे नंबर पर पहुंचे

**मेलबर्न (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलियन ओपन 2026 के बाद जारी हुई नई टेनिस रैंकिंग में कई बड़े बदलाव देखने को मिले हैं। पुरुष और महिला–दोनों वर्गों में फाइनल हार के बावजूद कुछ दिग्गज खिलाड़ियों ने अपनी मजबूत स्थिति बरकरार रखी है, जबकि कुछ सितारों ने लंबी छलांग लगाई है।

### अल्काराज़ नंबर–1, जोकोविच की टॉप–3 में वापसी

ऑस्ट्रेलियन ओपन के फाइनल में कार्लोस अल्काराज़ से हारने के बावजूद 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन नोवाक जोकोविच को रैंकिंग में फायदा मिला है। जोकोविच एक पायदान ऊपर चढ़कर तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। 38 वर्षीय सर्बियाई दिग्गज अगस्त 2024 के बाद पहली बार टॉप-3 में लौटे हैं।वहीं, ऑस्ट्रेलियन ओपन के विजेता कार्लोस अल्काराज़ ने शानदार प्रदर्शन के दम पर एटीपी नंबर-1 रैंकिंग बरकरार रखी है। दूसरे नंबर पर मौजूद यानिक सिनर को पीछे छोड़ते हुए अल्काराज़ शीर्ष पर कायम हैं। गौर है कि जोकोविच ने टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में सिनर को हराया था।

### डब्ल्यूटीए रैंकिंग– फाइनल हार के बाद भी सबालेंका नंबर–1

महिला वर्ग में एरीना सबालेंका को ऑस्ट्रेलियन ओपन फाइनल में एलेना रयबाकिना से हार का सामना करना पड़ा, लेकिन इसके बावजूद वह डब्ल्यूटीए नंबर-1 रैंकिंग पर बनी हुई हैं। रयबाकिना दो स्थान की छलांग लगाते हुए तीसरे नंबर पर पहुंच गई हैं, जबकि इगा स्वियातेक दूसरे स्थान पर बरकरार हैं।

### अमेरिकी खिलाड़ियों का दबदबा

डब्ल्यूटीए रैंकिंग में चौथे से छठे स्थान तक अमेरिकी खिलाड़ियों का दबदबा देखने को मिला है। इनमें शामिल हैं- अमांडा अनिसिमोवा, कोको गॉफ, जेसिका पेगुला।

### स्वितोलिना की टॉप–10 में वापसी

ऑस्ट्रेलियन ओपन के सेमीफाइनल में हार झेलने वाली एलेना स्वितोलिना को भी रैंकिंग में फायदा मिला है। वह दो पायदान ऊपर चढ़कर 10वें स्थान पर पहुंच गई हैं।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com


## न्यूज बाइट्स

### सुरक्षित औरंगाबाद के लक्ष्य के तहत संध्या में सघन वाहन जांच

**औरंगाबाद (एसवीवी . सं.)।,** जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में आपराधिक घटनाओं पर प्रभावी रोकथाम और मद्यनिषेध कानून को और सख्ती से लागू करने के उद्देश्य से बुधवार संध्या के समय कई स्थानों पर सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान पुलिस बल द्वारा दोपहिया एवं चारपहिया वाहनों की गहन जांच की गई, साथ ही संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ भी की गई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इस विशेष अभियान का उद्देश्य जिले में कानून-व्यवस्था को मजबूत करना, शराब तस्करी पर अंकुश लगाना और आम नागरिकों में सुरक्षा की भावना को और सुदृढ़ करना है। जांच के दौरान वाहनों के कागजात, ड्राइविंग लाइसेंस और शराब सेवन की भी जांच की गई। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया कि इस तरह के अभियान आगे भी नियमित रूप से चलाए जाएंगे, ताकि अपराधियों पर लगाम लगाई जा सके और जिले को सुरक्षित बनाया जा सके।

### पदाधिकारियों ने शोकाकुल परिवारों से मिलकर जताई संवेदना

**देव (औरंगाबाद) (नि . सं.)।** जिले के देव प्रखंड अंतर्गत भैरोपुर निवासी राज पाठक के बड़े चाचा श्याम सुंदर पाठक का निधन शनिवार को हो गया, जबकि देव प्रखंड के धनाडी निवासी एवं भाजपा के युवा नेता अनूप मिश्रा के चाचा का निधन रविवार को हुआ। दोनों के निधन से क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है। निधन की सूचना मिलने के बाद बुधवार को संज्ञा समिति के जिला अध्यक्ष अशोक पांडेय, जिला उपाध्यक्ष उज्जवल रंजन, संयोजक सह पत्रकार अजीत मिश्रा एवं कार्यालय प्रभारी पंडित रौशन मिश्रा ने दोनों शोक-संतप्त परिवारों से मुलाकात कर गहरी संवेदना व्यक्त की। समिति के पदाधिकारियों ने दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की और शोकाकुल परिजनों को इस दुःख की घड़ी में धैर्य एवं संबल प्रदान करने की कामना की।इ इस दौरान उपस्थित लोगों ने कहा कि दिवंगत व्यक्तियों का सामाजिक जीवन प्रेरणादायी रहा है, जिसे हमेशा स्मरण किया जाएगा। समिति ने शोकग्रस्त परिवारों के प्रति अपनी पूर्ण सहानुभूति प्रकट की।

### आठ फरवरी से बिहार यात्रा पर निकलेंगे प्रशांत किशोर

**पटना (नि . सं.)।** बिहार बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में करारी हार झेलने के बाद प्रशांत किशोर अपनी जन सुराज पार्टी को नए सिरे से खड़ा करने की कवायद में जुट गए हैं। इसके लिए वे 8 फरवरी से बिहार यात्रा पर निकलेंगे। इस दौरान वे विभिन्न जिलों का दौरा कर पार्टी के पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। जन सुराज ने पीके की बिहार यात्रा के प्रथम चरण का कार्यक्रम जारी कर दिया है। इसकी शुरुआत पश्चिम चंपारण जिले से होगी। प्रशांत किशोर की बिहार यात्रा का पहला चरण 8 से 13 फरवरी तक चलेगा। पहले दिन वे पश्चिम चंपारण जिले के बगहा में मीटिंग करेंगे। 9 फरवरी को बेतिया में बैठक होगी। फिर 10 फरवरी को वे मोतिहारी (पूर्वी चंपारण), 11 को दरभंगा, 12 को मुजफ्फरपुर और 13 को वैशाली जिले के दौरे पर रहेंगे। बिहार चुनाव में प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी ने अकेले ही सभी सीटों पर चुनाव लड़ा था, लेकिन एक भी सीट पर जीत नहीं दर्ज कर पाई थी।

मेडिकल व्यवसायी हत्याकांड का पुलिस ने किया उद्भेदन

# भाड़े के शूटरों ने दिया था वारदात को अंजाम, चार गिरफ्तार

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



शहर के चर्चित मेडिकल व्यवसायी हत्याकांड का पुलिस ने सफल उद्भेदन कर लिया है। इस मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों ने पूछताछ में स्वीकार किया है कि दवा व्यवसायी की हत्या भाड़े के शूटरों के माध्यम से कराई गई थी। पुलिस ने आरोपियों के पास से हथियार, कारतूस और मोबाइल फोन भी बरामद किए हैं। औरंगाबाद सदर के प्रभारी एसडीपीओ सह ट्रैफिक पुलिस उपाधीक्षक मनोज कुमार ने बुधवार शाम प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि 30 जनवरी की देर शाम शहर के नवाडीह मोड़ के पास बाइक सवार अपराधियों ने दवा व्यवसायी मो. जुनैद अहमद की गोली मारकर हत्या कर दी थी। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल ने स्वयं घटनास्थल का निरीक्षण किया था और तत्काल एक विशेष जांच टीम (एसआईटी) का गठन किया गया था। पुलिस ने एफएसएल टीम से घटनास्थल की जांच कराई और मृतक के परिजनों के फर्दबयान के आधार पर औरंगाबाद नगर थाना में प्राथमिकी संख्या 90/26 दर्ज की गई। एसआईटी ने सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी साक्ष्य और ह्यूमन इंटेलिजेंस के आधार पर कार्रवाई करते हुए सबसे पहले शहर के बाइपास ओवरब्रिज के पास से तीन आरोपियों—मो. दानिश आलम, मो. रागीब और फरहान खानको गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान दानिश आलम ने खुलासा किया कि मेडिकल व्यवसायी की हत्या भाड़े के शूटर शहजाद हुसैन उर्फ 'मिस्टर' से कराई गई थी और इस साजिश में मो. रागीब और फरहान खान की अहम भूमिका थी। आरोपी ने यह भी बताया कि हत्या में प्रयुक्त हथियार उसके अलीनगर स्थित घर में छिपाकर रखे गए हैं। इसके बाद पुलिस ने छापेमारी कर दो देशी पिस्टल, एक देशी कट्टा, 129 जिंदा कारतूस और छह मैगजीन बरामद की। इसके बाद पुलिस को सूचना मिली कि मुख्य शूटर शहजाद हुसैन उर्फ मिस्टर दाउदनगर से फरार होने की फिराक में है। एसआईटी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दाउदनगर थाना क्षेत्र के तरारी पुल के पास से उसे गिरफ्तार कर लिया। शूटर ने स्वीकार किया कि हत्या के लिए उसे बाइक, हथियार और गोलियां उपलब्ध कराई गई थीं।

पुलिस के अनुसार, इस मामले में पहले ही 31 जनवरी को एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा चुका है। अब तक गिरफ्तार चारों अभियुक्तों ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। सभी को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। गिरफ्तार अभियुक्तों में वार्ड-13 अलीनगर निवासी मो. दानिश आलम (20), अलीनगर निवासी मो. रागीब (21), गया जिले के इमामगंज थाना क्षेत्र के कुईबार निवासी फरहान खान (20) और रोहतास जिले के मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के विसनपुरा निवासी शहजाद हुसैन उर्फ मिस्टर (26) शामिल हैं। पुलिस ने इनके पास से कुल दो देशी पिस्टल, एक देशी कट्टा, 129 जिंदा कारतूस, छह मैगजीन और नौ मोबाइल फोन बरामद किए हैं।

# निर्माणाधीन बाइपास पर डिवाइडर से टकराई बाइक, युवक की हुई मौत

- मृतक की पहचान कुटुंबा थाना क्षेत्र के वर्मा गांव निवासी त्रिपुरारी कुमार (30) के रूप में हुई।
- त्रिपुरारी कुमार बेंगलुरु में मजदूरी का काम करता था और हाल में घर आया था।



एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

जिले में एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। घटना बिहार–झारखंड सीमा क्षेत्र के सिमरी कला गांव के पास निर्माणाधीन बाइपास की है, जहां बाइक सवार युवक डिवाइडर से टकरा गया। मृतक की पहचान कुटुंबा थाना क्षेत्र के वर्मा गांव निवासी त्रिपुरारी कुमार (30) के रूप में की गई है, जो बेंगलुरु में मजदूरी का काम करता था। मृतक के पिता दिलीप पासवान ने बताया कि त्रिपुरारी मंगलवार की देर शाम बाइक से हरिहरगंज बाजार गया था। लौटते समय सड़क जाम होने के कारण वह बाइपास होकर घर आ रहा था। इसी दौरान निर्माणाधीन बाइपास पर डिवाइडर के पास पड़े पत्थर पर नजर नहीं पड़ने से बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

देर रात होने के कारण काफी देर तक वह घटनास्थल पर ही पड़ा रहा। बाद में राहगीरों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने क्षतिग्रस्त बाइक को जब्त कर लिया है। कुटुंबा थाना अध्यक्ष इमरान आलम ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## एनएच-19 पर सड़क हादसा, बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल

निज संवाददाता | बारूण (औरंगाबाद)

जिले के बारुण बाजार के पास राष्ट्रीय राजमार्ग-19 पर बुधवार को एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की चपेट में आकर बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा उस समय हुआ, जब दोनों युवक एक ही बाइक पर सवार होकर बाजार से अपने घर लौट रहे थे। दुर्घटना के बाद कुछ देर के लिए एनएच-19 पर यातायात बाधित हो गया, जिससे सड़क के दोनों ओर वाहनों की कतार लग गई। घायलों की पहचान बारुण थाना क्षेत्र के बगनाहा गांव निवासी छोटू कुमार और सिंदुरिया गांव निवासी शुभम कुमार के रूप में की गई है। परिजनों के अनुसार दोनों युवक आपस में गहरे मित्र हैं और किसी आवश्यक कार्य से बारुण बाजार गए थे। लौटने के दौरान एनएच-19 पर एक तेज रफ्तार वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि वाहन चालक मौके से फरार हो गया।

## फाइलेरिया उन्मूलन अभियान की रणनीति तय, 10 से 24 फरवरी तक घर-घर दवा देंगी आशा कार्यकर्ता

निज संवाददाता | हसपुरा (औरंगाबाद)



जिले के हसपुरा प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभागार में बुधवार को फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर रणनीतिक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी कुणाल कामख्या नारायण ने की, जिसमें 10 फरवरी से शुरू होने वाले सर्वजन दवा सेवन (एमडीए) अभियान की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अभियान के तहत प्रखंड क्षेत्र में कुल 1 लाख 68 हजार 858 लोगों को फाइलेरिया रोधी दवा खिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। बैठक में जानकारी दी गई कि अभियान के पहले चरण में 10 फरवरी से 24 फरवरी तक आशा कार्यकर्ता घर-घर जाकर दो वर्ष से अधिक आयु के सभी पात्र व्यक्तियों को फाइलेरिया की दवा खिलाएंगी। इसके बाद 25 फरवरी से 27 फरवरी तक प्रखंड के सभी स्कूलों में बूथ लगाकर शिक्षकों और बच्चों को दवा दी जाएगी। संचारी रोग कार्यक्रम पदाधिकारी (पिरामल) अताउल्लाह खान ने बताया कि घर-घर दवा वितरण के बाद स्कूल आधारित अभियान से शत-प्रतिशत कवरेज सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाएगा।

प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी कुणाल कामख्या नारायण ने लोगों से अपील की कि वे दवा सेवन में किसी तरह की हिचक न दिखाएं, क्योंकि यह दवा पूरी तरह सुरक्षित है और हाथी पांव (फाइलेरिया) जैसी गंभीर बीमारी से बचाव के लिए आवश्यक है। उन्होंने स्पष्ट किया कि दवा का सेवन खाली पेट नहीं करना चाहिए। वहीं यह भी बताया गया कि दो वर्ष से कम आयु के बच्चे, गर्भवती महिलाएं, गंभीर रूप से बीमार व्यक्ति तथा 15 दिन से कम आयु के शिशु को स्तनपान कराने वाली महिलाएं इस दवा के दायरे में नहीं आएंगी।

स्वास्थ्य प्रबंधक मनीष कुमार ने बताया कि अभियान के दौरान किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए रैपिड रिस्पांस टीम को सतर्क रखा जाएगा। बीसीएम सूरज कुमार ने आशा फैसिलिटेटरों को क्षेत्र भ्रमण कर संध्याकालीन बैठकों में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने और अभियान में किसी भी तरह की लापरवाही न बरतने का निर्देश दिया। बैठक में महिला पर्यवेक्षिका पूनम कुमारी, परिवार नियोजन सलाहकार संतोष कुमार, जीविका से सरिता कुमारी, धर्मेंद्र कुमार तथा विश्व स्वास्थ्य संगठन से दयानंद कुमार सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी और अधिकारी उपस्थित रहे।

## जेई से मारपीट मामले में मुखिया गिरफ्तार कोर्ट से तत्काल जमानत पर रिहा

निज संवाददाता | देव (औरंगाबाद)



औरंगाबाद (रासासं)। देव प्रखंड के दुलारे पंचायत अंतर्गत पथरा गांव में निर्माणाधीन अंबेडकर आवासीय विद्यालय में कार्य की गुणवत्ता को लेकर हुए विवाद के मामले में पुलिस ने पंचायत के मुखिया बिजेंद्र यादव को गिरफ्तार किया, हालांकि न्यायालय से उन्हें तुरंत जमानत मिल गई। मामला भवन निर्माण विभाग के कनीय अभियंता सुशील कुमार के साथ कथित मारपीट से जुड़ा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मुखिया बिजेंद्र यादव ने निर्माणाधीन विद्यालय भवन की गुणवत्ता को खराब बताते हुए इसका विरोध किया था। इसी दौरान आवेश में आकर कनीय अभियंता के साथ मारपीट किए जाने का आरोप लगा, जिसके आधार पर ढिबरा थाना पुलिस ने मंगलवार की देर शाम मुखिया को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद बुधवार को उन्हें औरंगाबाद के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी (सीजेएम) के न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

न्यायालय में मुखिया के अधिवक्ताओं ने दलील दी कि दर्ज धाराएं जमानतीय हैं और मुखिया कोई आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्ति नहीं हैं, बल्कि एक जनप्रतिनिधि के रूप में अपने कर्तव्य का निर्वहन कर रहे थे। अधिवक्ताओं की दलीलों को सुनने के बाद सीजेएम ने मुखिया को जमानत दे दी, जिसके बाद वे तत्काल रिहा हो गए। रिहाई के बाद मुखिया बिजेंद्र यादव ने कहा कि कनीय अभियंता द्वारा उनके खिलाफ दर्ज कराया गया मामला पूरी तरह झूठा और दुर्भावनापूर्ण है। उन्होंने आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि निर्माण कार्य में गड़बड़ी का विरोध करने के कारण उन्हें फंसाया गया है। मुखिया ने कहा कि उन्हें न्यायालय पर पूरा भरोसा था और कोर्ट ने जमानत देकर उनके साथ न्याय किया है।

वहीं, मुखिया संघ के जिलाध्यक्ष सुजीत कुमार सिंह ने भी इस कार्रवाई की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि यह पूरी तरह एक साजिश है, जिसके तहत मुखिया पर झूठा मुकदमा दर्ज कराया गया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मुखिया को अपने पंचायत क्षेत्र में चल रही सरकारी योजनाओं के निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच करने का अधिकार है। इसी अधिकार के तहत मुखिया ने अंबेडकर आवासीय विद्यालय के निर्माण कार्य की समीक्षा की थी। मुखिया संघ ने मांग की है कि वरीय अधिकारी पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराएं और यदि निर्माण कार्य में अनियमितता पाई जाती है तो दोषी कनीय अभियंता के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि सत्य को परेशान किया जा सकता है, लेकिन पराजित नहीं किया जा सकता।

### पूर्व सांसद ने मो. जुनैद की हत्या से शोकाकुल परिवार से मिलकर दी सांत्वना



**औरंगाबाद (एसवीवी. सं.)।** शहर के नावाडीह मुहल्ला निवासी मो. खलील जी के सुपुत्र मो. जुनैद की हत्या की सूचना मिलने पर पूर्व सांसद सुशील सिंह उनके आवास पहुंचे। उन्होंने शोक-संतप्त परिजनों से मुलाकात कर गहरी संवेदना व्यक्त की और इस दुःखद घड़ी में परिवार के साथ खड़े रहने का भरोसा दिलाया।

पूर्व सांसद ने परिजनों को ढांढस बंधाते हुए कहा कि मो. जुनैद एक शांत, सरल और मिलनसार स्वभाव के व्यक्ति थे, जिनका असमय निधन समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने भी दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की तथा शोकाकुल परिवार को इस कठिन समय में धैर्य और संबल प्रदान करने की कामना की।

## कार से 63 लीटर देसी शराब बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार

निज संवाददाता | बारून (औरंगाबाद)

जिले में शराब तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे सघन अभियान के तहत बारून थाना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। गेमन पुल चेकपोस्ट पर वाहन जांच के दौरान पुलिस ने एक आई-20 स्पोर्ट्स कार से 63 लीटर देसी शराब बरामद की है। इस कार्रवाई में दो अंतरराज्यीय शराब तस्करों को मौके से गिरफ्तार किया गया है। थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने बताया कि बुधवार की शाम करीब पांच बजे गेमन पुल चेकपोस्ट पर नियमित वाहन जांच की जा रही थी। इसी दौरान एक आई-20 स्पोर्ट्स कार को संदिग्ध गतिविधियों के आधार पर रोका गया। चालक और सहयात्री की घबराहट को देखते हुए पुलिस ने वाहन की गहन तलाशी ली। तलाशी के दौरान कार के दरवाजों के भीतर, डिक्की और सीटों के नीचे विशेष रूप से बनाए गए स्थानों से 200 एमएल की कुल 315 बोतल देसी शराब बरामद की गई। जब्त शराब की कुल मात्रा 63 लीटर आंकी गई है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार शराब को इस तरह छिपाया गया था कि सामान्य जांच में उसका पता लगना मुश्किल था। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रोहतास जिले के डालमियानगर निवासी प्रभाकर कुमार और झारखंड के पलामू जिले के मोहम्मदगंज निवासी प्रेम कुमार के रूप में की गई है। प्रारंभिक पूछताछ में दोनों ने स्वीकार किया कि शराब की यह खेप झारखंड से बिहार लाई जा रही थी, जिसे ऊंचे दामों पर खपाने की योजना थी।

पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर शराब तस्करी में प्रयुक्त एक बाइक भी जब्त की है, जिसका उपयोग सप्लाई नेटवर्क में किया जा रहा था। पुलिस का मानना है कि यह गिरोह संगठित रूप से अंतरराज्यीय शराब तस्करी में संलिप्त है और इसके पीछे एक बड़ा नेटवर्क सक्रिय हो सकता है। मामले में बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। पुलिस आगे की जांच में यह पता लगाने में जुटी है कि इस तस्करी में और कौन-कौन लोग शामिल हैं तथा शराब की खेप कहां पहुंचाई जानी थी।

## भव्य जलयात्रा के साथ पंचदिवसीय श्री शतचंडी महायज्ञ का शुभारंभ, आठ फरवरी तक चलेगा आयोजन

निज संवाददाता | रफीगंज (औरंगाबाद)



औरंगाबाद जिले के रफीगंज नगर स्थित लोहार गली देवी स्थान परिसर में नवनिर्मित मंदिर में देवी प्राण-प्रतिष्ठा सह पंचदिवसीय श्री शतचंडी महायज्ञ का शुभारंभ बुधवार को भव्य जलयात्रा के साथ हुआ। इस अवसर पर गाजे-बाजे और घोड़े के साथ निकाली गई जलयात्रा में सैकड़ों महिला-पुरुष श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूरा क्षेत्र 'जय माता दी' के जयकारों से गूंज उठा और वातावरण भक्तिमय हो गया। जलयात्रा देवी मंडप से प्रारंभ होकर महाराजगंज और बस स्टैंड होते हुए महादेव घाट पहुंची, जहां यज्ञाचार्य पं. परमेश्वर शुक्ल, उपाचार्य पं. राकेश उपाध्याय सहित अन्य आचार्यों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलश में पवित्र जल भरने की रस्म संपन्न कराई। इसके पश्चात श्रद्धालु पुनः बस स्टैंड और मुख्य बाजार से होते हुए यज्ञशाला पहुंचे। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। यज्ञाचार्य मंडल में पं. परमेश्वर शुक्ल, पं. राकेश उपाध्याय, अनुप मिश्र, रंजीत उपाध्याय, सुकेश उपाध्याय, सरोज मिश्र, संत पांडेय, विपिन मिश्र एवं पंकज उपाध्याय शामिल हैं, जबकि महायज्ञ के मुख्य यजमान नरेश प्रसाद, गोपाल प्रसाद, राजू कुमार और कुंदन कुमार हैं। पंचदिवसीय श्री शतचंडी महायज्ञ 4 फरवरी से 8 फरवरी तक आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के अनुसार 5 फरवरी को वेदियों का पूजन, 6 फरवरी को मंडप पूजन, 7 फरवरी को नगर भ्रमण तथा 8 फरवरी को मां भगवती की प्राण-प्रतिष्ठा एवं हवन के साथ महायज्ञ का समापन होगा।

महायज्ञ के दौरान प्रतिदिन झांसी की प्रसिद्ध कथा वाचिका उषा रामायणी द्वारा प्रवचन प्रस्तुत किया जाएगा, साथ ही श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन भी होगा। यज्ञ मंडप का निर्माण वाराणसी के कारीगरों द्वारा किया गया है। मंदिर से महाराजगंज, स्टेशन और मुख्य बाजार तक आकर्षक सजावट, माइक और लाइटिंग की विशेष व्यवस्था की गई है।

कार्यक्रम को सफल बनाने में आयोजन समिति के अध्यक्ष कौशल विश्वकर्मा, सचिव अरुण विश्वकर्मा सहित समिति के अन्य सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे और धार्मिक आयोजन में अपनी सहभागिता निभाई।

## अवैध गिट्टी परिवहन पर बड़ी कार्रवाई 12 चक्का ट्रक जब्त, प्राथमिकी दर्ज

- संबंधित भट्ठा मालिक के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की सुसंगत धाराओं में भी प्राथमिकी दर्ज।

निज संवाददाता | रफीगंज (औरंगाबाद)

अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत खान विभाग ने रफीगंज थाना क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई की है। शिवगंज पथ पर जांच के दौरान खान विभाग की टीम ने गिट्टी लदे एक 12 चक्का ट्रक को रोका, लेकिन वाहन चालक खनिज परिवहन से संबंधित कोई वैध चालान प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके बाद मामले की सूचना रफीगंज थाना को दी गई। जिला खान निरीक्षक कुमार प्रत्युष ने ट्रक और उसके संचालक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई। जब्त किया गया वाहन 12 चक्का ट्रक (नंबरः जेएच-10-बीडी-7714) बताया गया है। पुलिस ने चालक को हिरासत में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी। खान निरीक्षक के अनुसार यह कृत्य बिहार खनिज समानुदान, अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण निवारण नियमावली 2019 के नियम 11, 34 एवं 38 तथा संशोधित नियमावली 2024 के नियम 56 का स्पष्ट उल्लंघन है, जो दंडनीय अपराध की श्रेणी में आता है। अवैध रूप से भट्ठा संचालन और खनिज परिवहन के कारण बिहार सरकार को राजस्व की क्षति हुई है, जिसकी वसूली संबंधित भट्ठा संचालकों से की जाएगी।

मामले में संबंधित भट्ठा मालिक के विरुद्ध उपरोक्त नियमावली के साथ-साथ भारतीय न्याय संहिता की सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। साथ ही भट्ठा के संचालन, पकाई, पथाई एवं बिक्री पर तत्काल रोक लगा दी गई है। इस संबंध में अनुसंधानकर्ता कुशो कुमार ने बताया कि ट्रक चालक को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है और मामले में आगे की कानूनी प्रक्रिया जारी है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनन और खनिज परिवहन के खिलाफ अभियान आगे भी सख्ती से जारी रहेगा।

## जिला विधिज्ञ संघ में अधिवक्ता बनारसी प्रसाद की मनाई गई 11वीं पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



जिला विधिज्ञ संघ, औरंगाबाद के परिसर में बुधवार को दीवानी मामलों के वरीय विधिवेता एवं प्रसिद्ध अधिवक्ता स्वर्गीय बनारसी प्रसाद की 11वीं पुण्यतिथि श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के महासचिव जगनारायण सिंह ने की, जबकि संचालन दिवंगत बनारसी बाबू के पुत्र अधिवक्ता संदीप कुमार ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत स्वर्गीय बनारसी प्रसाद के चित्र पर माल्यार्पण से हुई। इसके बाद उपस्थित अधिवक्ताओं ने उनके व्यक्तित्व, कृतित्व और विधि क्षेत्र में दिए गए योगदान को स्मरण किया। वक्ताओं ने कहा कि स्वर्गीय बनारसी प्रसाद न केवल एक कुशल और ईमानदार अधिवक्ता थे, बल्कि वे जूनियर अधिवक्ताओं के लिए मार्गदर्शक और प्रेरणास्त्रोत भी रहे। न्याय के प्रति उनकी निष्ठा और सादगीपूर्ण जीवन आज भी अधिवक्ता समाज के लिए आदर्श है। पुण्यतिथि कार्यक्रम में वरीय अधिवक्ता महेंद्र प्रसाद सिंह, कोषाध्यक्ष प्रदीप कुमार, सरोज रंजन सिंहा, मधुसूदन प्रसाद, अरविंद, रविकांत वर्मा, सतीश कुमार सिंह, वीरेंद्र कुमार सिंह, वीरेंद्र कुमार, अनील कुमार सिंहा, विनय द्विवेदी, कमलेश कुमार सिंह एवं सतीश कुमार स्नेही सहित कई अधिवक्ता उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में स्वर्गीय बनारसी प्रसाद के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

### 15 लीटर देशी शराब के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

**औरंगाबाद (एसवीवी. सं.)।** गुप्त सूचना के आधार पर बिहार पुलिस ने जिले के औरंगाबाद अंतर्गत मुफ्फसिल थाना क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध शराब तस्करी के एक मामले का खुलासा किया है। पुलिस को मिली पुख्ता जानकारी के बाद मुफ्फसिल थाना की टीम ने थाना क्षेत्र के ग्राम नरसिम्हा में छापेमारी की। इस दौरान मौके से कुल 15 लीटर देशी शराब बरामद की गई, वहीं एक शराब तस्कर को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार तस्कर के विरुद्ध बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। साथ ही, शराब की आपूर्ति श्रृंखला और इससे जुड़े अन्य लोगों की पहचान के लिए पूछताछ जारी है।

## औरंगाबाद जिले के युवा जानेंगे दूसरे राज्यों की संस्कृति, ओडिशा में होगा अंतर-राज्य युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

Mera Yuva Bharat (MY Bharat)
Ministry of Youth Affairs & Sports
Government of India

जिले के युवाओं के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर सामने आया है, जिसके तहत उन्हें देश के अन्य राज्यों की संस्कृति, परंपरा और सामाजिक गतिविधियों को नजदीक से जानने का मौका मिलेगा। मेरा युवा भारत (माय भारत) की जिला युवा अधिकारी दिव्या शर्मा ने जानकारी दी कि वर्ष 2025–26 के अंतर्गत पांच दिवसीय अंतर-राज्य युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम का आयोजन 20 फरवरी 2026 से 24 फरवरी 2026 तक गोपालपुर-ऑन-सी, जिला गंजाम, ओडिशा में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को विभिन्न राज्यों की सांस्कृतिक विविधताओं, परंपराओं और सामाजिक जीवन से परिचित कराना तथा राष्ट्रीय एकता और आपसी सद्भाव को मजबूत करना है। इस आदान-प्रदान कार्यक्रम के लिए औरंगाबाद जिले से कुल सात युवा प्रतिभागियों का चयन किया जाएगा।

चयन प्रक्रिया से संबंधित जानकारी देते हुए दिव्या शर्मा ने बताया कि आवेदक का मेरा भारत से संबद्ध किसी युवा क्लब का सक्रिय सदस्य होना अनिवार्य है। प्रतिभागी की आयु 15 से 29 वर्ष के बीच होनी चाहिए और मेरा भारत पोर्टल पर पंजीकरण भी आवश्यक है। इसके साथ ही सामाजिक कार्यों में सक्रिय सहभागिता का प्रमाणित अनुभव होना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जो युवा पहले किसी भी अंतर-राज्य युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम या आउट-स्टेशन विशेष शिविर में भाग ले चुके हैं, वे इस कार्यक्रम के लिए पात्र नहीं होंगे। महिलाओं, वंचित वर्गों और जनजातीय युवाओं को प्राथमिकता दी जाएगी, जबकि पेशेवर सांस्कृतिक दल या व्यक्ति इस शिविर में भाग लेने के पात्र नहीं होंगे। जिला युवा अधिकारी ने बताया कि जो युवा इस कार्यक्रम में भाग लेने के इच्छुक हैं, वे आगामी 6 फरवरी तक जिला कार्यालय में संपर्क कर आवश्यक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने युवाओं से इस अवसर का लाभ उठाने और राष्ट्रीय एकता को सशक्त करने में अपनी भूमिका निभाने की अपील की।